# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-319 | रविवार, 24 दिसम्बर 2023 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद के प्रणेता इन मनीषियों की पावन स्मृति में आयोजित यह महाकुंभ, उनके महान जीवन के प्रति हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है। इस महाकुंभ के माध्यम से वेद विज्ञान को सशक्त करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जगदीप धनखड़

चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मोदी ने दी श्रद्धांजलि 11

डॉ. अरविंद इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल 12

## संक्षेप

### आज व 31 दिसम्बर को एक घण्टे ज्यादा बिकेगी शराब व बीयर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष पर्व के अवसर पर क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रविवार 24 दिसम्बर और रविवार 31 दिसम्बर को शराब व बीयर की बिक्री एक घंटे ज्यादा होगी। आबकारी आयुक्त सेंथिल पाण्डियन सी. ने इस बारे में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 24 और 31 दिसम्बर को प्रदेश में शराब व बीयर की दुकानों से फुटकर बिक्री रात 10 बजे के बजाए 11 बजे तक होगी।

### छह अपर पुलिस अधीक्षकों का तबादला

**लखनऊ।** शासन ने प्रांतीय पुलिस सेवा के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) स्तर के छह अफसरों का शुक्रवार को देर रात तबादला कर दिया। इसमें राजेन्द्र कुमार गौतम को डीजीपी का जन संपर्क अधिकारी (पीआरओ) नियुक्त किया गया है। एडीजी प्रशासन नीरा रावत की तरफ से जारी आदेश के अनुसार एएसपी क्षेत्रीय अभिसूचना वाराणसी अयोध्या प्रसाद सिंह को एएसपी यातायात-प्रोटोकाल अयोध्या, एएसपी यातायात-प्रोटोकाल अयोध्या राजेन्द्र कुमार गौतम को पीआरओ डीजीपी लखनऊ, एएसपी नगर इटावा कपिल देव सिंह को एएसपी पीएसी मुख्यालय लखनऊ तथा एएसपी सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ निवेश कटियार को एएसपी क्राइम गोरखपुर के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। पीआरओ डीजीपी के पद से पुलिस भर्ती बोर्ड में एएसपी पद पर स्थानान्तरणाधीन अभय नाथ त्रिपाठी का स्थानान्तरण निरस्त करते हुए उन्हें एएसपी नगर इटावा के पद पर भेजा गया है। इसी तरह एएसपी मुख्यमंत्री सुरक्षा लखनऊ के पद से एएसपी नगर गाजीपुर के पद पर स्थानान्तरणाधीन असित श्रीवास्तव का स्थानान्तरण निरस्त कर दिया गया है। वह एएसपी मुख्यमंत्री सुरक्षा के पद पर बने रहेंगे।

### ओटीएस का 37 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने लिया लाभ

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि एकमुश्त समाधान योजना न सिर्फ उपभोक्ताओं बल्कि ऊर्जा विभाग के लिए भी लाभप्रद साबित हो रही है। योजना के तहत 08 नवंबर से 23 दिसंबर तक 37.60 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ मिला है। इससे विभाग को 3900 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व भी प्राप्त हुआ। वहीं उपभोक्ताओं को अब तक 1550 करोड़ का फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी एक सप्ताह से ज्यादा समय बचा है। अंतिम दिनों में भी उपभोक्ता अपने बकाया बिलों और विद्युत चोरी व आरसी जारी होने के मामलों को खत्म करा सकते हैं। वे शनिवार को राजधानी के जल निगम फील्ड हॉस्टल में ओटीएस योजना की प्रगति की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर के बाद ऐसे उपभोक्ताओं पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिनका बिल बकाया होगा या विद्युत चोरी व आरसी के मामले लंबित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि योजना के अंतिम दिनों में पूरी गंभीरता से प्रयास करें, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकें।

# किसान भाजपा सरकार के एजेंडे में पहले स्थान पर : सीएम योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- मुख्यमंत्री ने 51 किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी
- चौधरी साहब कहते थे- जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अन्नदाता किसानों का जीवन बदला। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने किसानों के लिए जो कहा वह कर दिखाया। जब तक किसान गरीब रहेगा देश विकास नहीं कर सकता है। पहली बार किसानों ने महसूस किया कि वे सरकार के एजेंडे का हिस्सा हैं और पहले स्थान पर हैं। यह प्रधानमंत्री ने साढ़े नौ साल में महसूस कराया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने 51 किसानों को ट्रैक्टर दिया गया और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों को 15 किस्त मिली हैं। यूपी के दो करोड़ से ज्यादा किसानों को यह राशि मिली है। कृषि को लाभकारी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। साढ़े छह साल में 2 लाख 25 हजार गन्ना किसानों को भुगतान किया जा चुका है। डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। अब खेती घाटे का सौदा नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न को बढ़ावा दिया जा रहा है। मोटा अनाज के माध्यम से किसानों को संवार रहे हैं। यहां के अन्न को दुनिया में पहुंचाया जा रहा है। किसान के हर सवाल का जवाब अब एप से देने जा रहे हैं। दो करोड़ ड्रोन दीदी तैयार कर रहे हैं। अब ड्रोन से खेत में दवा छिड़काव होगा। इस पर काम हो रहा है। मार्केट में दाम कम हैं तो उपज को वेयर हाउस में रखेंगे। इसे हर ब्लॉक में खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

अब मनुष्य के साथ धरती माता की सेहत की भी देखभाल हो रही है। सीएम ने कहा कि जिन किसानों ने रिकॉर्ड उत्पादन किया है। उन्होंने साबित किया कि तकनीक अपना कर जीवन को संवारा जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों का आह्वान किया कि सफल किसानों की बात अन्य किसानों तक पहुंचाई जाए ताकि लोग समझे कि कुछ भी असंभव नहीं है। सीएम ने कहा कि किसानों के परिश्रम का परिणाम ही है कि विकास दर नौ फीसदी तक पहुंची है। इसे तीन गुना बढ़ाना है। इसके लिए हर तरह की खेती को बढ़ावा देना है। डीजल इंजन को सोलर देंगे। सब्सिडी बढ़ाएंगे। जंगली जानवरों से फसल को बचाने के लिए सोलर फेंसिंग करेंगे। गोवंश को आश्रय स्थल तक पहुंचाएंगे। प्राकृतिक खेती का आधार गोवंश है। गौ माता की सेवा से पुण्य भी मिलेगा और खेती भी बढ़ेगी। हर गोवंश के लिए 15 सौ रुपए भी दिए जाएंगे।

## मजबूत अर्थव्यवस्था, समृद्धि का रास्ता : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

बिजनौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के रूप में विकसित 'भारत संकल्प' यात्रा को लेकर आपके बीच में हम आए हैं, जिसमें युवाओं, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों को विकास की ओर अग्रसर करते हुए सुरक्षा का माहौल प्रदान किया जा रहा है। किसी भी देश या प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था ही समृद्धि का रास्ता है। उक्त विचार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नजीबाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते कही।

उन्होंने गरीब की पीड़ा का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले इलाज के अभाव में गरीब दम तोड़ता था, आज आयुष्मान बीमा के अंतर्गत उसे सुरक्षा प्रदान की गई है। उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ लोग इस योजना से लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि पहले की सरकारें गरीबों को भूखे मार देती थी लेकिन आज उनको निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्हें उपचार तथा वैक्सीन का निःशुल्क प्रदान की जा रही है। इन बातों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये डबल इंजन की सरकार के द्वारा ही संभव हो सका है। मुख्यमंत्री ने रोजगार के संबंध में कहा कि हमारी सरकार ने 1.64 लाख युवाओं की पुलिस में भर्ती ● शेष पेज 11 पर

# 804 इंफ्लेटेबल बोट्स खरीदेगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- घाघरा/सरयू, राप्ती और शारदा नदियों के बेसिन में बसे बाढ़ प्रभावित 22 जिलों के लिए इंफ्लेटेबल बोट्स के लिए 80.40 करोड़ होगा खर्च
- स्थानीय लोगों को दी जाएगी बोट्स चलाने की ट्रेनिंग

लखनऊ। बाढ़ से प्रभावित होने वाले प्रदेश के 22 जिलों को लेकर योगी सरकार ने बड़ा प्लान तैयार किया है। इसके तहत घाघरा-सरयू, राप्ती और शारदा नदियों के बेसिन में बसे 2412 गांवों के लिए 804 इंफ्लेटेबल बोट्स की खरीद का निर्णय लिया है। इसके लिए योगी सरकार 80.40 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके लिए जल्द ही राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि अहम बात यह है कि इन बोट्स का संचालन स्थानीय लोगों द्वारा ही किया जाएगा। इसके एवज में योगी सरकार उन्हें पारश्रमिक भी देगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ और जल भराव को लेकर सेटेलाइट के जरिये पूरे प्रदेश की गहन मैपिंग कराई गई। इसमें पाया गया कि प्रदेश में घाघरा सरयू, राप्ती और शारदा नदियों के बेसिन में बसे 2412 गांव ज्यादात्तर बाढ़ से प्रभावित रहते हैं। इस भूभाग को वर्गीकृत करते हुए उन स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया, जहां बीते 10 से 7 साल में प्रतिवर्ष बाढ़ का प्रकोप झेलना पड़ा। मैपिंग में पाया गया कि 15 सौ किलोमीटर के क्षेत्रफल में बसे इन गांवों को बाढ़ से निपटने के लिए पहले से ही तैयार करना जरूरी है ताकि जनहानि को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। इसके लिए करीब तीन गांवों के बीच एक बोट्स की जरूरत महसूस की गई, जिससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अवगत कराया गया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित 22 जिलों की समस्या को ध्यान में रखते हुए बोट्स की खरीद को हरी झंडी दे दी। राहत इमरजेंसी परियोजना निदेशक अदिति उमराव ने बताया कि बोट्स खरीद की प्रक्रिया को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। इसमें पहले चरण में 6 जिलों बलिया, बलरामपुर, देवरिया, गोंडा, गोरखपुर और भदोही के लिए 400 बोट्स खरीदी जाएंगी जबकि दूसरे चरण में शेष 16 जिलों के लिए 404 बोट्स खरीदी जाएंगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बोट्स की खरीद के लिए समिति में एसडीआरएफ के एक अधिकारी को तकनीकी सदस्य के रूप में नामित किया जाएगा। साथ ही इन बोट्स की खरीद के लिए स्पेसिफिकेशन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कोस्ट गार्ड और एनडीआरएफ से प्राप्त किए जाएंगे। वहीं इन बोट्स के देखभाल की जिम्मेदारी संबंधित लेखपाल को दी जाएगी, जिन्हें टीन का बॉक्स उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें वह रेस्क्यू के बाद सारी सामग्री सुरक्षित रखेंगे। इस बॉक्स को पंचायत भवन व अन्य स्थानीय शासकीय भवन में रखा जाएगा। ● शेष पेज 11 पर

# लोकसभा चुनाव से पहले कई राज्यों में कांग्रेस प्रभारी बदले

एजेंसी



- प्रियंका महासचिव बनी रहेंगी, यूपी का जिम्मा अविनाश पांडे को मिला
- पायलट को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन में बड़ा बदलाव किया है। उत्तर प्रदेश का प्रभार संभाल रहीं प्रियंका गांधी की जगह अब अविनाश पांडे लेने जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान अविनाश पांडे यूपी में कांग्रेस के प्रभारी होंगे। वहीं सचिन पायलट को भी कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सचिन पायलट को पार्टी ने छत्तीसगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने रमेश चेन्निथला को महाराष्ट्र का प्रभारी नियुक्त किया है।

राज्यों में प्रभार के बदलाव को लेकर कांग्रेस ने एक लिस्ट जारी किया है। लिस्ट के मुताबिक, मुकुल वासनिक को गुजरात का चार्ज दिया गया है। जितेंद्र सिंह असम के साथ-साथ मध्य प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। रणदीप सिंह सुरजेवाला को कर्नाटक भेजा गया है। इस लिस्ट के मुताबिक प्रियंका गांधी को भी पोर्टफोलियो नहीं दिया गया है।

कांग्रेस द्वारा जारी की गई नए प्रभारियों की लिस्ट के मुताबिक, कुमारी सैलजा को उत्तारखंड का और जीए मीर को झारखंड के साथ-साथ पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभाव सौंपा गया है। दीपक बबरिया दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। अन्य नामों की बात करें तो जयराम रमेश को संचार, मोहन प्रकाश को बिहार, राजीव शुक्ला को हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़, देवेंद्र यादव को पंजाब का प्रभार सौंपा गया है।

## सात सजा के खिलाफ आजम की अपील खारिज

रामपुर। उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले की एक विशेष अदालत ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की सात सात साल की सजा के खिलाफ अपील को खारिज कर दिया जबकि पड़ोसी पर जानलेवा हमले के मामले में आजम और उनके भाई समेत सभी चार आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। सुनवाई के दौरान आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, उनके भाई शरीफ अहमद खान कोर्ट में हाजिर हुए जबकि आजम की पत्नी डा तजीन फातिमा नहीं पहुंची। आजम को सीतापुर जेल से वज्र वाहन में लाया गया। उनके साथ अब्दुल्ला आजम भी कड़ी सुरक्षा में साथ लाए गए। आजम को कड़ी सुरक्षा में करीब सवा दो बजे लाया गया। पड़ोसी पर जानलेवा हमले का संपूर्ण परीक्षण सत्र न्यायालय में हुआ। कोर्ट में हाजिरी के दौरान उनकी अपील को खारिज कर दिया गया। साथ ही दूसरे पड़ोसी पर जानलेवा हमले में आजम खान, अब्दुल्ला आजम, भाई शरीफ अहमद खान और उनके बेटे बिलाल खान को बरी कर दिया गया। इस मौके पर अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि आजम खान की सजा के खिलाफ ● शेष पेज 11 पर

# संपूर्ण भारत को एकसूत्र में पिरोएगा 'अयोध्या उत्सव'

**उपलब्धि**

- भारत के इतिहास में सबसे बड़े ग्रैंड इवेंट के लिए जाना जाएगा वर्ष 2024
- अयोध्या उत्सव में लोक संस्कृति और कला की झलक
- 25 दिसम्बर तक सांस्कृतिक सुरों में बहेगी भक्ति की रसधार



एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी अयोध्या ही नहीं बल्कि विश्वभर में है। देश की एकमात्र बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार, श्रीअयोध्या न्यास एवं प्रज्ञा की ओर से भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), इंडियन ओवरसीज बैंक, डॉ. अमृतलाल इशरत मेमोरियल सनबीम स्कूल, गेल और पेटीएम के सहयोग से शनिवार को तीन दिवसीय अयोध्या उत्सव का शुभारंभ हुआ।

उत्सव की कड़ी में 25 दिसंबर तक रंगारंग मंच पर सांस्कृतिक सुरों की शाम सजेगी और भक्ति की रसधार बहेगी। अयोध्या उत्सव में लोक संस्कृति और कला की झलक भी दिखेगी। रामकथा और रामायण परंपरा पर आधारित प्रवचनों की शृंखला देखने को मिलेगी। अयोध्या उत्सव का उद्देश्य संपूर्ण देश को एकसूत्र में पिरोने का प्रयास है। श्रीराम सत्संग भवन (श्री मणिराम दास छावनी परिसर) अयोध्या उत्सव का साक्षी बना।

राम हमारी प्रेरणा हैं, राम हमारी आस्था हैं। राम मंदिर सिर्फ एक मंदिर या पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि तीर्थस्थलों का एक स्तंभ है। श्रीराम की अयोध्या का अर्थ त्याग, लोकतंत्र और सम्मान है। अयोध्या हमेशा से सेवा के प्रति समर्पण की मिसाल रही है। नर सेवा ही नारायण सेवा है, यह यहां के धार्मिक आयोजन में दिखती है। 500 से अधिक वर्ष बाद 22 जनवरी 2024 को गर्व का क्षण होगा जब एक नई और भव्य अयोध्या को देश और दुनिया देखेगी। लम्बे संघर्ष के बाद मंदिर आंदोलन एक निर्णायक स्थिति में परिवर्तित होकर रामराज्य की आधारशिला पुष्ट करते हुए उसके गुणगान को तैयार हो चुका है। भगवान राम साक्षात धर्म के स्वरूप हैं और राम मंदिर पूर्वजों ● शेष पेज 11 पर

# कर्नाटक में अभी हिजाब पर प्रतिबंध हटाया नहीं गया : सिद्दारमैया

एजेंसी



बंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने हिजाब पर प्रतिबंध अभी तक नहीं हटाया है, लेकिन सरकारी स्तर पर चर्चा के बाद इस पर निर्णय लिया जायेगा।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने अभी तक ऐसा (हिजाब प्रतिबंध हटाना) नहीं किया है। किसी ने मुझसे (हिजाब प्रतिबंध हटाने पर) सवाल पूछा था और मैंने जवाब दिया कि सरकार इसे हटाने पर विचार कर रही है। हिजाब प्रतिबंध को हटाने की समयसीमा के बारे में पूछे गये एक सवाल के जवाब में सिद्दारमैया ने कहा, सरकारी स्तर पर चर्चा के बाद ऐसा किया जायेगा। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अगर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो देश में शरिया लागू किया जायेगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ्लकर्नाटक में कांग्रेस सरकार है। वह राज्य में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध हटाना चाहती है। यह केवल हिजाब पर प्रतिबंध हटाना नहीं है, बल्कि राज्य में शरिया कानून की स्थापना है। अगर राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन देश में सरकार बनाते हैं तो इस्लामिक कानून लागू किया जाएगा। श्री सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जहां भी कांग्रेस सरकार शासन कर रही है, वहां शरिया स्थापित करने का प्रयास किया गया है। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने भी कहा कि सिद्दारमैया का बयान कर्नाटक में कांग्रेस की असली मंशा को दर्शाता है। ● शेष पेज 11 पर

**26/11 के क्रूर सच और उसके खौफनाक प्रभाव को देखने से पहले बहुत लोग भ्रम में थे : विदेश मंत्री**

# देश अब दूसरा गाल आगे नहीं करता... देता है जवाब

एजेंसी



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करते समय भारत दूसरा गाल आगे करने के मूड में नहीं है। जयशंकर ने यह भी कहा कि हमारे देश के आजाद होते ही देश में आतंकवाद शुरू हो गया। विदेश मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ''आतंकवाद हमारी आजादी के समय ही शुरू हो गया था, जब तथाकथित हमलावर पाकिस्तान से आए थे। पहले दिन से ही हमने आतंकवाद का सामना किया है और यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हमें पूर्ण स्पष्टता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि, ''आज इस देश में क्या बदल गया है... मुझे लगता है कि मुंबई 26/11, एक टर्निंग पॉइंट था। 26/11 के क्रूर सच और उसके खौफनाक प्रभाव को देखने से पहले बहुत लोग भ्रम में थे।' उन्होंने कहा कि कोई एक गाल पर थप्पड़ मारे तो दूसरा गाल भी बढ़ा दो की नीति अब नहीं काम करने वाली। विदेश मंत्री ने कहा कि, 'अब हमें सबसे पहले उसका जवाब देना चाहिए क्योंकि कुछ लोग कहते हैं कि थप्पड़ लगने पर हमारी 'दूसरा गाल बढ़ाने' की रणनीति बहुत शानदार थी। उन्होंने कहा, न तो अब देश का मूड ऐसा है और न ही मिजाज। मुझे नहीं लगता कि इसका कोई मतलब है। मुझे नहीं लगता कि इसका कोई रणनीतिक मतलब है। अगर कोई सीमा पार आतंकवाद कर रहा है, तो आपको इसका जवाब देना चाहिए। उन्हें इसकी कीमत चुकानी चाहिए। विदेश मंत्री की यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गुरुवार को सेना के वाहनों पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में चार सैनिकों की मौत के बाद आई है। यह घटना तब हुई जब तीन से चार हथियारों से लैस आतंकवादियों ने एक मारुति जिप्सी और सेना के एक ट्रक को निशाना बनाया। हमले के बाद, आतंकवादियों ने कथित तौर पर हमला कर हथियार छीन लिए।

## अमेरिका में हिंदू मंदिर में खालिस्तानियों की कायराना हरकत, भारत ने लगाई लताड़

नई दिल्ली। भारत ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्थित एक प्रमुख हिंदू मंदिर में खालिस्तान समर्थक नारों और भारत विरोधी चित्रों के साथ तोड़फोड़ पर सख्ती जताते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है। यह घटना तब सामने आई जब हिंदू-अमेरिकी फाउंडेशन द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर तस्वीरें साझा की गईं। तस्वीरों में न्यूआर्क के स्वामीनारायण मंदिर वासना संस्था की दीवारों पर भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत भरे नारे लिखे हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत ने इस घटना पर जमकर लताड़ लगाई है। इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ऐसे चरमपंथियों को जगह नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पहले ही इस मामले को अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाया है और जांच चल रही है। उन्होंने कहा, ''मैंने समाचार देखा है। जैसा कि आप जानते हैं, हम इस बारे में चिंतित हैं। भारत के बाहर चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। जो कुछ भी हुआ, उसके बारे में हमारे वाणिज्य दूतावास ने (अमेरिकी) सरकार और वहां की पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है, और विश्वास है कि मामले की जांच की जा रही है। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि इससे भारतीय समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, ''इस घटना ने भारतीय समुदाय की भावनाओं को आहत किया है। हमने इस मामले में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ त्वरित जांच और त्वरित कार्रवाई के लिए दबाव डाला है।'' मंदिर प्रशासन के मुताबिक घटना गुरुवार रात की है। मंदिर के प्रवक्ता, भार्गव रावल ने कहा, ''मंदिर के नजदीक रहने वाले भक्तों में से एक ने इमारत की बाहरी दीवार पर काली स्याही में हिंदू विरोधी और भारत विरोधी भित्तिचित्र देखे, और ● शेष पेज 11 पर

# उत्तर प्रदेश में किसी गरीब की खुले आसमान में नहीं बीतेगी रात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सर्द रातों में उत्तर प्रदेश में कोई भी खुले आसमान में न सोने पाए, इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद स्थानीय निकाय निदेशालय ने नगरीय निकायों में अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को निकायों में निराश्रित एवं दुर्बल वर्ग के आश्रयहीन व्यक्तियों के ठहरने, रुकने के लिए सुरक्षित स्थान प्रदान किए जाने और रैन बसेरों व शेल्टर होम्स के संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। निदेशक डॉ नितिन बंसल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सभी नगरीय निकायों में रैन बसेरों/शेल्टर होम्स को मिशन मोड में सक्रिय किया जाए। निर्देशों में रैन बसेरों के संचालन के विषय में कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके अनुसार, समस्त चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेज, बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों, श्रमिकों के कार्य स्थलों एवं बाजारों में अनिवार्य रूप से शेल्टर होम्स संचालित किए जाएं। आवश्यकतानुसार नए अस्थाई रैन बसेरों का निर्माण भी किया जा सकता है। इसके लिए राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विकास प्राधिकरण आदि द्वारा भी अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाए। रैन बसेरा में ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों जिनके पास ठहरने की सुविधा नहीं है तथा विशेष रूप से जो चिकित्सा एवं रोजगार आदि के लिए बाहर से आए हैं, रहने की सुविधा दी जाए जिससे उन्हें खुले में या सड़क या पटरियों पर न सोना पड़े। दिशा निर्देशों में बताया गया कि रैन बसेरा में रुकने वाले व्यक्तियों को ठंड से बचाने एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समस्त उपाय, जैसे- साफ-सफाई, स्वच्छ बेड शीट, कंबल, गरम पानी, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा सीसीटीवी आदि का प्रबंध किया जाए। बेड शीट, कंबल इत्यादि की सफाई एवं धुलाई नियमित रूप से की जाए।

रैन बसेरा में महिलाओं और पुरुषों के सोने व शौचालय आदि की व्यवस्था अलग-अलग की जाए। जिला प्रशासन के सहयोग से प्रत्येक जरूरतमंद निर्धन व्यक्ति को कंबल आदि उपलब्ध कराए जाएं। समस्त रैन बसेरों में केयर टेकर भी तैनात किए जाएं, जिसका नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर रैन बसेरों के गेट पर अवश्य दर्शाया जाए। प्रत्येक रैन बसेरे के लिए एक उपयुक्त वरिष्ठता के नोडल अधिकारी नामित किया जाए, जिस पर रैन बसेरे के संचालन का उत्तरदायित्व होगा। रात में जनपद, निकाय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया जाए। रैन बसेरों में केयर

### राज्य सरकार ने सभी नगर निकायों में रैन बसेरा और शेल्टर होम्स के संचालन के दिए आदेश

टेकर के पास निरीक्षण रजिस्टर भी रखा जाए जिसमें निरीक्षण अधिकारी अपनी टिप्पणी भी अंकित करें। शीतलहर एवं ठंड से बचाव कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए तथा स्थानीय समाचार पत्रों, इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से इससे संबंधित सूचनाएं प्रसारित कराई जाएं, ताकि शासन द्वारा जनसामान्य को ठंड से बचाव के लिए किए जा रहे व्यापक उपायों की जानकारी हो सके। रैन बसेरा के संचालन के विषयगत सिविल सेवा संगठन, सिविल डिफेंस, विद्यालयों, व्यापार संगठन, औद्योगिक संघ, रेड क्रॉस सोसाइटी इत्यादि का भी परस्पर सहयोग लिया जाए। शीत ऋतु के दृष्टिगत मुख्य बाजार के चौराहों पर अस्पताल, बस स्टेशन, रेल स्टेशन इत्यादि स्थलों पर नियमानुसार अलाव की व्यवस्था की जाए।

## ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता युवा कल्याण विभाग द्वारा कराई गई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। ग्राम पंचायत महमूदनगर के प्रधान सर्वेश रावत द्वारा बनाये गये खेल मैदान में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा खण्डस्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख प्र मीनू वर्मा ने किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियों में अनेकों प्रतिभाएं छुपी है। जिन्हें निखारने की जरूरत है। जिसके लिये खेलों इंडिया कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें लोग अपनी प्रतिभाएं दिखा रहे हैं। विधायक जयदेवी कौशल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहरों की तरह ही ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति युवा काफी उत्साहित हैं।कम संसाधनों से भी ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियां मण्डल स्तर तक अपना परचम यहां कि बालिकाएं लहरा चुकी हैं।बस उन्हें निखारने की जरूरत है।युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिये उन्हें खेलों की सामग्री की किट प्रदान की जा रही हैं। खेलों इंडिया जैसे कार्यक्रम चलाकर युवाओं को खेलों की ओर ले जाया जा रहा है।खेलों से स्वास्थ्य संवर्धन के साथ आपसी भाईचारा बढ़ता है। बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में भदवाना, जूनियर वर्ग में बेलगढ़ा व सब जूनियर वर्ग में विद्यास्थली कनार की टीम विजयी रही।इसी प्रकार बालिका वर्ग की सीनियर वर्ग में गढ़ी संजर खाँ की टीम ने बाजी मारी। प्रतियोगिताओं के विजयी बालकों एवं बालिकाओं को विधायक जयदेवी कौशल ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक जयदेवी कौशल,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा,ग्राम प्रधान सर्वेश रावत,अमरेश मौर्या,खण्ड विकास अधिकारी रवीन्द्र मिश्रा,खण्ड शिक्षा अधिकारी नन्दकुमार,एडीओ कृषि मानवेन्द्र सिंह,क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पारुल बाजपेयी सहित खेलकूद में प्रतिभाग लेने वाले सैकड़ों युवक युवतियां मौजूद रहीं।

## किसान दिवस पर किसान चौपाल का किया आयोजन



मलिहाबाद/लखनऊ। किसान दिवस के उपलक्ष्य पर भारत रक्षा दल ट्रस्ट मजदूर किसान प्रकोष्ट के बैनर तले किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें किसान को देश की अर्थव्यस्था की रीढ़ की हड्डी माना गया। ग्राम पंचायत तिलसुआ में प्रभारी मजदूर किसान प्रकोष्ट निरंजन सिंह लल्ला यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मीनू वर्मा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी किसान हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है। किसान हमारा अन्नदाता है।किसानों की आय दोगुनी करने के लिये सरकार लगातार प्रयास कर रही है। किसानों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 हजार रुपऐ वार्षिक देने का काम सम्मान निधि के रूप में कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ट्रस्ट के संस्थापक श्रीनिवास राय, मजदूर किसान प्रकोष्ट के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राणा, निरंजन सिंह उर्फ लल्ला यादव, पूर्व प्रधान जीतबहादुर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जोन 3 में एलडीए ने सील किये 3 अवैध निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शनिवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन 3 की टीम ने सख्त कार्यवाही करते हुए पारा व सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में तीन अवैध निर्माणो को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन 3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि पारा थाना क्षेत्र के हंसखेड़ा मे सतीश प्रधान व अन्य द्वारा 2000 वर्गफिट मे नुज़ूल की ज़मीन पर अवैध रूप से दुकानों व कमरों का निर्माण किया गया था इसके अलावा इसी थाना क्षेत्र के सरोसा भरोसा मोड़ मोहान रोड पर ए के सिंह व अन्य द्वारा 7500 वर्गफिट मे लखनऊ विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था जिसमें विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किए गए थे साथ ही थाना सरोजिनी नगर क्षेत्र के अमौसी रोड पर मुन्नू सिंह व अन्य द्वारा 1500 वर्गफीट एरिया मे लखनऊ विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था इसमें भी विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किए गए थे जिसके चलते सहायक अभियंता अनिल कुमार व अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा तथा भरत पाण्डेय, संजय शुक्ला, प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इन तीनो अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया।

# अखिलेश यादव के निर्देशानुसार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का 121वां जन्मदिवस मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का 121वां जन्मदिवस मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के दुर्गागंज काकोरी में पूर्व ब्लाक प्रमुख रूप नारायण यादव के निवास स्थान पर 'किसान दिवस' के रूप में मनाया।राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री आरके चौधरी,पूर्व मंत्री एवं प्रदेश सचिव रामलखन चौरसिया,प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा,जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत,मलिहाबाद निवर्तमान प्रत्याशी एवं प्रभारी सोनू कनौजिया,पूर्व जिला महासचिव राशिद अली,जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह,पूर्व जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान सहित आदि ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपने पूरे जीवनकाल में किसानों,मजदूरों,शोषितों,पीड़ितों,पिछड़ों एवं गरीबों के लिए संघर्ष किया और गांवों के विकास के लिए अनवरत प्रयास किये।उन्होंने समाज में पिछड़े एवं अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने के साथ उन्हें सम्मान दिलाने के लिए भी अथक प्रयास किये।चौधरी साहब ने पूरे जीवन जुल्म,अत्याचार,अन्याय,शोषण एवं तानाशाही के खिलाफ संघर्ष किया।चौधरी चरण सिंह जी के स्वपनों को पूरा करने के लिए हम सभी को उनकी नीतियों एवं सिद्धान्तों पर चलना होगा।साथ ही हारे हुए बूथों एवं निष्क्रिय बूथ कमेटियों की समीक्षा की गई और आगामी लोकसभा चुनाव को जीतने की रणनीति पर विचार विमर्श हुआ।किसान गोष्ठी की अध्यक्षता निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव व संचालन ब्जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र कुमार गुड्डू एवं आयोजन युवा नेता अभय मुलायम सिंह यादव ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्ण कुमार यादव पप्पू,मोहम्मद इब्राहिम मंसूरी,शगीर अहमद अंगूर,पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद सालिम,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर यादव प्रधान,अखिलेश कुमार,सहकारी समिति बहरु अध्यक्ष मनोज रावत,शम्भू यादव,प्रधान ज्योति प्रकाश यादव,हिमांशु यादव,ललित यादव,महीन गुप्ता,पन्नालाल रावत,महेन्द्र सिंह यादव,लालाराम यादव,सहकारी संघ लिमिटेड सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव, वरिष्ठ सपा नेत्री विजय श्री,पूर्व जेष्ठ उप ब्लाक प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह यादव,दशरथ यादव,राजेश सविता,आदेश यादव,मोहम्मद शुऐब,डॉ रवि,अमित यादव सुरेन्द्र,शेरा रावत,मोहम्मद शगीर,मोहम्मद सालीम,लालमुन यादव,हनीफ कलाबाज,संतोष रावत,लक्ष्मन मौर्य, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्र–छात्राओं को विद्यालय में शिक्षा के प्रति किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। शनिवार को करोरा स्थित बेसिक विद्यालय में सरगम संस्था द्वारा बच्चों के साथ - साथ उनके माता पिता को शिक्षा के प्रति एवं निपुण भारत मिशन को लेकर जागरूक किया गया । जिसमे दीक्षा एप, ई लर्निंग क्लासेज, समर्थ एप के विषय में बच्चों और अभिभावको को पूरी जानकारी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई । नुक्कड़ नाटक का मंचन कलाकार अभिषेक मिश्रा , मनीष सिंह, राजन यादव ,राधा वर्मा ,किशन कुमार द्वारा बहुत बेहतरीन तरीके से किया गया साथ ही साथ कार्यक्रम का समापन एक भी बच्चा छूट न जाए हर बच्चा स्कूल जाए की शपथ के साथ हुआ । बेसिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव ने सभी अभिभावकों को शपथ दिलाई की प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजेंगे तथा सरकार द्वारा चलाए गए अभियान में पूरी भागीदारी करेंगे । इस मौके पर एसआरजी सुनीता तिवारी ने भी अभिभावकों को जागरूक किया । कार्यक्रम में सुधीर कुमार सिंह,अनूप कुमार,कमलेश भारती, राजीव कुमार सिंह, अनिल कुमार वर्मा आदि मौजूद थे ।

# चौधरी चरण सिंह ने किसानों में सम्मान के साथ जीने की चेतना प्रदान की : मनोज पासवान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। देश के पूर्व प्रधानमंत्री व प्रख्यात किसान नेता रहे चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी द्वारा कपेरा मदारपुर चौराहे पर किसान दिवस का आयोजन किया गया। उस दौरान तमाम वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हमेशा से ही किसानों के हिमायती रहे, उनके ही नेतृत्व की देन थी कि किसान राजनीति के केन्द्र में आ गए। चौधरी साहब ने किसानों को बेलगाम अफसरशाही के शोषण से मुक्त कराया। अफसरशाही हमेशा से ही भ्रष्ट तरीके से किसानों और नौजवानों का शोषण करती रही है। उन्होंने इस पर विराम लगाने के लिए किसानों को सहायता प्रदान करने के साथ ही उनमें आत्मविश्वास पैदा कर राजनीति व प्रशासन में आने का आह्वान किया।

इस दौरान, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजूट होकर चौधरी चरण सिंह को सपनों को पुरा करने का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने पहली बार अनुसूचित जाति के अलावा पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। इस अवसर पर दिनेश यादव, रामकिशोर रावत, धर्मवीर पासवान, रामप्रसाद यादव, कुलदीप वर्मा, अताउर रहमान, भोला वर्मा, तुफैल अहमद, दारा सिंह यादव, फूलचंद रावत, सुरेश कश्यप, राजू प्रधान, ज्ञान यादव, आशीष रावत मौजूद रहे।

## नामिश ट्रस्ट फाउंडेशन की अध्यक्ष ने बालिकाओं को वितरित किये ट्रैक सूट



आत्मसुरक्षा के लिए बॉक्सिंग सीख रही बालिकाओं का किया उत्साहवर्धन

मलिहाबाद/लखनऊ। आत्मसम्मान और आत्मसुरक्षा के लिये जोश एकेडमी में बॉक्सिंग सीख रहीं बालिकाओं को नामिश ट्रस्ट फाउंडेशन ने ट्रैक सूट वितरित करके बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया।एसपी एसआईटी श्वेता श्रीवास्तव के पुत्र नामिश 10 वर्ष की एक माह पूर्व एक सड़क हादसे में जान चली गयी थी। जिसकी मौत से आहत उनकी मां श्वेता श्रीवास्तव ने मृतक पुत्र के नाम से नामिष ट्रस्ट फाउंडेशन बनाकर लोगो की मदद कर रही है। शनिवार को वह मलिहाबाद में चल रही जोश एकेडमी समिति पहुंची। उन्होंने एकेडमी में आत्मसुरक्षा के गुण बॉक्सिंग सीख रहीं क्षेत्र की बालिकाओं को ट्रैक सूट वितरित किये। इस दौरान उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार ने उनके 10 बच्चे की असमय जान ले ली। अब हम इस फाउंडेशन के माध्यम से लोगों कि सहायता करेंगे। इस अवसर पर एसपी एसआईटी श्वेता सिंह की मां अर्चना सिंह, एंटीकरप्शन एसपी डॉ0 संगीता शर्मा, ह्यूमन यूनिटी मूवमेंट के सचिव मानस व पवन चौधरी मौजूद रहे।

## विभूतिखंड में अप्रत्यक्ष कर भवन का केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने किया लोकार्पण



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विभूतिखंड स्थित अत्याधुनिक ढाँचागत, आधारभूत सुविधाओं से परिपूर्ण अप्रत्यक्ष कर भवन का लोकार्पण शनिवार को पंकज चौधरी केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री के द्वारा किया गया। इस मौके पर राजीव तलवार सदस्य, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, प्रमोद कुमार, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय जीएसटी तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क लखनऊ परिक्षेत्र, कुल प्रकाश सिंह, प्रधान आयुक्त, केंद्रीय जीएसटी तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क लखनऊ समेत अन्य मौजूद रहे। बतातें है कि यह भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण से खरीदी गयी थी, जिसका मई 2017 से सीपीडबल्यूडी ने भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया। 122.05 करोड़ की लागत से भूतल + सात तलों वाले इस भवन में तीन ब्लॉक ए, बी और सी का निर्माण किया गया है। वाहनों के लिए दो तलों की भूमिगत पार्किंग है। भवन का कार्पेट एरिया 17,581.20 स्कावयर मीटर और सिटिंग एरिया 10,532.83 स्कावयर मीटर है।

## चमगादड़ों का शिकार करके खाने वाला युवक गिरफ्तार

मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम नें एक ऐसे विचित्र इंसान को पकड़ा है जो चमगादडो को पकड़कर उनका सेवन करता है। पुलिस व वन विभाग की टीम ने उसके पास से बड़ी संख्या में चमगादड़ों को बरामद कर कार्यवाही की है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर पुलिया पर उपनिरीक्षक संजय कुमार, वन दरोगा मुकद्दर अली, आरक्षी रोहित यादव, शनि यादव व वनरक्षक दिलीप चौहान ने माल थाना क्षेत्र के ग्राम सरसण्डा निवासी राजेश पासी 45 वर्ष पुत्र पुतई को 15 जिन्दा चमगादडो के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान अधेड़ के खुलासे ने पुलिस व वन विभाग की टीम हैरान रह गयी कि वह इन चमगादडो को जंगलों से पकड़कर उन्हें पका कर खा जाता है। पुलिस ने उसके पास से बरामद 15 जिन्दा चमगादडो को वन विभाग को सौंप उसके विरुध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर कार्यवाही कि है। वन विभाग ने बरामद चमगादडो को जंगल में छोड़ दिया है।

## भारतीय अवधारणा में मनुष्यता का जन्म अयोध्या से हुआ : मिथिलेश नंदिनी

अयोध्या। देश की बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार के तत्वावधान में श्रीराम सत्संग भवन (श्री मणिराम दास छावनी) में आयोजित तीन दिवसीय अयोध्या उत्सव के प्रथम दिन शनिवार को द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता हनुमत निवास अयोध्या के महंत आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि भारतीय अवधारणा में मनुष्यता का जन्म अयोध्या से हुआ है। उसके पहले जो है वह मानव नहीं, मनु की संतानें हैं। जिसे जन्म दिया गया है, उसको उसके स्वरूप रक्षा के योग्य बनाना भी अपेक्षित है। इसे अयोध्या ने दुनिया को पहली बार सिखाया और त्रेता में यह प्रमाणित किया कि मर्यादा पुरुषोत्तमिता एक दिन में नहीं आती। मर्यादा पुरुषोत्तम होना कोई आकस्मिक होने वाली घटना नहीं है।

# अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नाम पर जमीन न देने का लिया संकल्प

### आंदोलनकारी किसानों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती

### किसानों ने ली शपथ, कहा– पुरखों की ज़मीन नहीं देंगे, धरती माता का सौदा नहीं करेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नाम पर जमीन न देने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों ने महान किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। किसानों-मजदूरों ने चौधरी चरण सिंह की शपथ लेते हुए कहा कि वह अपने पुरखों की जमीन नहीं देंगे। धरती माता का सौदा नहीं करेंगे। जिगना कर्मनपुर पंचायत भवन पर आयोजित सभा में जमुआ हरिराम, गदनपुर हिच्छनपट्टी, बलदेव मंदूरी, हसनपुर, कादीपुर, जमुआ जोलहा, जिगना कर्मनपुर और आस पास के किसान-मजदूर एकत्रित हुए।

वक्ताओं ने कहा कि आज चौधरी चरण सिंह की जरूरत है जो हम किसानों का दर्द समझें। एयरपोर्ट के नाम पर हमारी जमीनें छीनने की कोशिश करने वाली सरकारों को जान लेना चाहिए कि यह देश चौधरी चरण सिंह के सपनों का देश है। चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता गावों और खेतों से होकर गुजरता है और अब भाजपा के कृषि मंत्री कहते हैं कि देश के विकास का रास्ता एयरपोर्ट और हाइवे से होकर गुजरता है। कृषि प्रधान देश में सरकार हर संभव कोशिश कर रही है कि खेती-किसानी को कारपोरेट के हवाले कर दिया जाए। देश पर कर्ज लगातार बढ़ रहा और मौजूदा सरकार दिखावे में बेहिसाब खर्च कर रही है। किसानों को खत्म करने की साजिश करने वाली सरकारों को जान लेना चाहिए कि किसान के खेत जोतते हल ही देश के विकास का हल हैं। देश कृषि प्रधान है और आज भी सरकार यूरिया चाइना से मंगवा रही है और विकसित भारत यात्रा का ढिढोरा पीट रही है। भारत की जनसंख्या का सबसे बड़ा हिस्सा कृषि कार्यों में लगा हुआ है। किसान जब खेतों में कड़ी मेहनत करके अनाज पैदा करते हैं तभी वह हमारी थाली तक पहुंचता है। अन्नदाता का सम्मान न करके उसकी जमीनें छीनकर सरकार खाद्यान संकट खड़ा कर रही है।

## अयोध्या में हों कुम्भ जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं : ब्रजेश पाठक

अयोध्या। अगले वर्ष 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रभु श्रीराम धर्मस्थली पर सभी तैयारियों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की अहम आवश्यकता को देखते हुए शनिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अयोध्या पहुंचे। उन्होंने अयोध्या में अंतराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी के सभागार में स्वास्थ्य विभाग के आला एवं स्थानीय अफसरों की समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि अयोध्या में कुम्भ जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं रखें। कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस समारोह में शामिल होने के लिए देश-दुनिया से कई गणमान्य श्रद्धालु, नेता, साधु-संत और लाखों राम भक्त पहुंचेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अयोध्या में आयोजित इस समारोह के लिए उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि अयोध्या एवं आसपास के जिलों में संचालित अस्पतालों के अतिरिक्त वैकल्पिक चिकित्सा इंतजाम भी रखे जाएं।

# एलडीए के निबंधन शिविर में 782 आवंटियों की हुई रजिस्ट्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगाये गये विशेष निबंधन शिविर के अंतिम दिन शनिवार को 45 आवंटियों ने अपने पक्ष में रजिस्ट्री करवायी। इसे मिलाकर प्राधिकरण द्वारा कुल 782 आवंटियों को सम्पत्ति की रजिस्ट्री की गयी। इस मौके पर प्राधिकरण की अध्यक्ष, मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करके शिविर में रजिस्ट्री के लिए आये आवेदनों व उन पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा की। जिसमें समस्त आवेदनों पर शत प्रतिशत कार्यवाही पायी गयी।



प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री नहीं हो पायी थी। इसे ध्यान में रखते हुए आवंटियों की सहूलियत के लिए यह विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया गया था। एक ही पटल पर समस्त कार्य होने से आवंटियों को भी इसका भरपूर लाभ मिला और लोगों ने बड़ी संख्या में शिविर में आकर अपनी सम्पत्ति की रजिस्ट्री करवायी। वहीं प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि शिविर में कुल 782 आवंटियों ने अपने पक्ष में सम्पत्ति की रजिस्ट्री करवायी। जिसमें विभिन्न अपार्टमेंट्स के फ्लैट, प्रधानमंत्री आवास, बसन्तकुंज, शारदा नगर, गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, व्यवसायिक, बल्क सेल व कानपुर रोड समेत अन्य योजनाओं की सम्पत्तियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन आवंटियों ने सम्पत्ति के सापेक्ष पूर्ण धनराशि का भुगतान कर दिया है, उन्हें प्राधिकरण द्वारा रजिस्ट्री कराने के लिए लगातार सूचना भेजी जा रही है। ऐसे आवंटी किसी भी कार्यदिवस में प्राधिकरण आकर सिंगल विन्डो सिस्टम के अंतर्गत आवेदन करके अपनी सम्पत्ति की रजिस्ट्री करा सकते हैं।

## डीपीएस एल्डिको ने मनाया वार्षिक शीतकालीन कार्निवल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिल्ली पब्लिक स्कूल की एल्डिको शाखा ने अपना वार्षिक शीतकालीन कार्निवल मनाया, जिसमें माता पिता और छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिन्होंने इस मजेदार दिन में अपार खुशी शामिल की। इस मौके पर प्रिंसिपल मनीषा अंथवाल ने प्रयासों की सराहना की एवं सभी का आभार व्यक्त किया। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर रोमांचकारी गेम स्टॉल, एनीमेशन स्टॉल, 360' की एक श्रृंखला लगाई, जिसमें उत्साहित बच्चे अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।

# मदारपुर गांव में मनाया गया चरण सिंह का 120वां जन्म दिवस

## पार्टी के प्रदेश सचिव ने कहा कि किसानों के सच्चे हिमायती थे चौधरी साहब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। देश के पूर्व प्रधानमंत्री व किसानो के मसीहा चौधरी चरण सिंह की 120वी जयंती किसान दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम गोसाईगंज क्षेत्र के गांव कपेरा मदारपुर चौराहे पर संपन्न हुआ। आयोजन समाजवादी पार्टी की ओर से समारोह के रूप में करके किसान मसीहा को श्रद्धा के साथ याद किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं समारोह के संयोजक महताब सिंह यादव ने कहा की चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए सदैव याद किया जाएगा।

श्री यादव ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह हमेशा किसानों के हिमायती रहे। अपनी बात को जारी रखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओ से कहा कि सभी लोग एकजुट होकर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सपनो को पूरा करें। जन्म दिवस के मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने कहा कि चौधरी साहब की ही देन है कि किसान भी राजनीति में आए।

पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती के मौके पर विधानसभा क्षेत्र मोहनलाल गंज के जोन 3 व जोन 8 में संयुक्त रूप से मदारपुर चौराहे पर बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में जोन 3 व जोन 8 के सभी जोन प्रभारी सेक्टर प्रभारी, और बूथ प्रभारी सम्लित हुए। इसके अलावा आयोजन में विधानसभा मोहनलालगंज अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजेंद्र यादव ''राजू'',दिनेश यादव, रामकिशोर रावत, धर्मवीर पासवान, रामप्रसाद यादव, कुलदीप वर्मा, भोला वर्मा, तुफैल अहमद और दारा सिंह यादव सहित सपा के तीन जोन और आठ सेक्टर के प्रभारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

## जलशक्ति मंत्री ने जिला गंगा समिति सदस्य जलदूत द्वारा रचित गोमती आरती का किया विमोचन ''



लखनऊ। जलदूत नन्दकिशोर वर्मा सदस्य जिला गंगा समिति, लखनऊ एवं अध्यक्ष नीला जहान फाउंडेशन,जल एवं नदी प्रबंधन का कार्य कर रहे संगठन डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इन्डिया के निदेशक एवं कोआर्डिनेटर के साथ माननीय जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्रदेव सिंह ने जल, नदी प्रबंधन, सिंचाई हेतु जलसंग्रहण, बाढ़ प्रबंधन सहित जल से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की एवं जल चौपाल लगाकर जन-जागरूकता पर विशेष बल दिया।

आदरणीय स्वतंत्रदेव सिंह ने निज आवास पर जलदूत नन्दकिशोर वर्मा द्वारा रचित गोमती माता की आरती का विमोचन करते हुए कहा कि जल, नदी स्वच्छता एवं अविरल प्रवाह बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है और यह हमें करना ही होगा।

जलदूत द्वारा रचित गोमती माता की आरती की प्रसंशा करते हुए शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि यह ईश्वरीय कार्य है । अवश्य ही जन समुदाय में मां गोमती के प्रति प्रेम जगाने में सहायक होगी ।

श्री वर्मा ने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री जी की नमामि गंगे परियोजना के पॉच स्तम्भ अविरल गंगा, निर्मल गंगा,जन गंगा, ज्ञान गंगा एवं अर्थ गंगा हेतु एक स्वयं सेवी के रूप कार्य करते रहने के लिए दृढ़ संकल्पित रहूंगा।

इस अवसर पर डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के निदेशक नितिन कौशल, कोआर्डिनेटर राजेश कुमार सिंह, सुयश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## नौ दिवसीय सिल्क फैब प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ, प्रदर्शनी में लगेंगे 100 स्टॉल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कैसरबाग स्थित बारादरी में नौ दिवसीय सिल्क फैब प्रदर्शिनी की शुरुआत हुई। जिसमें पूरे भारत के अलग अलग कोनों से आये व्यक्तियों ने तरह तरह की साड़ी उत्पादों के स्टॉल लगाए। इसका उद्घाटन शनिवार को बॉलिवुड की अभिनेत्री कंचन अवस्थी ने किया। इस मौके एमटीवी मॉडल मोहनीश सवितर, आयोजक मानस आचार्य और जावेद मकसूद उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के ओर्गानिज़र मानस आचार्य ने बताया कि इस सिल्क फैब प्रदर्शनी में अलग अलग राज्यों से आये बुनकरों के पास विभिन्न प्रकार के मटेरियल से बनी साड़ी, सूट, स्टोल्स, ड्रेस मैटेरियल, दुपट्टा और ब्राइडल वियर सिल्क कॉटन साड़ी, कुर्ती, टॉप, खादी शर्ट, फैशन जूलरी बेड सीट, भदोही की कालीन, ज्वैलरी और गोल्ड ज्वीलरी, दिल्ली का फर्नीचर और इस प्रदर्शन में दो लाख तक की सारी भी उपलध हैं जो गोल्ड तार से बनाई गई हैं। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए एम टीवी अभिनेता मोहनीश सवितर ने कहा कि हमारी सरकार बुनकरों के काम को बढ़ावा देने के लिए कर रही है, ताकि उनका कारोबार आगे बढ़ता रहे। इस जगह पर विभिन्न राज्यों के उत्पाद बुनकरों द्वारा तैयार किये गए हैं, जो सीधे ग्राहकों को मिला रहा है। यह सराहनीय पहल है और उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में एक ही छत के नीचे सब कुछ उपलब्ध है। आरजे इवेंट्स एंड प्रोडक्शंस के ब्रांड एंबेसडर मोहनीश के अनुसार प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की मुलबारी सिल्क, जामदानी व जमावार सिल्क साड़ी उपलब्ध है। उड़ीसा की संभालपुरी इक्कट सिल्क साड़ी, बिहार की ऑर्गेनिक तसर सिल्क साड़ी, असम की मूगा सिल्क साड़ी, कर्नाटक की क्रीप सिल्क जॉर्जेट साड़ी, तमिलनाडु की कांजीवरम साड़ी, उत्तर प्रदेश की मलबेरी सिल्क साड़ी, महाराष्ट्र के डिजाइनर ड्रेस मटेरियल, छत्तीसगढ़ की एक्सक्लूसिव सिल्क साड़ी, मध्य प्रदेश की महेश्वरी साड़ी, वेस्ट बंगाल की बलूचारी साड़ी और तमाम राज्यों से जम्मू कश्मीर पंजाब तमाम राज्यों से बहुत शानदार स्टॉल्स का आयोजन किया गया ।

## सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र की एचसीएल चौकी के पास लगा तगड़ा



लखनऊ। थाना सुशान्त गोल्फ सिटी की एचसीएल चौकी के सामने स्थित चौराहे पर शनिवार की शाम काफी तगड़ा जाम लग गया। लोगों कू घंटों जूझना पड़ा।जाम में फंसे वाहन उधर से निकलने के लिए घण्टों रेंगते रहे।जाम में आम लोगों के वाहनों के साथ साथ एम्बुलेंस भी काफी देर तक फंसी रही।इस जाम के चलते इधर से निकलने वालों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घण्टो इंतजार करना पड़ा।उधर से निकल रहे लोगों का कहना है कि पास में ही पुलिस चौकी है जहाँ चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहते है इसके बावजूद भी यहाँ जाम लगने पर कोई भी जिम्मेदार जाम छुड़वाने के लिए नही पहुँचता है।जबकि यही जिम्मेदार गाड़ियों का चालान करने के लिए गली कूचे में जाकर चेकिंग लगा देते है।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर में मनाया गया क्रिसमस डे

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर में क्रिसमस डे पर्व अभिषेक सिंह टीजीटी जर्मन लैंग्वेज के अध्यापक द्वारा मनाया गया एवं आदरणीय प्राचार्य महोदय श्री संजीव कुमार अग्रवाल आदरणीय उप प्राचार्या महोदया श्रीमती संगीता सक्सेना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की साथ ही केंद्रीय विद्यालय के समस्त विद्वान अध्यापकों ने कार्यक्रम में बढ चढ़कर का हिस्सा लिया, पंकज तिवारी अनन्या मिश्रा मिथिलेश श्रीवास्तव आशी यादव आदि शिक्षक और सभी बच्चे उपस्थित रहे कार्यक्रम मे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर बच्चों द्वारा क्रिस्मस ट्रे बनाया गया बच्चों को उपहार वितरण किये गये

## एनसाई स्कूल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अपना वार्षिकोत्सव

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या रोड स्थित द एनसाई स्कूल में शनिवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम एक्सप्रेशंस ने अपनी प्रतिभा, विशिष्टता और उत्सव के शानदार प्रदर्शन के साथ एक बार फिर दर्शकों को मोहित कर दिया। वार्षिकोत्सव में नन्हे मुन्नो बच्चों ने मिशन चंद्रयान को अपने नाटक से पहले ही जीवंत कर दिया कि पृथ्वी से चांद तक का सफर अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साथ दर्शकों को भी याद रहेगा। इस मौके पर विभिन्न प्रतिभाओं का चित्रण किया गया एवं प्रदर्शनों की एक श्रृंखला पेश की गई व मंत्रमुग्ध कर देने वाले नृत्य से लेकर आत्म रोमांचक संगीत रचनाएँ और ललित कलाओ ने सभी उम्र के दर्शको के लिए एक मनोरंजक व यादगार अनुभव बना दिया। प्रबंधक डॉ आशीष यादव ने बताया कि स्कूल अकादमिक उत्कृष्टता का एक प्रतीक है, जो हमारे छात्रों के बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को पोषित करने वाली समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चों द्वारा किया गया लेज़ी डांस आकर्षण का केंद्र रहा। निर्देशिका डॉक्टर नेहा सिंह व प्रधानाचार्या ने मेधावियों को सम्मान स्वरूप पुरुस्कृत किया।

# ब्लू हैवन स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मलौली गाँव स्थित ब्लू हैवेन स्कूल का शनिवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे नगर पंचायत गोसाईगंज के अध्यक्ष निखिल मिश्रा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही मानसिक विकास के साथ उसे योग्य बनाता है। विशिष्ट अतिथि शंभू नाथ पाण्डेय ने कहा आज बच्चों को जिस तरह की शिक्षा दी जाएगी आने वाला कल उनका भविष्य तय करेगा। अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति पूरी तरह सचेत रहना होगा। विद्यालय के निदेशक गौरव श्रीवास्तव प्रधानाचार्या रिनज़िंग श्रीवास्तव द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक लघु नाट्य एवं यीशु मसीह के जन्म का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर शिवम श्रीवास्तव विनोद त्रिपाठी दिनेश यादव अजय सिंह ज्योंति दुबे कृष्णा मौर्या के साथ कई गणमान्य लोगों व काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।अन्त में निदेशक गौरव श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 26 दिसम्बर को होगा एकेटीयू का 21वां दीक्षांत समारोह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह 26 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस बार विश्विद्यालय से सम्बद्ध संस्थान मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मेरठ के बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र मोहसिन अफरोज ने टॉप किया है। दीक्षांत समारोह में मोहसिन अफरोज को चांसलर मेडल दिया जाएगा। जबकि कमलरानी वरूण स्मृति मेडल पीएसआईटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कानपुर के बीटेक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की छात्रा प्रज्ञा गौतम को दिया जाएगा। साथ ही समारोह में कुल 95 गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल दिये जाएंगे। प्रदेश में उद्यमिता और नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीक्षांत समारोह में पहली बार तीन श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड भी दिया जाएगा। इसमें एक अवार्ड बेस्ट वोमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप अवार्ड और तीसरा बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड है। बेस्ट वोमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड के लिए स्टार्टअप कंपनी में एक महिला डायरेक्टर का 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ होना जरूरी है। वहीं, बेस्ट सोशल इम्पैक्ट अवार्ड का चयन स्वास्थ्य, भारतीय भाषा, शिक्षा, जीवनशैली जैसे सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले स्टार्टअप कंपनी को दिया जाएगा। जबकि बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड इनोवेटिव पेटेंट तकनीकी विकसित कर वस्तुओं और सर्विस के क्षेत्र और डिजिटल मंच पर कार्य करने वाली स्टार्टअप कंपनी को मिलेगा। अवार्ड विश्वविद्यालय के किसी छात्र या छात्रा की स्टार्टअप कंपनी को ही दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल सहकुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। जबकि बतौर मुख्य अतिथि एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो टीजी सीताराम होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल शामिल होंगे।

## देश में मोदी की जुमले बाजी की गारंटी है: अकील खान



लखनऊ। पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने देश के प्रधानमंत्री एवं भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने गरीबों किसानों नौजवानों और व्यापारियों एवं छात्र-छात्राओं की आवश्यकता को पूरा न कर पाने की वजह से देश की आवाम से झूठी गारंटी देने का वचन दे रहे हैं,जब से देश में मोदी सरकार बनी है और उत्तर प्रदेश के अंदर योगी सरकार बनी है तब से दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों के खिलाफ षड्यंत्रकारी राजनीति की जा रही है।केंद्र सरकार की एवं प्रदेश सरकार की किसी भी योजना का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंता है ये बात संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। भाजपा की सरकार की करनी और कथनी में बहुत बड़ा फर्क है उद्योगपतियों का तो कर्ज माफ होता है और किसानों को जेल में डाला जाता है पूंजी पत्तियों को गले लगाया जाता है और गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाता है इसी को कहते हैं सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास।

# भारत हो या अमेरिका शिया कॉलेज मेरी यादों से कभी नही हुआ ओझल: प्रो.नदीम हसनैन

## शिया कॉलेज से मिला गुरूमंत्र हमें उँचाईयों तक ले गया: अमीर हैदर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शिया पी. जी. कॉलेज के 'के-हॉल' में 'शिया कॉलेज एल्यूमिनाई एसोसिएशन' द्वारा एल्यूमिनाई मीट व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिया पी0 जी0 कॉलेज से अध्ययन कर देश-विदेश में महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे 10 पूर्व छात्र/छात्राओं को विशेष उपलब्धि सम्मान व 40 पूर्व छात्र/छात्राओं को विशिष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

शिया कॉलेज मजलिस-ए-उलेमा के सचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कार्यक्रम में आए सभी पूर्व छात्र/छात्राओं का अभिनंदन किया, और कहा की आप सभी ने महाविद्यालय से पढ़ाई पूरी करने के बाद अपनी मेहनत व लगन से देश-विदेश में जो स्थान हासिल किया है, उससे शिया कॉलेज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसी परंपरा को बनाये रखने के लिए महाविद्यालय प्रबन्धन द्वारा लगातार महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं को न सिर्फ प्रोत्साहित किया जा रहा है, बल्कि उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम भी उठाए जा रहें हैं।

शिया कॉलेज के प्रबंधक अब्बास मुर्तजा शम्सी ने एल्यूमिनाई मीट के सम्मान समारोह में बोलते हुए कहा कि पूर्व छात्र/छात्राओं का अपने महाविद्यालय की तरफ लगातार रुझान रहता है, और जब भी उन्हें समय मिलता है, तो वे कॉलेज के लिए कुछ ना कुछ करते रहते हैं, जिस तरह से हमारे पूर्व छात्र/छात्राओं ने देश ही नहीं, बल्कि विदेश तक में अपनी प्रतिभा के बल पर अपना नाम रोशन किया है, वह वर्तमान समय में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गये हैं। हमारा प्रयास रहता है कि समय-समय पर पूर्व छात्र/छात्राओं को वर्तमान समय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कराया जाये, ताकि वह यह जान सके की कठिन परिश्रम के बल पर ही अपने सपनों को साकार किया जा सकता है।महाविद्यालय वित्त अधिकारी, डॉ0 एजाज अब्बास ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महाविद्यालय में कई बड़े विकास कार्य हुए हैं, जो छात्रों छात्र-छात्राओं को उच्चतरम स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए किए गए हैं, जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त 100 एम.बी.पी.एस. हाई स्पीड वाईफाई, स्मार्ट क्लास, ऑटोमेटेड लाइब्रेरी सेमिनार हॉल शामिल हैं। हमारा प्रयास रहता है की छात्र-छात्राओं को जितना हो सके प्रोत्साहित किया जाये और आगे बढ़ने में मदद की जा सके।

प्राचार्य प्रो0 एस.एस.आर. बाकरी ने सम्मान समारोह में पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमारे छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय का देश-विदेश में जो गौरव बढ़ाया है, उसके लिए महाविद्यालय प्रबन्धन की ओर से हम सबको धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

निदेशक एस.सी.डी.आर.सी. डॉ0 प्रदीप शर्मा ने पूर्व छात्र/छात्राओं के समक्ष एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें उनके द्वारा महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करके पूरी दुनिया में फैले हुए पूर्व छात्र/छात्राओं से महाविद्यालय में एक ऑडिटोरियम का निर्माण करवाने को कहा गया।

प्रो0 नदीम हसनैन, पूर्व विभागाध्यक्ष, मानवशास्त्र विभाग, लखनऊ ने कहा कि मेरा शिया महाविद्यालय के साथ बड़ा लंबे समय तक नाता रहा है, इस महाविद्यालय में पढ़ने से लेकर पढ़ाने तक का एक लंबा सफर तय किया है। यहां से जाने के बाद मैंने कई जगह काम किया चाहे वह वर्धा हो या फिर अमेरिका की यूनिवर्सिटी हर जगह शिया कॉलेज मेरी यादों से कभी ओझल नहीं हुआ। इस कॉलेज ने मुझे काफी कुछ दिया है और उसे भुला देना नामुमकिन है।

श्री यू0 श्रीवासन, मार्केटिंग हेड एअरटेल, उत्तर भारत, ने कहा कि मैंने शिया कॉलेज से पत्रकारिता का अध्ययन किया है। यहां से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। आज मैं जिस नई पर हूं वहां भी मुझे अपने इस कोर्स की वजह से कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारियां दे दी जाती हैं। कॉलेज में बिताया हुआ एक-एक पल महत्वपूर्ण था और जो कुछ हमें सिखाया गया ना सिर्फ हमें याद रहा बल्कि आज भी हमारे कार्य में निरंतर आ रहा है।हिमांशू बाजपेयी, दास्तानगो, लेखक, साहित्यकार व साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित ने बताया कि शिया कॉलेज में पढ़ना एक अलग ही अनुभव रहा है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ भाषा और उसके प्रयोग को मैंने सीखा, खासकर उर्दू भाषा को किस तरह बोला जाता है और विभिन्न शब्दों का इस्तेमाल कैसे करना है। हमें कॉलेज के दौरान काफी सीखने को मिला और यही अनुभव आज अत्याधिक काम आता है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ0 सरवत तक़ी ने शिया कॉलेज 'शिया कॉलेज एल्यूमिनाई एसोसिएशन' के कार्यों की जानकारी दी।

इस सम्मान समारोह में प्रो0 नदीम हसनैन, पूर्व विभागाध्यक्ष, मानवशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ सुश्री अम्बिका मेहरोत्रा, अतिरिक्त सिविल जज (वरिष्ठ खण्ड), उन्नाव, श्री अरविन्द मिश्रा, वैज्ञानिक, भाभा परमाणु शोध संस्थान, श्री यू0 श्रीवासन, मार्केटिंग हेड एअरटेल, उत्तर भारत श्री तूरज जैदी, चेयरमैन, फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटीय श्री इन्तेजार आब्दी, पूर्व राज्यमन्त्री, बसपा, श्री हिमांशू बाजपेयी, दास्तानगो, लेखक, साहित्यकार व साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित श्री समर्थ श्रीवास्तव, प्रमुख संवाददाता आज तक को सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय से शिक्षा पाये लगभग 50 पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया जायेगा।

इस मौके पर शिया महाविद्यालय के प्रबन्ध-समिति के सदस्य एस0 एस0 एच0 तकवी, विज्ञान संकायाध्यक्ष अध्यक्ष प्रो0 जमाल हैदर जैदी, प्रो0 एम.के. शुक्ला, लॉ संकायाध्यक्ष प्रो0 सै0 सादिक हुसैन आब्दी, कला संकायाध्यक्ष प्रो0 सरताज शब्बर रिजवी, भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो0 बी. बी. श्रीवास्तव, इंचार्ज गर्ल्स सेक्शन प्रो0 जर्रीन जेहरा रिजवी, डॉ0 अमरीश, डॉ0 नगीना बानो के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# घटनाओं की पर्दापोशी करने में जुटे वन विभाग के कर्मचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन(सीतापुर)। वन विभाग की रेंज बिसवां के कर्मचारी इन दिनों अवैद्य घटना क्रमों को दबाकर उनकी पर्दापोशी करने में जुटे हुए हैं। वन क्षेत्र बिसवां के अन्तर्गत आने वाले सभी क्षेत्रो में इन दिनो हरे-भरे फलदार पेड़ो का कटान धडल्ले से जारी है। वन माफिया, पुलिस और वन कर्मियों से सांठ-गांठ कर महज चंद कमीशन की आड़ में चोरी छिपे प्रतिबंधित लकड़ी काटने में सफलता हासिल कर रहे है। क्षेत्र में बेखौफ वन माफिया यदि पुलिस और वन कर्मियों के चंगुल में फंस भी जाते हैं तो साहब को मोटी रकम और कुछ पेड़ो का जुर्माना कराने के उपरांत बाइज्जत बरी हो जाते हैं। हमें नाम ना छपने की शर्त पर एक वन माफिया ने बताया कि इस समय कोई कैसा भी पेड़ हो सिर्फ पुलिस और वन दरोगा नरेंद्र पाल यादव से बात कर लो और कोई भी पेड़ आसानी से काट लो, यदि पेड़ सड़क के



किनारे लगे हैं तो ऐसे में कुछ पेड़ों का परमिट बनवाना पड़ेगा, जो वन विभाग बिना जांच पड़ताल के आसानी से बना देता है। वन माफिया ने यह भी बताया कि पुलिस और वन विभाग से सांठ-गांठ करने में काम तो हो जाता है लेकिन किसान के पेड़ की कीमत एक तिहाई रह जाती है। यदि इस खेल में नुक्सान होता है तो सिर्फ किसान का, बाकी फायदे में सभी रहते है। वन विभाग और पुलिस की सरपरस्ती में हो रहे खेल का नतीजा यह है कि बिसवां वन क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों में इन दिनों प्रतिबंधित लकड़ी का कटान धड़ल्ले से हो रहा है। क्षेत्र में यदि कही भी पेड़ो का कटान होती है तो अधिकांश स्थलों पर पूछताछ में पता

**वन माफिया को संरक्षण प्रदान कर रहे वन दरोगा नरेंद्र पाल**

चलता है कि यहां वन दरोगा नरेंद्र पाल व पुलिस प्रशासन को मोटी रकम चुकाने के बाद ही कटान संभव हो पाता है। वहीं वन विभाग के आंकड़े बताते हैं की पिछले महीने में काटे गए 200 से अधिक प्रतिबंधित पेड़ों के औषत में वन विभाग की तरफ से महज 2 एफआईआर दर्ज करवाई गईं जबकि कई अन्य घटनाओं में वन दरोगा नरेंद्र पाल द्वारा बचाव के तौर पर वन माफिया से मोटी रकम वसूल कर हल्की धाराओं में अभियोग पंजीकृत करवाया गया। क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा प्रतिबंधित लकड़ी कटान जहां एक तरफ पर्यावरण के लिए घातक होता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ वन विभाग की संदिग्धता पर कड़े सवाल खड़े कर रहा है। यदि जिम्मेदारों ने समय रहते इस तरफ ध्यान नही दिया तो आने वाले समय में वृक्षो की कुछ प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी।

# प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के माध्यम से मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रेउसा सीतापुर। विकासखंड रेउसा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गुलरिहा में राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में महान गणितज्ञ श्री निवास अयंगर रामानुजन की जयंती बहुत ही धूम धाम से मनाई गई। जिसमे। अनेक प्रकार के गणित के स्टाल लगा कर सहयोगी और अध्यापक के माध्यम से रंगोली बनाई गई इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियां भी कराई गई। जैसे कुर्सी दौड़, रिंग विजेता ,गुब्बारा फोड़ आदि गतिविधियां कराई गई। जिसमे प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से क्ए देवेन्द्र सिंह चाहर, एत्रख्र रामगोपाल और रितेश कुमार तथा स्कूल के



सहायक अध्यापक उमा कंात वर्मा और रितु यादव का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। इस करक्रम में सहयोगी राहुल कुमार ,प्रदीप कुमार अंशुल कुमार आदि लोगों ने बड़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में आए सभी अभिभावकों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कृत करने का भी कार्य किया गया।

## वाहन दुर्घटना में युवक की मृत्यु

पलियाकलां-खीरी। शुक्रवार रात दिनांक बाइस दिसम्बर को एक स्कॉर्पियो बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल गेट पलिया के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई, जिसमें सवार एक युवक राहुल पुत्र डी के श्रीवास्तव निवासी लखनऊ उम्र लगभग इकत्तीस वर्ष बुरी तरह घायल हो गये थे जिन्हें इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया था, इलाज के दौरान लखीमपुर अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई है थाना खीरी पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम आदि विधिक कार्यवाही की गई इस दु:खद संदर्भ की जानकारी प्रभारी निरीक्षक पलिया विवेक उपाध्याय द्वारा दी गयी।

# आयोग की सदस्य अंजू बाला ने बच्चों के साथ साझा किया मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा-सीतापुर । भारत के पांचवे प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर युवन पब्लिक इन्टर कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य डा अंजुबाला पूर्व सांसद मिश्रिख। देश की आर्थिक प्रगति का आधार खेती-किसानी ही होती है । भारत कृषि प्रधान देश है।आजादी के बाद भारत ने कृषि क्षेत्र मे क्रांतिकारी कदम उठाए हैं । आज किसानों की आय को दोगुनी करने और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए भारत सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं । उक्त विचार वंशीधर युवन पब्लिक इंटर कॉलेज मे आयोजित किसान सम्मान समारोह मे पूर्व सांसद और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य अंजू बाला ने व्यक्त किए। किसानों को सम्मानित करते हुए उन्होने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है और उसके




सम्मान के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी । विद्यालय की छात्राओं रंजना, दिव्यांशी, युसरा बानो,अनामिका,नैंसी ने स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति दी । दीपिका ,शिल्पी,अलैना, श्रेया,लक्ष्मी ने कथक नृत्य से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया । छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्कूल चलो गीत को सुनकर पूर्व सांसद अंजू बाला खुद को नहीं रोक पाईं और मंच पर उनके बीच पहुंचकर नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चों के साथ डांस कर उत्साहवर्धन किया । कश्मीरी, हिमांचली, असम, गुजराती , बिहार, उत्तराखंड सहित कई प्रदेशों के लोक नृत्य प्रस्तुत करते हुए बच्चों ने लघु भारत के दर्शन कराए। मुख्य अतिथि अंजू बाला ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया । कालेज के प्रबंधक हरीश शुक्ला ने अतिथियों को सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम मे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव, साहित्यकार अरुणेश मिश्र, अभिषेक पाण्डेय, प्रेम सागर पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक और काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे ।

# मिलेट्स पुनरोद्धार योजनान्तर्गत मिलेट्स रेसिपी विकास प्रतियोगिता आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । को पूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद सीतापुर राजेश वर्मा जी व नगर विकास राज्यमंत्री माननीय राकेश राठौर (गुरु जी) के द्वारा विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण करने के उपरान्त द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया व पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर मंजीत कुमार द्वारा किया गया। पूर्व उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी वीरेन्द्र सिंह द्वारा चौधरी चरण सिंह जी के जीवन पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी महोदया, सीतापुर, परियोजना निदेशक, कृषि वैज्ञानिक के0वी0के0 कटिया व अम्बरपुर व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला उद्यान अधिकारी,



सीतापुर द्वारा उद्यान विभाग से संचालित होने वाली योजनाओं के बारे में कृषक बन्धुओं को अवगत कराया गया। जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर द्वारा प्राकृतिक खेती व मृदा स्वास्थ्य पर चर्चा की गयी। आयुक्त सहकारी समितियाँ नवीनचन्द्र शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी समितियों हेतु 10 लाख रू0 की ऋण सीमा की स्वीकृति मिली है, जिससे समितियों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। डॉ0 शैलेन्द्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक के0वी0के0 कटिया ने बताया कि जनपद सीतापुर को मूंगफली में जी0आई0 टैग मिल रहा है व मूंगफली की प्रजाति टी0जी0-37 की विशेषता के बारे में कृषकों को जानकारी दी। माननीय सांसद व नगर विकास राज्यमंत्री द्वारा जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आये हुए कृषकों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया व संभागीय परिवहन अधिकारी, सीतापुर माला बाजपेयी द्वारा कृषकों को रेडियम प्लेट वितरित की गयी।

कार्यक्रम में मिलेट्स पुनरोद्धार योजनान्तर्गत मिलेट्स रेसिपी विकास प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। प्रतिभागियों द्वारा मिलेट्स के विभिन्न पकवान तैयार कर निर्णायक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। निर्णायक मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से लिए गये निर्णय के अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के प्रतिभागी श्रेणी प्रथम को प्रथम पुरूस्कार में माइक्रोवेव ओवन, कृषि विज्ञान केन्द्र, अम्बरपुर को द्वितीय पुरूस्कार के रूप में जूसर मिक्सर ग्राइंडर तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के प्रतिभागियों को तृतीय पुरूस्कार के रूप में इंडक्शन कुकर दिया गया। कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध मुन्ना जादूगर द्वारा अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कृषि विभाग की योजनाओं का मनोरंजक तरीके से प्रसारित किया गया। अन्त में उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गयी।

# दगाबाज प्रेमी अगर दूसरी लड़की से ब्याह रचाया तो दे दूंगी जान : पीड़िता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। प्यार में धोखा खाई लड़की ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुलिस महानिदेशक उत्तर मानव अधिकार आयोग लखनऊ,राज्य महिला आयोग लखनऊ जिला अधिकारी खीरी पुलिस अधीक्षक खीरी कोतवाली सदर सीओ सिटी सदर को जरिए डाक रजिस्ट्री शिकायत की तथा आज जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक खीरी आफिस पुनः गयी खबर लिखे जाने तक पीड़िता कोतवाली में मौजूद पुलिस विपक्षी को पकड़ने के लिए पहुंची ज़ुबैर अख्तर के घर बताते चलें पूरा मामला है।लखीमपुर के मोहल्ला नौरंगाबाद जेल चौकी कोतवाली सदर का है पीड़िता के घर के

**आनलाइन शिकायतो की जांच से कर रहे खिलवाड़ लगा रहा है मनगढ़ंत आईजीआरएस पर रिपोर्ट**

**मामले की जांच में जेल चौकी प्रभारी को हटाए जाने की पीड़िता लगा रही गुहार,!**

समीप रहने वाले ज़ुबैर अख्तर पुत्र बिस्मिल्लाह ने पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसाकर शादी का वादा कर के मोहल्ला संकटा देवी व हिदायत नगर दोस्तो के कमरों में ले जाकर शारिरिक संबंध बना हवस मिटाता रहा घटना दिनांक 18-दिसंबर-2023 को सुबह 10 बजे विपक्षी ज़ुबैर अख्तर पीड़िता के घर आया था पीड़िता की मां ने विपक्षी ज़ुबैर अख्तर और पीड़िता को रगे हाथ शारीरिक संबंध बनाते हुए पकड़ लिया था जिसको लेकर वाद विवाद हुआ विपक्षी ने राज खोलने पर जान से मारने की धमकी दी थी जिसकी शिकायत पीड़िता ने दिनांक 19- दिसम्बर-2023 को जेल चौकी में करने के बाद आन लाइन धमकाने की शिकायत की थी जिसकी संदर्भ संख्या 20015323035340 है। विपक्षी ज़ुबैर अख्तर की जेल चौकी में जबरदस्त पकड़ जेल चौकी के सिपाही द्वारा यह कहना ज़ुबैर मैं जो चाहूंगा करेगा तुम प्यार करती हो इस लिए शिकायत वापस ले लो बहुत तुम्हारी बदनामी होगी पुलिस की लच्छेदार बातों व दबाव में विपक्षी ज़ुबैर अख्तर द्वारा अपने परिजनों को राजी करके एक माह शादी के वादे पर शपथ पत्र स्टांप सीके 795328 पर सुलह हुआ जिसमें विपक्षी ने कहा मैं जो कहूंगा वहीं कहना सब साइन कर देना वर्ना शादी नहीं करेंगे साइन कराते समय ज़ुबैर अख्तर ने पीड़िता को अपने मोहजाल में ऐसा फंासा की पीड़िता प्यार में अंधी हो गई इज्जत के डर में पीड़िता शांत हुई और दिनांक 22- दिसम्बर-2023 को पीड़िता को पता चला कि पुलिस व विपक्षी द्वारा उसके साथ खेल खेला गया विपक्षी 24 दिसम्बर-2023 को पुनः शादी करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है जिसकी जानकारी पीड़िता को हुई तब से पीड़िता लगातार न्याय के लिए दर दर भड़क रही है लेकिन जेल चौकी पुलिस का विपक्षी को मिल रहा समर्थन पीड़िता ने बताया ज़ुबैर अख्तर मोहल्ले में ऐलानिया कह रहा है जेल चौकी प्रभारी मेरे साथ डरने की कोई बात नहीं जिसको जो करना है करें।

# 11वें दिन भी जारी रहा अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मितौली-खीरी। तहसील मितौली बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा की अगुवाई में उप निबंधक कार्यालय के बाहर अधिवक्ताओं का 11 दिन भी धरना जारी रहा आपको बताते चलें उप निबंधक कार्यालय नवीन तहसील भवन में पहुंचाने के बाद कई बार प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने रजिस्टार ऑफिस के बाहर 11 दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने कहा हम सब अधिवक्ता उपनिबंधक कार्यालय का निरन्तर बहिष्कार कर रहे हैं नवीन तहसील परिसर व रजिस्ट्रार कार्यालय की दूरी लगभग 3 किलोमीटर अधिक होने के चलते कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है कई बार उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र व मौखिक तरीके से अवगत कराया जा चुका है मुख्य विकास अधिकारी ने आदेश भी दिया है की एक



हफ्ते में इसका निराकरण किया जाए। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ना ही कोई संज्ञान लिया गया है?। इसलिए समस्त अधिवक्ता गण निश्चित कालीन धरने पर बैठे हैं। जब तक मांगे पूरी न हो गी तब तक अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा इसका निराकरण न होने पर उच्च अधिकारियों से भी मिलेंगे। धरना स्थल पर एडवोकेट राम औतार मिश्र ने कहा। अभी तक प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया है यह आम जनता के हित की मांग है। यहां से 3 किलोमीटर दूर नवीन तहसील कार्यालय है।और उप निबंधक कार्यालय काफी दूरी होने के चलते हैं गरीबो हो सस्ता न्याय मिल पाने में दिक्कत महसूस हो रही है वादकारियों और वकीलों को इधर उधर भागने से कोई दुर्घटना हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा । तहसील प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए वरना यह लड़ाई और बढ़ेगी। अभी तक लड़ाई तहसील स्तर पर है। फिर जिला स्तर पर भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना में तहसील मितौली के समस्त अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जिला अधिवक्ता संघ किया जनपद की न्याययिक प्रतिभाओं को सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलियाकलाँ-खीरी।जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर खीरी द्वारा पी. सी. एस. (जे) के माध्यम से विगत वर्षों में न्यायाधीश के पद पर चयनित जनपद खीरी की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया।कार्यक्रम में पलिया शहर के होनहार आकाश गुप्ता जो कि प्रदेश स्तर पर 134 वीं रैंक लेकर न्यायाधीश बने हैं, को दिया जाने वाला सम्मान उनकी अनुपस्थिति में उनके पिता नगर पालिका परिषद पलिया कलां (खीरी) के अध्यक्ष के.बी.गुप्ता ने ग्रहण किया । उल्लखनीय है कि आकाश गुप्ता की प्रथम नियुक्ति जिला न्यायालय बहराइच में हुई थी, वर्तमान में वो जिला न्यायालय बरेली में सिविल जज के तौर पर कार्यरत हैं । आकाश गुप्ता का चयन वर्ष 2018 में हुआ था।

# प्रवर्तन दल ने अनाधिकृत रूप से संचालित 20 वाहनों को किया चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं सडक़ दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 31 दिसंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। शनिवार को पखवाड़ा के नवम दिवस को परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो पर दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट (चालक एवं पीछे बैठी सवारी सहित), मोबाइल फोन का प्रयोग, अनियत्रिंत एवं गलत दिशा में वाहन का संचालन करने के विरूद्ध लोगों को जागरूक करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की।

इसके अलावा परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा अपनी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 20 अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों को



चालान/निरूद्ध किया तथा अनाधिकृत रूप से संचालित बसों को भी चेक कर उनके विरूद्ध नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की। साथ ही मार्ग पर वाहन चालकों/आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से पेम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किये गये।

# ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ओयल-खीरी।युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयल में आयोजित बेहजम ब्लाक खंड स्तरीय बालक व बालिकाओं की स ब जूनियर/जूनियर/सीनियर वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमे लंबी कूद, बालीबाल, 100 मीटर , 200 मीटर वी 400 मीटर रेस, कबड्डी, गोला फेंक,



एवं बैडमिंटन आदि खेल खिलवाए गए। जिसमें बैडमिंटन युगल(सीनियर) वर्ग में ओयल निवासी सत्यम शिल्पकार , विशाल सिंह गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल कृष्णा कश्यप, अंकित कुमार एवं बैडमिंटन सिंगल में कृष्णा कश्यप गोल्ड मेडल व सत्यम शिल्पकार सिल्वर मेडल को हासिल किया।। इस मौके पर युवराज दत्त इंटर कालेज के प्राचार्य जगदीश प्रसाद वर्मा वी समस्त स्टाफ की मौजूदगी में सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# एसपी ने और एएसपी ने सुनी जनता की समस्याएं

## माह के चौथे शनिवार को जनपद के सभी थानों पर सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। माह के चौथे शनिवार को जनपद के सभी थानों पर सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंप कर न्याय की गुहार लगाई।

नबाबगंज थाने पर सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में आए पीड़ितों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाय तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें।

जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके, वही नवाबगंज थाने में जनसुनवाई के दौरान कुल 22 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।प्रकरणों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर रवाना किया गया।

इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक श्री राधेश्याम राय ने थाना कोतवाली मनकापुर में जनसुनवाई की जहां पर 26 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा एक प्रार्थना पत्र को मौके पर निस्तारित किया गया। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों से कुल 225 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए 13 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया है। वही अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी मौके पर जाकर दोनों पक्षों की बातें सुनकर न्याय संगत कार्यवाही करें।पीड़ित बड़ी उम्मीद के साथ हमारे पास पहुंचते हैं।उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने से ही आम जनता में हमारे प्रति विश्वास बरकरार रहेगा।इस मौके पर सम्बन्धित थानों के प्रभारी निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी और बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

# नई नबेली दुल्हन घर वालों को बेहोश कर नकदी व जेवर लेकर हुई फरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र के बैदौरा पाण्डेय पुरवा गांव में एक नवविवाहिता ने शादी के सातवें दिन शुक्रवार की रात परिवार के लोगों को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और घर से बीस हजार रुपये की नकदी,कपड़े, मोबाइल फोन व लाखों रुपये के जेवर लेकर फरार हो गई।पड़ोस के लोगों ने परिवार के पांच सदस्यों को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताई है। मामले में परिजनों की तरफ से दुल्हन व उसके साथ आई एक महिला के खिलाफ थाने में तहरीर दी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है?।खरगूपुर थाना क्षेत्र के बैदौरा पाण्डेय पुरवा गांव के रहने वाले जयसिंह नारायण पाण्डेय के बेटे ननके पाण्डेय की शादी 17 दिसंबर को लखीमपुर जिले के गोला गोकरननाथ की रहने वाली शिवानी नाम की युवती से हुई थी।शादी खरगूपुर स्थित पृथ्वीनाथ मंदिर में करायी गयी थी। शिवानी दुल्हन बनकर आई तो ननके के परिवार की तरफ से बहू भोज का आयोजन किया गया था। इस भोज में नवविवाहिता शिवानी के घर की एक महिला भी शामिल थी। रात में शिवानी ने भोजन में नशीला पदार्थ मिला दिया और घर के सदस्यों को खिला दिया।भोजन करने के एक घंटे बाद ननके की मां सोना देवी (45), मुस्कान (14) शिवांश (10) गौरी (12) व पल्लवी (13) बेहोश हो गए। सास और बच्चों के बेहोश होने के बाद दुल्हन शिवानी घर में रखा 20 हजार रुपये की नकदी, मोबाइल फोन, कपड़े व लाखों रुपये के जेवर लेकर अपने घर से आई महिला के साथ फरार हो गई। पति ननके व अन्य पुरुष सदस्य बाहरी व्यवस्था में लगे थे इसलिए वह सब बच गए। कुछ देर बाद जब ननके व अन्य लोग घर के भीतर पहुंचे तो परिवार के लोग बेहोश पड़े थे। सभी के मुंह से झाग निकल रहा था। घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा थी।दुल्हन शिवानी की तलाश की गई तो वह गायब मिली। यह देख परिवार के सदस्यों के होश उड़ गए। परिवार के बेहोश सदस्यों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। हालांकि अब सभी की हालत खतरे से बाहर है।इस मामले में ननके के परिजनों ने दुल्हन शिवानी व एक अन्य महिला के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है?।इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ रौब जमाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार





गोण्डा : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षो को दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना तरबगंज पुलिस ने तथाकथित पिस्टल के साथ अभियुक्त सुनील कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया गया।22.दिसम्बर 2023 को सोशल मीडिया पर यह संज्ञान आया कि एक व्यक्ति सुनील कुमार शर्मा पुत्र इन्द्र कुमार शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम आईटी पर पिस्टल के साथ अपना फोटो वायरल प्रदर्शित किया है। जिसपर थाना तरबगंज के उप निरीक्षक संदीप शर्मा ने तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तथाकथित पिस्टल बरामद की गयी है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि यह खिलौने वाली पिस्टल है तथा मेरे द्वारा लोगो में रौब जमाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ फोटो पोस्ट किया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा 151,107,116 सीआरपीसी की निरोधात्मक कार्यवाही की गयी।

# किसान सम्मान दिवस पर किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी संपन्न



गोण्डाः शनिवार को सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी तथा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय कृषक प्रशिक्षण प्रशिक्षण का आयोजन शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज गोंडा में आयोजित किया गया ।

किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ रमाशंकर मिश्रा सांसद प्रतिनिधि द्वारा किया गया । उन्होंने किसानों को अपनी आय दोगुनी करने के लिए वैज्ञानिक विधि से खेती करने का आवाहन किया।सुशील कुमार जिला विकास अधिकारी, जेपी यादव उपायुक्त मनरेगा, चन्द्रशेखर परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर अपने विचार रखे।उप कृषि निदेशक ने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जीवनी एवं किये गए कार्यों पर प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह ने कृषक हित में उल्लेखनीय कार्य किया ।

उन्होंने राजस्व विभाग में सुधार हेतु महत्वपूर्ण कार्य किये । शिवपूजन शुक्ल अवधी कवि ने खेती- किसानी को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया । इस अवसर पर आरएन मल्ल उपनिदेशक रेशम, सुनील कुमार सिंह जिला गन्ना अधिकारी, पारसराम भूमि संरक्षण अधिकारी, इंद्रजीत कुमार सहायक निदेशक मत्स्य, शिव शंकर चौधरी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, अशोक कुमार गुप्ता सहायक जिला कृषि अधिकारी ,अशोक कुमार सहायक निबंधक सहकारिता, सुमित तिवारी, रोहित कुमार सिंह बीटीएम पवन कुमार दीक्षित, मदन यादव आदि उपस्थित रहे । किसान सम्मान दिवस के अवसर पर खेती में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषकों शिवप्रसाद तिवारी को गेहूं उत्पादन, धीरजराम व इंद्रबहादुर सिंह धान उत्पादन,बृजनंदन तिवारी मिर्च उत्पादन, राजेश तिवारी केला उत्पादन, राकेश कुमार, गुरुचरण निषाद व अभिषेक सिंह को मत्स्य उत्पादन, शिवचंद्र सिंह शहद उत्पादन, सुभाष पांडेय, काशी प्रसाद, अजय कुमार सिंह,आदि कृषकों एवं डॉक्टर रामलखन सिंह कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर तथा शिवपूजन शुक्ल अवधी कवि को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कृषि प्रदर्शनी में कृषि विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, वीएनआर सीड्स, नूजीवीडू सीड्स, इफको, पायनियर सीड्स, चंबल फर्टिलाइजर्स, बजाज हिंदुस्तान सुगर मिल कुंदरुखी, एनके ट्रेडर्स आदि ने स्टाल लगाकर कृषकों को खेती सम्बंधी जानकारी दी ।

# 44 कंटेनर देशी घी तथा 177 नग खाली कैरेट के साथ एक गिरफ्तार

**अवैध तरीके से बड़ी मात्रा में देशी घी सीमा पार ले जाने वाला था व्यक्ति**



नानपारा, बहराइच। एसएसबी टीम ने मिली सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान 44 देशी घी के कंटेनर बरामद किये है, तस्कर को गिरफ्तार कर चार पहिया वाहन को जब्त कर लिया गया है।

बीती रात एसएसबी 42वीं वाहिनी बहराइच प्रथम के सीमा चौकी रुपैडिहा द्वारा बीती रात्रि लगभग 09: 20 बजे उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव के निर्देशन में प्राप्त आसूचना के आधार पर बी आई टी टीम सीमा चौकी रुपैडिहा के कार्मिको को यह सूचना मिली की एक पिकअप जो नेपाल से भारत अवैध तरीके से बड़ी मात्रा में देशी घी सीमा पार ले जाने वाला हैं, सूचना के आधार पर नेपाल से भारत बी.आई.टी. चेक पोस्ट पर एक पिकअप यूपी 40 ए टी 6167 आई जिसे चेक करने पर उसमे 44 टिन देशी घी, 177 नग खाली कैरेट बरामद किया गया जो खाली कैरेट के नीचे देशी घी के टिन छुपा कर रखा गया था । पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम मो नदीम उम्र 33 वर्ष और पिता का नाम हासिम दरगाह, घोसियाना, जनपद बहराइच बताया। टीम द्वारा पूछताछ करने पर उसके पास से कोई वैध कागज़ प्राप्त नही हुआ तो उससे बोला गया की कल सुबह तक आप कागज़ मंगा लीजिये नही तो आपका सामान, गाड़ी सहित जब्त कर लिया जाएगा।

अभियुक्त के द्वारा कोई कागज़ नही दिखाने पर अभियुक्त के साथ सामान तथा एक पिकअप को जब्त कर लिया गया । इसके पश्चात पकड़े गए सामान एवं व्यक्ति के विरुद्ध उचित कार्यवाही करते हुए सीमा शुल्क चौकी, रुपैडिहा को सुपुर्द कर दिया गया । पकड़े गये सामान व चार पहिया वाहन की बाज़ार में कीमत लगभग 7,99,000/- आंकी गयी हैं।

# बिजली विभाग का लाइनमैन बताकर लोगों से करता क्षेत्र में वसूली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा।अवैध वसूली में लिप्त फर्जी लाइनमैन को स्थानीय कटरा बाजार पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर फिर छोड़ने का मामला प्रकाश में आया है बनगांव प्रधान प्रतिनिधि रोहित ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को पत्र देकर अवैध वसूली करने वालों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने बताया की गुरुवार को बरौली गांव में ननकऊ व दो अज्ञात लोग विद्युत कनेक्शन जोड़ने जाने के नाम पर घूस मांग रहे थे।जब उपभोक्ताओं ने पैसा देने से मना किया तो प्रतिवादी ने कहा कि अपना कनेक्शन योगी,मोदी व ग्राम प्रधान से जुड़वा लो। लोगों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी,मौके पर पहुंचकर प्रधान प्रतिनिधि ने बिजली उपकेंद्र पर संपर्क किया जहां से पता लगा कि यह फर्जी विद्युत कर्मी है और वहां से अटैच नहीं है।सूचना पर स्थानीय कटरा बाजार पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया और 3 घंटे थाने पर रखने के बाद छोड़ दिया गया। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामला फर्जी व निराधार है। ना कोई बिजली विभाग का आया था और ना ही कोई मैकेनिक बनकर आया था। दो पक्षों का राजनीतिक मामला है।

## समाज को प्रेम व सद्भाव का संदेश देती है राम कथा : कथा व्यास

बहराइच। खैरीघाट के पिपरिया में चल रही श्री चंडी महायज्ञ में द्वितीय दिवस कथा व्यास पंडित मूलचंद्र दास ने प्रभु श्री राम की महिमा का वर्णन किया।उन्होंने कहा कि भगवान राम की कथा हमारे समाज को अनुशासन,प्रेम व सदभाव का संदेश देती है। जिन घरों में भगवान श्रीराम समेत सनातन धर्म के हमारे देवी देवताओं एवं महापुरुषों की कथाओं का गुणगान होता है उन परिवारों में हमेशा सुख शांति रहती है।उन्होंने कहा कि राम लक्ष्मण भरत शत्रुघन जैसे भाई से हमें सभी गुण सीखना चाहिए।जिस प्रकार भरत जी ने अपने चरित्र आचरण और सादगी के साथ राज्य चलाया और प्रजा को सब कुछ दिया ,उससे हमे सीख लेने की जरूरत है। भरत चरित्र की कथा सुनाते हुए बताया कि भरत ने बड़े भाई भगवान श्रीराम की चरणपादुका को चौदह वर्षों तक उनकी पूजा अर्चना उनका दास बनकर अयोध्या की प्रजा की सेवा की।कथा वाचक ने बताया कि यदि हमारे समाज के लोग श्रीराम चरित मानस का अनुकरण करते हुए जीवन निर्वाह करने की कला सीख ले तो समाज की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान स्वयं हो जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान सावित्री देवी, कार्यक्रम अध्यक्ष मुकुंदराम मिश्र, डॉ घनश्याम,डा.सत्येंद्र,धर्मेंद्र भारद्वाज,योगेन्द्र योगी,मनमोहन सिंह,अंबिका प्रसाद,राम निवास जायसवाल समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर , विद्यालयों में आयोजित हो रहा है रंगारंग कार्यक्रम

## पादरी बाजार के फ़ातिमा अस्पताल,सेंट मेरिज स्कूल,एशियन सहयोगी संस्था व धर्मपुर में त्योहार की तैयारियां जोरों पर

पादरी बाजार ,गोरखपुर । ईसाई समाज इन दिनों क्रिसमस त्योहार को लेकर खासा उत्साहित है । पादरी बाजार के फ़ातिमा अस्पताल , सेंट मेरिज स्कूल स्टर्नपुर,धर्मपुर के लिटिल फ्लावर सहित अन्य संस्थानों व एशियन सहयोगी संस्था पर क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर चल रहा है , जगह-जगह आकर्षक झांकियां बनाई जा रही है तथा बच्चों द्वारा मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन चल रहा है । फ़ातिमा अस्पताल के निदेशक फादर साबू पीएल ने बताया कि क्रिसमस को लेकर पूरा फ़ातिमा परिवार उत्साहित है । नर्सिंग की छात्राओं द्वारा पूरे फ़ातिमा परिसर को सजाया जा रहा है । सेंट मेरिज इंटर कॉलेज इस्टर्नपुर के प्रधानाचार्य फॉदर सिज़ो ने कहा कि बच्चों द्वारा आकर्षक झांकिया ब सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है । एशियन सहयोगी संस्था शाहपुर की निदेशिका ऊषादास ने बताया नान्हेंमुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक झांकिया बनाया गया है तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।

## दिसम्बर अंत में भी सड़क पर जलभराव , स्कूली बच्चों व राहगीरों को करना पड़ रहा है भारी मुश्किलों का सामना

पादरी बाजार , गोरखपुर । घोसीपुरवा को जेल बाई पास सड़क से मिलाने वाला मुख्य सड़क पर वर्ष भर जलभराव देखने को मिल रहा है । जिससे सड़क से गुजरने वाले राहगीर , स्कूली बच्चें व आसपास के मकान वालों को खासा परेशानी से गुजरना पड़ रहा है । स्कूली बस या अन्य चारपहिया वाहन आने पर पड़ने वाले छीटा व पैदल चलने वाले राहगीर तथा स्कूली बच्चें कीचड़ से बचने के लिए पटरी पर बने नाली से गुजरने का प्रयास करते है तो पैर पिसलने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी है । इस सम्बंध में स्थानीय पार्षद रितेश सिंह का कहना है कि ऐसे सड़को का प्रस्ताव नगर निगम को भेजा गया है जो वर्षभर जलमग्न रहते है ।

# बीआईटी चेकिंग के दौरान 2.200 कि.ग्रा. चरस के साथ एक नेपाली युवक गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच । नेपाल से भारत की तरफ 2.200 कि.ग्रा. चरस के साथ आ रहे युवक को बीआईटी चेकिंग के दौरान एसएसबी व रूपईडीहा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एसएसबी 42वीं वाहिनी के सीमा चौकी रुपैडिहा द्वारा बीती रात रूपईडीहा पुलिस के साथ संयुक्त रूप से बीआईटी चेकिंग के दौरान एक अंजान व्यक्ति जो नेपाल से भारत की तरफ आ रहा था संदिग्ध दिखाई देने पर मौजूद कार्मिको के द्वारा व्यक्ति से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम अखिल पुन मगर, उम्र 24 वर्ष और पिता का नाम कुल बहादुर पुन, गाँव पालिका भूमे, जनपद रुकुम (ईस्ट पार्ट) नेपाल बताया। टीम द्वारा तलाशी लेने की बात पर व्यक्ति डर गया और बार बार माफ़ी मांगने लगा तथा व्यक्ति ने कबूला की उसके पास 2.200 किलोग्राम चरस है जो रुपैडिहा में किसी अंजान व्यक्ति को देना था, जिसके बदले उसे अधिक पैसे मिलाने वाले थे। पकडे गए अभियुक्त को गिरफ्तार कर तथा बरामद 2.200 कि ग्राम चरस को जब्त करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवधिकार के निर्देशो का पालन कर सभी आवश्यक औपचारिकता पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना रुपैडिहा, जनपद बहराइच को सुपुर्द किया गया। गश्ती दल में एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक (सामान्य) संतोष कुमार विस्वास, मु. आरक्षी (सामान्य) राज कुमार, नेट सिंह, सुनील कुमार, आरक्षी कानू चान, धनेश्वर पाटिल, उ0.प्र0.पुलिस के उप-निरीक्षक विजय कुमार, उप-निरीक्षक जितेश कुमार, मुख्य आरक्षी अजय यादव मुख्य रूप से शमिल थे।

# नूरी जामा मस्जिद के पुनर्निर्माण की पीर सै मिशबाहुददीन ने रखी बुनियाद



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा अंतर्गत ग्राम गुलरा मदारगढ़ी के नूरी जामा मस्जिद के पुनर्निर्माण की शुरुआत की गई जिसकी बुनियाद शनिवार को पैग़म्बर नगर रूदौली शरीफ़ फ़ैज़ाबाद के पीर सैय्यद मिशबाहुददीन जो की हाशमी साहब के भांजे है के द्वारा रखी गई। इस मौके पर डॉ अनवारूल रहमान ख़ान, हाफिज रहमत अली, हफ़ीज़ शलाहुद्दीन, हाजी फारूक मोलवी, जॉगम अली, उबैद अहमद अच्छु, हाजी रहमतुल्लाह, एकराम अली, आशिफ अली कोटेदार, मिज्जन अली एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। इस दौरान हाफिज रहमत अली ने कहा कि मस्जिद अल्लाह का पाक घर होता है, उन्होंने निर्माण में लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

# आखिर क्यों हटाए गए गोण्डा एसपी अंकित मित्तल ! सीएम योगी के गुस्से की गाज क्यों गिरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डाः जिले में आए दिन अपराधों की संख्या के ग्राफ में बढ़ोतरी होती जा रही है।जानिए आखिर इसके पीछे का कारण क्या था ? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभी कुछ दिन पहले गोण्डा के पूर्व एसपी अंकित मित्तल कोहटाकर वहां से उन्हे आरटीसी चुनार का नया एसपी बनाया है।लेकिन इसकी वजह क्या रही ?

किसी भी जिले की सुरक्षा का दायित्व पुलिस के ऊपर निर्भर होता है।जिले के पुलिस विभाग का जो भी आला अधिकारी होता है वह नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व सही ढंग से निभाए यही एक अच्छे जिले की पहचान है लेकिन गोण्डा जिले की बात की जाए यहां आए दिन अपराधों की संख्या के ग्राफ में बढ़ोतरी होती जा रही है।आखिर इसके पीछे का कारण क्या था ?

### कार्यप्रणाली पर नहीं दिया ध्यान

दरअसल इसका सबसे बड़ा कारण पुलिस का सही ढंग से अपने दायित्व का निर्वहन ना करना था।पूर्व गोण्डा एसपी अंकित मित्तल की कार्यशैली इतनी ज्यादा ढीली थी कि जिले के कुछ थाने इनकी बात को नकार दिया करते थे।

अपनी ही कार्यप्रणाली पर एसपी अंकित मित्तल ने कभी ध्यान नहीं दिया।वहीं गोण्डा जिले में अपराधों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।चाहे वह चोरी, डकैती, माफिया, अपरहण या फिर हत्या जैसा बड़ा अपराध ही क्यों ना हो अपराधी बेखौफ होकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।वही जिले में तैनाती के दौरान कई ऐसे लोगों को थाने का प्रभार दे दिया गया है जो थाना प्रभारी जनता की बात को कभी सुनते नहीं है फरियादी केवल थाने का चक्कर लगा रहे थे.फिर वहां से थकहार कर एसपी ऑफिस पहुंचते थे लेकिन वहां पर भी उनकी सुनवाई नहीं होती थी।अनुभवी निरीक्षकों को पुलिस ऑफिस या लाइन में रखे गए थे।



और उप निरीक्षकों को थाने का प्रभार दिया गया था जहां पर केवल सेटिंग गेटिंग ही होती थी इस सब की सूचना मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंच रही थी।और अपराधी पुलिस से भय ना खाने वाले ऐसे जिले की स्थिति खराब होना तो स्वाभाविक है।हाल ही में कहीं थाना क्षेत्र में हत्याओं का खुलासा न होना मामले में लीपापोती करना गंभीर से गंभीर अपराध को छुपाना,फरियादियों से थानों में पैसे लेकर मामले को सुलह समझौता करना इस सब की शिकायत सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में पहुंच रही थी।वहीं प्रशासन ने अवैध मिट्टी और रेत पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन इसके बावजूद भी कई थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन लगातार होता रहा है। पूर्व एसपी के कार्यकाल में ही जिले में कई थानों व कोतवाली की शिकायत आए दिन मीडिया के सुर्खियों में रहती थी। लेकिन उसकी पूर्व एसपी संज्ञान में नहीं लेते थे।इसके अलावा भी जिले में कई घटनाएं होती रही लेकिन उन पर अंकुश नहीं लगा पाए थे और सरकार की छवि धूमिल हो रही थी।

# पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर राज्यमंत्री ने किसानों को किया सम्मानित

## गन्ना विभाग,उद्यान विभाग,कृषि विभाग,मौसम विभाग,फसल बीमा,पशुपालन,रेशम विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।दो दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गॉधी स्टेडियम स्थित प्रेक्षागृह में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में किया गया। गतवर्षो की भांति इस वर्ष भी स्व चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया।जिसमें कृषि, गन्ना,उद्यान,मत्स्य,फसल बीमा,पशुपालन विभाग, अन्य विभिन्न कम्पनियों द्वारा स्टाल लगाया गया जिनका अवलोकन राज्यमंत्री एवं डीएम ने किया लगाये गये स्टालों से जानकारी प्राप्त की।जिसमें कृषि,गन्ना, उद्यान,मत्स्य एवं पशुपालन विभाग द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र में उच्च उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषकों को राज्यमंत्री,विधायक बरखेड़ा एवं डीएम ने प्रमाण पत्र एवं सॉल देकर सम्मानित किया गया।जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये कृषकों द्वारा स्टालों को देखा गया। राज्यमंत्री द्वारा लता कृषक उत्पादक संगठन एवं इनबायरो ग्रीन कृषक उत्पादक संगठन एफपीओ को राज्यमंत्री ने कृषि विभाग से 80 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किये गये फार्म मशीनरी बैंक के टेक्टर की चाबी को दिया गया तथा पहल ग्रामीण सेवा समिति,सैद्पुर द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मनोरंजन के साथ विभाग में चल रही योजनाओं के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया।

इसके साथ ही साथ राज्यमंत्री द्वारा सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।डीएम ने समस्त कृषकों से विभागों में चल रही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई।साथ ही उनके द्वारा यह भी अपील की गई की सभी कृषक भाई अपनी-अपनी फसलों का फसल बीमा अवष्य करा लें।ताकि आपदा आने पर फसलों में हुई क्षति का मुआवजा मिल सके। इस कार्यशाला में कृषकों को मिलेट्स ज्वार,बाजरा,रागी,कोदो,सांवा,कुटकी,का कून एवं चीना के पोषक तत्वों, मिलेट्स के विभिन्न प्रकारों, उसके उपभोग एवं उत्पादन के बारे में कृषि विज्ञान केन्द्र टांडा विजैसी पीलीभीत के वरिष्ठ वैज्ञानिक डाक्टर शैलेन्द्र सिंह ढाका द्वारा जानकारी दी गई साथ ही श्री अन्न की फसलों की पहचान एवं उनसे बनने वाले उत्पाद तथा उन्नतशील खेती करने की जानकारी दी गई तथा श्री अन्न में पाये जाने वाले पोषक तत्वों एवं श्री अन्न को दैनिक भोजन में कैसे उपयोग करें तथा उनके द्वारा बताया गया कि महिलाओं में खून की कमी और कैल्शियम की कमी बहुतायत से है।यदि महिलाएं श्री अन्न को दैनिक भोजन में प्रयोग करती हैं।तो उक्त बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। संतोष कुमार सविता,उप कृषि निदेशक, पीलीभीत के द्वारा श्री अन्न की खेती करने तथा उसमें पड़ने वाले उर्वरकों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा इनके द्वारा बताया गया कि श्री अन्न के उत्पादन करने में बहुत ही कम खाद उर्वरक एवं सिंचाई की आवश्यकता होती है।यह भी बताया गया कि श्री अन्न की खेती वर्षा के आधार पर हो जाती है।अलग से सिंचाई करने की बहुत ही कम आवश्यकता पड़ती है। इसके साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई गई।वैज्ञानिकों द्वारा कार्यशाला में उपस्थित कृषकों को कृषि की विभिन्न विधाओं एवं तकनीकी जानकारियॉ उपलब्ध कराई गई जिससे कृषक कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। विभिन्न विभागों से आये अधिकारियो द्वारा अपने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।उक्त कार्यशाला में विनोद कुमार यादव,जिला कृषि अधिकारी,श्याम नारायण राम जिला कृषि रक्षा अधिकारी,गणेश शंकर परिहार,भूमि संरक्षण अधिकारी, अरविन्द्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी,बालीशरण चौधरी,जिला उद्यान अधिकारी,एमके गौतम,सहायक निदेशक रेशम,इं0 कौशल किशोर,उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी,पंकज कुमार अपर जिला कृषि अधिकारी,पीलीभीत तथा जनपद के प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त उपस्थित कृषकों एवं समस्त अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यषाला का समापन किया गया।

# पुल निर्माण से मिली लोगो को राहत, आवागमन शुरू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

औरास, उन्नाव। सई नदी के जर्जर पुल की मरम्मत कर 22 वे दिन बाधित यातायात साधनों का आवागमन चालू हुआ आने जाने वालों को मिली राहत।भारी भरकम बजट में काम सिर्फ टीप टॉप व रंगाई पोताई कर किया काम खत्म लोंगो में आक्रोश। जानकारी के मुताबिक औरास मियागंज मार्ग पर स्थित सई नदी का पुल जो कि लगभग 6 माह से जर्जर पड़ा था जिसको ध्यान में रखते हुए शासन ने 35 लाख से अधिक रुपए का बजट पास किया था। जिसकी मरम्मत कराने के लिए 2 दिसंबर 2023 को मध्य रात्रि में दोनों तरफ से आवागमन पूर्णता बंद कर दिया गया था जेई महेश ने 2 दिसंबर से 31 दिसंबर तक निर्माण कर कंप्लीट कराने के लिए शासन से समय मांगा था जिसके उपरांत,जर्जर पुल की मरम्मत करा कर 23 दिसंबर को भोर पहर दोनों तरफ से बंद रास्ते को खोल कर आवागमन चालू कर दिया गया। सुबह खुले रास्ते को देखकर राहगीरों के चेहरे खुशी से खिल उठे और राहत की सास ली। वहीं कुछ लोगों ने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी भारी भरकम बजट में काम सिर्फ टिप टॉप व रंगा पुताई कर संपूर्ण कार्य पूरा हो जाने को दिखाकर आए हुए धन का बंदर बांट कर दिया गया है जिससे कि लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# शरद मेले में हुई कई प्रतियोगिताएं विजेताओं को वितरित किए पुरस्कार

## रंगोली प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय गणेशपुर गोटियां के बच्चे ने पाया प्रथम स्थान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।रोटरी क्लब द्वारा आयोजित शरद मेले का शुभारंभ रोटरी क्लब के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने किया है।मेले में पहले दिन आकर्षक का केंद्र मुंबई से आई डांस पार्टी रही इसके अलावा कई प्रतियोगिताएं हुई मेहंदी,रगोली,आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन रोटरी हाउस पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिन,राजीव मल्होत्रा,राजित अग्रवाल कार्तिक भसीन,कंपजीट विद्यालय गनेशपुर गोटियां की प्रधानाध्यापिका रजनी जौहरी विद्यालय के बच्चे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित हुए भाजपा जिलाअध्यक्ष विकसित भारत बनाने में सहयोग की दिलाई शपथ

**केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों एवं योजनाओं का अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा योजनाओं का लाभ,लोगो में दिख रहा वैचारिक बदलाव- संजीव प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर।विकासखंड की ग्राम पंचायत चंदिया हजारा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने किया उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगे स्टालों का निरीक्षण किया इस अवसर जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। इस लक्ष्य में आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित हो एवं सभी राष्ट्र के नवनिर्माण में अपनी सहभागिता एवं मजबूती दे सके।इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित किया जा रहा है। यह काफी हर्ष की बात है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं माताएं प्रतिभाग कर रही हैं तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उनका लाभ प्राप्त करने को स्वयं आगे आ रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं नीतियों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जा रहा है।इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान,खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह,सचिव प्रेम शंकर,स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जितेन्द्र कुमार सिन्हा,जिला जज विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के आदेशानुसार सदर तहसील के महोफ ग्राम के हाई स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारम्भ सुनील कुमार अपर जिला जज व पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया।उक्त आयोजित शिविर में सुनील कुमार अपर जिला जज व पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत तथा अमित कुमार यादव,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट दीवानी न्यायालय उपस्थित रहे।साथ ही तहसीलदार सदर,खण्ड शिक्षा अधिकारी मरौरी,श्रम प्रवर्तन अधिकारी,वन विभाग के रेंजर,मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा नामित टीम के द्वारा शिविर में भाग लिया गया।

आयोजित शिविर में सुनील कुमार अपर जिला जज एव पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई तथा अमित कुमार यादव,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट के द्वारा एडीआर से सम्बन्धित अन्य योजनाओं के बारे में तथा अन्य वादों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा डॉ0 महविश के द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित सर्वाइक कैंसर के बारे में उपस्थित महिलाओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की। तहसीलदार के द्वारा जमीन से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी के द्वारा भी उपस्थित जनसमूह को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# चीनी मिल से संबंधित समस्याओं को लेकर किसान नेताओं ने एमडी को सौंपा ज्ञापन

पुरनपुर।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने चीनी मिल पूरनपुर क्षेत्र के गन्ना किसानों की गम्भीर समस्याओं का ज्ञापन प्रबंध निदेशक चीनी मिल संघ लखनऊ रमाकांत पाण्डेय को चीनी मिल पूरनपुर गेस्ट हाउस में सौंपा ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से कुलवंत सिंह सोनी तहसील अध्यक्ष पूरनपुर,नवदीप सिंह जिला उपाध्यक्ष,कुलदीप सिंह तहसील वरिष्ठ उपाध्यक्ष लालू यादव,आनंद कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में प्रधानाचार्य का हुआ निधन



बीघापुर,उन्नाव। तहसील बीघापुर अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल खरझारा के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार यादव जो पीताम्बर नगर,उन्नाव निवासी थे। आज प्रातः निधन हो गया ,वे 54 वर्ष के थे। ज्ञात हो कि गत 20 दिसम्बर को विद्यालय से घर जाते समय धानीखेड़ा लालकुवां रोड पर उदल फौजी अकादमी के निकट एक कार से उनकी मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना में वे गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज रिजेंसी हॉस्पिटल कानपुर में चल रहा था जहाँ पर आज रात्रि को राजेन्द्र यादव ने अंतिम साँस ली। वे अपने पीछे पत्नी सुमन यादव 50 वर्ष ,पुत्र हेमंत राज 21 वर्ष एवं हर्षित 17 वर्ष एवं अपने बुज़ुर्ग माँ-बाप को छोड़ गए। राजेन्द्र यादव के असमय निधन से समूचे शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गयी।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने सेहरामऊ क्षेत्र में की छापेमारी मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पुरनपुर। औषधि निरीक्षक पीलीभीत नेहा वैश द्वारा ग्राम कुर्रैया व जोगरजपुर में सहायक आयुक्त औषधि बरेली मंडल से प्राप्त से दिशा निर्देश पर अलग अलग कई मेडिकल स्टोरो पर छापामार कार्यवाही की गयी हैं।जिसमे सिन्ह मेडिकल स्टोर पर औचक कार्यवाही के दौरान प्रतिष्ठान पर दवा व्यवसाय व दवाओ से सम्वन्धित अभिलेखों दवाओं के क्रय एवं विक्रय व दवा भन्डारण आदि की जांच की गयी दवा भंडारण आदि में अनियमितता पाई जाने पर प्रतिष्ठान पर उपस्थित प्रतिष्ठान स्वामी को विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी है।निरीक्षण आख्या प्रपत्र पर अंकित कर नियमानुसार सहायक आयुक्त औषधि बरेली मंडल को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दी है।निरीक्षण के दौरान दो अन्य प्रतिष्ठान हिंदुस्तान मेडिकल स्टोर व मिश्रा मेडिकल स्टोर पर औचक कार्यवाही के दौरान प्रतिष्ठान पर दवा व्यवसाय से सम्वन्धित अभिलेखों दवाओं के क्रय एवं विक्रय व दवा भन्डारण आदि की जांच की गयी। दवा भंडारण आदि में अनियमितता पाई जाने पर प्रतिष्ठान पर उपस्थित प्रतिष्ठान स्वामी को विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गयी। निरीक्षण आख्या प्रपत्र पर अंकित कर नियमानुसार सहायक आयुक्त औषधि बरेली मंडल को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किए गए व तीन संदिग्ध दवाओं के नमूनों को प्रपत्र पर अंकित कर नियमानुसार राजकीय प्रयोगशाला भेज दिए हैं।

# गांव की तस्वीर बदल रहे हैं पीएम: सांसद रविकिशन

गोरखपुर। कहा जाता है भारत गांवों में बसता है और गांवों का विकास होगा तभी देश का विकास हो सकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी बात को साबित करने के लिए दिनरात एक किए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ हर समय गांवों के बारे में सोचते हैं और गांव के विकास के लिए नई-नई योजनाएं बनाते रहते हैं। यह बातें शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पाली ब्लाक में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए सदर सांसद रविकिशन शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हम सब देशवासी एक नए भारत का दर्शन कर रहे। यह नया भारत केंद्र सरकार की हर योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव के देने की गारंटी देता है, पहली बार गरीब किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बने हैं। आज चेहरा देख कर नहीं, बल्कि बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ सभी को मोदी जी की गारंटी के माध्यम से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं को पूरी तरह से लागू किया जा रहा है। प्रदेश के हर गांव में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव के लोगों के बारे में बहुत अधिक गंभीरता से सोचते हैं। इसलिए उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू किया है। इस यात्रा में गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। यही नहीं चौपाल में लोगों को योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों को भारत सरकार से चलाई सभी योजनाओं जैसे दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, ग्रामीण आवास, स्वच्छ भारत मिशन, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने तरह- तरह के स्टाल भी लगाए। इसमें किसान सम्मान निधि, शौचालय, मनरेगा आदि के लाभार्थियों से प्रार्थना पत्र भी लिया। सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि 2047 तक भारत राष्ट्र को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने हेतु भारत की एकता को सुदृढ़ करने हेतु संकल्प लिया गया।

# कार और बाइक की आमने सामने भिडंत में युवक घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

औरास,उन्नाव। घर लौट रहे युवक की बाइक सामने से आ रही कार में लड़ गई। युवक घायल हो गया,घायल को राहगीरो ने सीएससी में भर्ती कराया,डॉक्टरो ने रिफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक लखनऊ जिले के रहीमाबाद पुलिस चौकी क्षेत्र के मवई फत्तेपुर निवासी ज्ञानेंद्र पुत्र त्रिलोकी 28 अपनी मोटरसाइकिल से बगैर हेलमेट पहने वापस अपने घर जा रहा था। कस्बा औरास में, औरास संडीला मार्ग पर जैसे ही थाने के लगभग डेढ़ सौ मीटर दूरी पर पहुंचा ही था कि सामने से आ रही कार में और मोटरसाइकिल में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें युवक घायल होकर गंभीर अवस्था में गिर पड़ा राहगीरों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करते हुए युवक की हालत गंभीर देख लखनऊ के ट्रामा सेंटर अस्पताल रिफर कर दिया, राहगीरों के अनुसार युवक शराब के नशे में था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सूपामऊ में कार्यक्रम आयोजित

रामसनेही घाट बाराबंकी।विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक विधानसभा दरिया बाद लोकसभा फैजाबाद (अयोध्या) के सूपामऊ में आयोजित की गई बैठक में ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहें तो वही विकास विभाग के पंचायत , राजस्व, विद्युत विभाग के सक्षम अधिकारी गायब रहें,जिसमें मंडल अध्यक्ष राकेश लोधी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए,बैठक में पहुंचे एडीओ समाज कल्याण व एडीओ एजी सीडीपीओ आदि ने सरकार की प्रचलित योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थी धनीराम पुत्र राम उजागर को राकेश लोधी ने आवास की चाभी सौंपी, कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष समेत अन्य अतिथियों का स्वागत ग्राम प्रधान दिलीप कुमार द्वारा किया गया व प्रभाकर तिवारी सर्वेश के द्वारा मंडल अध्यक्ष का माल्यार्पण किया गया, इस मौके पर पुलिस विभाग समेत, पंचायत सचिव अनंत कुमार, लेखपाल अखिलेश श्रीवास्तव, आशा बहू रानी बिटिया, कल्पना तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मिथिलेश, पंचायत सहायक, पंचायत मित्र जितेन्द्र कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण व लाभार्थी मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पंकज तिवारी के द्वारा किया गया।

# 51000 तुलसी के पौधों का होगा आमजनमानस में नि:शुल्क वितरण: विमल

## हिंदू जागरण मंच निकालेगा शहर में विशाल तुलसी पूजन यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। जिले में 493 वर्षों के संघर्ष के बाद पूरी भव्यता दिव्यता से अयोध्या में विराजने जा रहे रामलला को समर्पित रहेगी इस वर्ष 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस विशाल यात्रा 51000 तुलसी के पौधों का होगा आमजनमानस में नि:शुल्क वितरण

हर वर्ष की भांति नर सेवा नारायण सेवा व हिन्दू जागरण मंच की 25 दिसंबर को निकाली जाने वाली तुलसी पूजन दिवस विशाल यात्रा राम मंदिर व खाटू श्याम सहित सैकड़ो मनमोहक झांकियो के साथ ही डांडिया ,आर्मी बैंड ,स्थानीय बैंड व घोड़े ,रथो में महापुरुषों की झांकियों के साथ पूरी भव्यता से निकाली जाएगी। यात्रा दोपहर 12 बजे रामलीला मैदान से आवास विकास वृंदावन गार्डन तक जाएगी। यात्रा की संक्षिप्त रूपरेखा पत्रकार वार्ता कर तुलसी पूजन दिवस यात्रा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने बताया कार्यकर्ताओं द्वारा महजनसम्पर्क अभियान चलाकर आमजनमानस को आमंत्रण पत्र व तुलसी का पौथा देकर आमंत्रित किया गया है। यात्रा के दौरान तुलसी के पौधों का नि:शुल्क वितरण होगा साथ ही ढोल नगाड़ों के साथ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन को भी मनाया जाएगा। साथ ही रामजन्मभूमि आंदोलन में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले हजारों कार सेवकों को भी हम कृतज्ञ हिन्दू समाज की तरफ से श्रद्धांजलि देंगे। इसी क्रम में रामजन्मभूमि आंदोलन में 493 वर्षों में ऐतिहासिक योगदान करने वाले ज्ञात अज्ञात यथासम्भव नायकों को भी नमन किया जाएगा यात्रा के गंतव्य वृंदावन गार्डन आवास विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। विमल द्विवेदी ने हर वर्ष की भांति जनपदवासियों से प्रस्तावित यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील कीक्र उन्होंने केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया लव जिहाद के विरुद्ध कानून बनाने पर। साथ ही उन्होंने अपील की सरकार मिशनरियों के धर्मांतरण के खेल को रोकने के लिए धर्मांतरण पर केंद्रीय स्तर पर सख्त कानून बनाने की अपील की उन्होंने कहा धर्मांतरण किसी भी राष्ट्र को कमजोर करने का एक प्रभावशाली हथियार है,और इतिहास बताता है कि भारत मे ईसाई मिशनरी एजेंडा केवल सेवा की आड़ में धर्मांतरण करना है। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था जब एक हिन्दू अपना धर्म बदलता है। तो सनातन से एक व्यक्ति कम ही नही होता अपितु सनातन का एक शत्रु बढ़ जाता हैं। धर्मांतरण पर कानून बनाए बिना भारत एक राष्ट्र के रूप में नही बचाया जा सकता क्योंकि उदाहरण स्वरूप भारत के ही कभी भू भाग रहे पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिन्दू संस्कृति के लगभग समाप्त हो जाने पर वहाँ के कबीलाई सोच आधारित अपराध की घटनाओं से हम रोज रूबरू होते हैं। और वैश्विक रूप से पाकिस्तान को हम आतंक की फैक्ट्री के रूप में उंस भूभाग को पहचानते है।

पत्रकार वार्ता में हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी , सहसंयोजक विष्णु गुप्ता , आचार्य कमलेश बाजपेई गायत्री परिवार,मनीष अवस्थी ,विकास सिंह सेंगर ,राघवेंद्र पांडेय ,शिवसेवक त्रिपाठी , धर्मेंद्र शुक्ला, योगेंद्र तिवारी, मनीष मिश्रा ,शिवम् आदि मौजूद रहे।

# सामने आया अग्निपथ पर सरकार का झूठ

अग्निपथ योजना को लागू करते वक्त जो आशंकाएं जाहिर की गई थीं, वे सच साबित होती हुई सामने आ गई हैं। युवाओं की, सेना के तीनों अंगों में बहुत कम अवधि के लिये और काफी कम तनख्वाह पर भर्ती करने की यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा जून 2020 में लागू की गई थी। इसके अंतर्गत 17 से 21 वर्ष तक की उम्र के युवाओं को प्रति माह 30 हजार रुपये के वेतन पर सेना में भर्ती किया जाता है जो चार साल के बाद सेवानिवृत्त कर दिये जाएंगे। सरकार ने योजना को लागू करते समय कहा था कि इसके लिये सेना के उच्चाधिकारियों एवं सेना विशेषज्ञों से राय ली गई है। अब पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल (सेवानिवृत्त) एमएम नरवणे की किताब में इसे लेकर खुलासा हुआ है कि इस योजना को देखकर तीनों सेनाएं चौंक गई थीं। इसका अर्थ यह है कि उनकी सलाह लिये बिना ही यह योजना लाई गई थी। नरवणे ने इसमें अनेक खामियां बतलाई हैं। यह भी बतलाया है कि उसे लेकर जो सरकार द्वारा कहा गया था उसके मुकाबले यह योजना एकदम से अलग थी जो सेना के किसी भी अंग द्वारा स्वेच्छा से स्वीकार्य नहीं हो सकती थी। 31 दिसम्बर, 2019 से 30 अप्रैल, 2022 तक सेना प्रमुख रहे जनरल (रिटायर्ड) मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी किताब फॉर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी में लिखा है कि अग्निपथ योजना के कई स्वरूपों पर विचार किया गया था। सेना की प्रारम्भिक सिफारिश थी कि 75 प्रतिशत सैनिकों को काम करते रहना चाहिये और 25 फीसदी की क्रमिक रूप से सेवानिवृत्ति होनी चाहिये। उन्होंने यह भी बताया कि साल 2020 में प्रधानमंत्री के साथ हुई बैठक में कहा गया था कि यह एक सीमित तरीके से सेना में भर्ती योजना की तरह रहेगी और इसका नाम श्टूर ऑफ ड्यूटीश होगाय जबकि योजना जब पेश की गई तो पाया गया कि यह व्यापक तौर पर लागू की गई थी। वायु सेना के उच्चाधिकारियों को भी इससे झटका लगा था। सरकार की ओर से थल, वायु व नौसेना के लिये यह अचानक लागू कर दी गई थी। जनरल नरवणे लिखते हैं कि अग्निपथ में पहले साल अग्निवीर का प्रारम्भिक वेतन सारा कुछ मिलाकर 20 हजार रुपये प्रति माह था जो सेना को बिल्कुल स्वीकार्य नहीं हुआ। सेना का कहना था कि एक प्रशिक्षित सैनिक से उम्मीद तो की जाती है कि वह देश के लिए जान कुर्बान कर देगा परन्तु उसे बहुत ही कम तनख्वाह दी जा रही है। किसी सैनिक की तुलना एक दिहाड़ी मजदूर से नहीं की जा सकती। सेना की जोरदार सिफारिशों के कारण बाद में इसे बढ़ाकर 30 हजार प्रति माह किया गया। चार साल की अवधि के लिए सैनिकों, नौ सैनिकों और वायुसैनिकों की भर्ती के लिए जून, 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना ने भारतीय सेना को आश्चर्यचकित कर दिया था, जबकि यह नौसेना और वायु सेना, के लिए भी अचानक मिला झटका था। जनरल नरवणे आगे लिखते हैं कि उन्हें नौसेना को समझाने में काफी समय लगा था और बहुत मुश्किलें आई थीं। वे यह भी बताते हैं कि तीनों अंगों में भर्ती का मामला होने के कारण इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी तत्कालीन चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत पर आ गई थी, जो एक दुर्घटना में नहीं रहे। 14 जून, 2022 को केंद्र सरकार द्वारा लागू करते वक्त अग्निपथ योजना को चार साल के लिए सशस्त्र बलों में सैनिकों की भर्ती के लिए श्परिवर्तनकारी योजनाश बतलाया गया। नियमित तौर पर भर्ती की पहले से जारी पिछली प्रक्रिया को खत्म कर दिया गया। अग्निपथ योजना में भारतीय सेना ने दो बैचों में तहत 40 हजार अग्निवीरों को शामिल किया। पहला बैच दिसंबर, 2022 और दूसरा फरवरी, 2023 में भर्ती हुआ। चार साल पूरे होने पर 25 प्रश सेवा छोड़ने पर अग्निवीर किसी अन्य प्रक्रिया के तहत नियमित कैडर में शामिल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना को जब लागू किया गया था तो देश भर में इसका विरोध हुआ था। विरोध के कई कारण बताये गये थे जिनमें प्रमुख यह था कि चार साल की अवधि बहुत कम होती है और एक सैनिक को पूर्ण प्रशिक्षण लेने में 5 से 7 वर्ष लग जाते हैं। बहुत कम समय में तैयार ऐसे युवाओं को युद्ध में भेजने का मतलब होगा उन्हें मौत के मुंह में डालना। योजना के विरोध के पीछे एक और समाज वैज्ञानिक तर्क दिया गया था जो आज भी प्रासंगिक व विचारणीय है। वह यह था कि 21 से 25 वर्ष की आयु पूरी होने पर जब युवा नौकरी छोड़ेगा तब उसके आगे बेरोजगार होने का खतरा तो बना रहेगा, दूसरी ओर सेना में रहकर शस्त्र चलाना सीखने के बाद वह समाज के लिये घातक हो सकता है। ऐसे युवा समाज के सशस्त्रीकरण की राह प्रशस्त कर सकते हैं।

# एक पत्रकार के रूप में धड़कता था अटल बिहारी वाजपेई का दिल



डा. ध्वनी सिंह

पत्रकरिता एक उद्योग से कहीं ज्यादा एक जन सेवा हैं। इसका परम उद्देश्य खबरों को एकत्रित करना उन्हें छापना और प्रसारित करना है। ताकि सतत प्रक्रिया चलती रहे। सूचना से लेकर आमदनी तक के इस सफर को बखूबी समझते थे भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी बाजपेई। तभी तो वे अक्सर कहते थे, ''पत्र खरीद कर पढ़ें, मांग कर नहीं।'' उनका कहना था कि जब हम खाना मांग कर खाना पसंद नहीं करते, मांगा हुआ कपड़ा पसंद नहीं करते, तो हम मांगा हुआ अखबार पढ़ने से संकोच क्यों नहीं करते हैं? समाचार पत्रों की बिक्री होना जरूरी है। समाचार पत्र घाटे में न चले, इसका प्रबंधन भी बहुत आवश्यक है। अटल जी ने कठिन परिस्थितियों में पत्रकारिता की शुरुआत की थी और वह अखबार में खबर लिखने, संपादन करने और प्रिंटिंग के साथ साथ समाचार पत्र वितरण का कार्य भी स्वयं करते थे। अटल बिहारी वाजपेई राजनेता बनने से पहले एक पत्रकार थे। वह देश और समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा से पत्रकारिता में आए थे। उनके जीवन का लक्ष्य पत्रकारिता के माध्यम से पैसे कमाना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण था। उनकी कविताएं नौजवानों में उत्साह जगाने वाली थीं। अटल जी का मानना था कि समाचार पत्रों के ऊपर एक बड़ा राष्ट्रीय दायित्व है। भले ही हम समाचार पत्रों की गणना उद्योग में करें, लेकिन समाचार पत्र केवल उद्योग नहीं हैं, उससे भी कुछ अधिक हैं। अटल जी मासिक पत्रिका 'राष्ट्रधर्म' के प्रथम संपादक रहे हैं। वे छात्र जीवन से ही संपादक बनना चाहते थे। उन्होंने पांचजन्य, स्वदेश, वीर अर्जुन और कई अन्य समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए कार्य किया था। 20 जनवरी 1982 में 'तरुण भारत' की रजत जयंती पर अटल जी ने कहा था, 'समाचार पत्र के ऊपर एक बड़ा राष्ट्रीय दायित्व है। भले हम समाचार पत्रों की गणना उद्योग में करें, कर्मचारियों के साथ न्याय करने की दृष्टि से आज यह आवश्यक भी होगा, लेकिन समाचार पत्र केवल उद्योग नहीं है, उससे भी कुछ अधिक है। पत्रकरिता के प्रति रुझान रखने वाले वाजपेयी जी अपने छात्र जीवन के दौरान पहली बार राष्ट्रवादी राजनीति में तब आये जब उन्होंने वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन जिसने ब्रिटिश उपनिवेशवाद का अंत किया। वह राजनीति विज्ञान और विधि के छात्र थे और कॉलेज के दिनों में ही उनकी रुचि विदेशी मामलों के प्रति बढ़ी। उनकी यह रुचि वर्षों तक बनी रही एवं विभिन्न बहुपक्षीय और द्विपक्षीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने अपने इस कौशल का परिचय दिया। एक पत्रकार के तौर पर अपनी वाकपटुता से सभी को नतमस्तक करने वाले बाजपेई जी कितने कुशल वक्ता थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अपनी पार्टी के अलावा वह अन्य विरोधी पार्टियों के भी चहेते थे। वाजपेयी जी वह पहले नेता थे, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया था। 1977 में मोरारजी देसाई की सरकार में विदेश मंत्री रहे वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को हिंदी में संबोधित किया था। इसके साथ ही उनकी हाजिर जवाबी का हर कोई कायल था। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब उन्होंने एक पाकिस्तानी पत्रकार से दहेज़ में पूरा पाकिस्तान ही मांग लिया। एक बार पाकिस्तानी महिला पत्रकार ने प्रेस कांफ्रेंस में उनसे शादी का प्रस्ताव रख दिया। जिसके बाद उनकी हाजिर जवाबी से पूरा माहौल ही बदल गया और पूरा हॉल हंसी के ठहाकों से गूंज उठा। हुआ यूं कि उस महिला पत्रकार ने उनके सामने एक सार्वजनिक तौर पर शादी का प्रस्ताव रख दिया और मुंह दिखाई की रस्म अदायगी में कश्मीर मांग लिया। पत्रकार के इस प्रस्ताव से पूरे हॉल में सन्नाटा पसार गया। अन्य पत्रकारी के मुंह चिंता की लकीरें पसर गईं। इसके जवाब में पूर्व पीएम ने पाकिस्तान की महिला पत्रकार से ही दहेज के रूप में पूरा पाकिस्तान मांग लिया था। अटल जी के इस जवाब के बाद ठहाकों की गूंज के बीच पाकिस्तानी महिला पत्रकार भी मुस्कुराने पर मजबूर हो गईं। कुशल नेतृत्व और धारदार लेखनी के स्वामी अटल जी को ये धार उनके व्यक्तित्व को बनारस ने दी थी। क्योंकि उनकी पत्रकारिता की शुरुवात ही बनारस से हुई थी। उस जमाने मे बनारस से 'समाचार अखबार' निकलता था। आधे पैसे की कीमत वाले उस अखबार में अटल बिहारी बाजपेई, नाना जी देशमुख, बाला साहब देवरस जैसे लोग लिखा करते थे। अटल जी समाचार अखबार के लिए लेख, यात्रा संस्मरण, रिपोर्ट लिखा करते थे। अटल जी के पत्रकार से से राजनीती के सफ़र को तय करने में एक बहुत बड़ी घटना का अहम योगदान रहा है। दरअसल वाजपेयी जी पत्रकार के रूप में तत्कालीन भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ 1950 में उस अभियान में शामिल रहे जिसके तहत बिना परमिट कश्मीर में प्रवेश के लिए संघर्ष हुआ था। तब दूसरे राज्यों के लोगों के कश्मीर में प्रवेश के लिए विशेष परमिट लेने का प्रवाधान था। मुखर्जी ने उस प्रवाधान को खत्म करने के लिए आंदोलन के तहत बिना परमिट प्रवेश किया था और मुखर्जी जी को श्रीनगर में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के कुछ दिनों बाद ही नजरबंदी में रहने वाले डॉ. मुखर्जी की बीमारी की वजह से मौत हो गई। इस घटना से वाजपेयी जी काफी आहत हुए। वह इंटरव्यू में कहते हैं, ''मुझे लगा कि डॉ. मुखर्जी के काम को आगे बढ़ाना चाहिए।'' इसके बाद वाजपेयी राजनीति में आ गए। वह साल 1957 में वह पहली बार सांसद बनकर लोकसभा पहुंचे। लेकिन एक पत्रकार की आत्मा उनके अंदर सदैव जीवित रही। वे कहते थे कि पत्रकार बनाए नहीं जाते, वो लड़ाई के जज्बे का गुण लेकर पैदा होते हैं। वाजपेई की आत्मा कवि की थी और जिज्ञासा एक पत्रकार की इसके बावजूद उनके सार्वजनिक और निजी जीवन में एक संतुलन दिखाई देता है। उनकी कविताएं आज भी युवाओं को आंदोलित करती हैं। एक प्रधानमंत्री होने के अलावा अटल बिहारी वाजपेई को एक कवि के तौर पर भी जाना जाता है। उनकी कविताएं कदम मिलाकर चलना होगा, गीत नया गाता हूं, दो अनुभूतियां, मेरी इक्यावन कविताएं आदि बहुत ही चर्चित रही हैं। कवि पत्रकार और राजनेता तीनो क्षेत्र में अपना परचम लहराने वाले अटल जी के व्यक्तिव का कोई सानी नहीं है।

**(लेखिका आईसीएसएसआर पीडीएफ स्कॉलर हैं।)**

**अटल जी मासिक पत्रिका 'राष्ट्रधर्म' के प्रथम संपादक रहे हैं। वे छात्र जीवन से ही संपादक बनना चाहते थे। उन्होंने पांचजन्य, स्वदेश, वीर अर्जुन और कई अन्य समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए कार्य किया था। 20 जनवरी 1982 में 'तरुण भारत' की रजत जयंती पर अटल जी ने कहा था, 'समाचार पत्र के ऊपर एक बड़ा राष्ट्रीय दायित्व है। भले हम समाचार पत्रों की गणना उद्योग में करें, कर्मचारियों के साथ न्याय करने की दृष्टि से आज यह आवश्यक भी होगा, लेकिन समाचार पत्र केवल उद्योग नहीं है, उससे भी कुछ अधिक है। पत्रकरिता के प्रति रुझान रखने वाले वाजपेयी जी अपने छात्र जीवन के दौरान पहली बार राष्ट्रवादी राजनीति में तब आये जब उन्होंने वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन जिसने ब्रिटिश उपनिवेशवाद का अंत किया। वह राजनीति विज्ञान और विधि के छात्र थे और कॉलेज के दिनों में ही उनकी रुचि विदेशी मामलों के प्रति बढ़ी। उनकी यह रुचि वर्षों तक बनी रही एवं विभिन्न बहुपक्षीय और द्विपक्षीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने अपने इस कौशल का परिचय दिया। एक पत्रकार के तौर पर अपनी वाकपटुता से सभी को नतमस्तक करने वाले बाजपेई जी कितने कुशल वक्ता थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अपनी पार्टी के अलावा वह अन्य विरोधी पार्टियों के भी चहेते थे। वाजपेयी जी वह पहले नेता थे, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया था। 1977 में मोरारजी देसाई की सरकार में विदेश मंत्री रहे वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को हिंदी में संबोधित किया था। इसके साथ ही उनकी हाजिर जवाबी का हर कोई कायल था। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब उन्होंने एक पाकिस्तानी पत्रकार से दहेज़ में पूरा पाकिस्तान ही मांग लिया।**



# क्या विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल हैं?

**राम पुनियानी**

हाल में संपन्न राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में कई कारणों से पूरे देश की भारी दिलचस्पी थी. भाजपा पिछले दस सालों से केंद्र में सत्ता में है और उसने जो नीतियां लागू की हैं, उनका देश पर भयावह प्रभाव पड़ा है। चाहे वह नोटबंदी हो, जीएसटी हो या रातोंरात लागू किया गया कोरोना लॉकडाउन- सबसे अधिक आम जनता की खासी फजीहत हुई। देश में सरकारें और ज्यादा तानाशाह होती जा रही हैं और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं पर तरह-तरह की रोकें लगाई जा रही हैं। हंगर इंडेक्स में देश की गिरती हुई स्थिति और लोगों की बढ़ती परेशानियां बहुत कुछ बता रही हैं। भाजपा सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को कश्मीर से हटा दिया है। हमें बताया गया था कि इससे अतिवाद कम होगा। मगर ऐसा कुछ हुआ नहीं। देश भर में मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर हमले जारी हैं और अलग-अलग स्थानों पर ईसाईयों के खिलाफ भी हिंसा हो रही है। इस पृष्ठभूमि में विपक्षी पार्टियों ने इंडिया गठबंधन का गठन किया। ऐसा कहा जा रहा था कि यह गठबंधन हमारे संविधान में निहित श्आईडिया ऑफ इंडियाश को संरक्षित रखने का प्रयास करेगा। सन 2024 के लोकसभा चुनाव के सिलसिले में इस गठबंधन से बहुत उम्मीदें थीं। मगर ऐसा लगता है कि विधानसभा चुनावों के नतीजों ने इन उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया है। कांग्रेस के राज्य-स्तरीय नेतृत्वों ने मनमानी करते हुए गठबंधन के अन्य दलों की उपेक्षा की। इससे दूसरी पार्टियां काफी नाराज हो गईं और गठबंधन के और मजबूत होने की राह बाधित हो गई। कांग्रेस केवल तेलंगाना में जीत हासिल कर सकी और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में उसे हार का सामना करना पड़ा। ये नतीजे चौंकाने वाले हैं क्योंकि अधिकांश एग्जिट पोल्स ने भविष्यवाणी की थी कि इन राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन कहीं बेहतर रहेगा। इसलिए, कांग्रेस की हार एक पहेली बन गई है। यह सही है कि यदि कांग्रेस का अन्य राष्ट्रीय एवं छोटे दलों के साथ गठबंधन होता तो उसका प्रदर्शन बेहतर होता। फिर भी, इन राज्यों में उसकी हार का तर्कसंगत स्पष्टीकरण नहीं दिया जा सकता। लोकसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति बनाते समय इस पहलू पर इंडिया गठबंधन के सदस्यों को ध्यान देना होगा। इन परिणामों का एक पक्ष यह भी है कि अधिकांश दक्षिण भारत भाजपा मुक्त हो गया है। कुछ टिप्पणीकारों का तर्क है कि भाजपा की हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के प्रति समर्थन मुख्यतरू हिन्दी-भाषी राज्यों या काऊ बेल्ट तक सीमित है। कांग्रेस और अन्य दलों को इस बात तथ्य की ओर भी ध्यान देना चाहिए कि उसके तमाम दावों के बावजूद भाजपा की स्थिति बहुत मजबूत नहीं है। यदि हम इन पांच राज्यों में डाले गए कुल वोटों की बात करें तो कांग्रेस को 4.92 करोड़ वोट मिले हैं जबकि भाजपा को 4.81 करोड़ वोट ही हासिल हुए हैं। इसके अलावा मिजोरम, जहां अभी तक एनडीए गठबंधन की सरकार थी, भी उसके हाथ से निकल गया है।

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटने के बारे में भी कयास लगाए जा रहे हैं। यह कार्यकर्ताओं की त्वरित प्रतिक्रिया हो सकती है। लेकिन समय बीतने के साथ पार्टी कार्यकर्ता, तेलंगाना की जीत और प्रतिद्वंद्वी भाजपा की तुलना में अच्छे खासे अधिक वोट हासिल करने को लेकर दुबारा जोश में आ सकते हैं। समय के साथ निराशा का भाव समाप्त हो जाएगा क्योंकि नेतृत्व स्थिति का सामना करने का हर संभव प्रयास कर रहा है। श्भारत जोड़ो यात्राश इस दिशा में एक बड़ा कदम थी। पर्दे के पीछे कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों और जोश पुनर्जीवित होने से पार्टी के उत्साह पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशा की जा सकती है। महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि क्या वे सभी दल, जो इंडिया गठबंधन में शामिल थे, एक बार फिर गठबंधन के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करेंगे? चुनाव के नतीजों से इंडिया गठबंधन को धक्का लगा है। इन तीन बड़े राज्यों में कांग्रेस की हार से कांग्रेस नेतृत्व चिंतन करेगा और उन गलतियों को सुधारने का प्रयास करेगा जिनके चलते गठबंधन के अन्य सदस्य नाराज हैं। विपक्षी दल यह अच्छी तरह जानते हैं कि वे अलग-अलग रहकर भाजपा की विशालकाय चुनावी मशीनरी का मुकाबला नहीं कर सकते। भाजपा के पास मानव संसाधन और धन प्रचुर मात्रा में हैं और उसमें दादागिरी करने की भी बहुत क्षमता है। मीडिया भी केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी के चरणों में नतमस्तक है।

## सेहत मंत्र

# होलमियम लेजर से आसान हुआ गुर्दे की पथरी का इलाज, नहीं लगेंगे चीरे

गुर्दे की पथरी का इलाज बिना चीरा लगाए अब होलमियम लेजर तकनीक से आसानी से किया जा सकता है। एक नामी अस्पताल में इस तकनीक से उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों का दावा है कि इस विधि से मरीज का उपचार करने से न शरीर से रक्त का नुकसान होता है और न ही मरीज को लंबे वक्त अस्पताल में भर्ती रहना पड़ता है। इतना जरूर है कि उपचार की विधियों की अपेक्षा लेजर तकनीक महंगी है। डॉक्टर्स का कहना है कि लेजर तकनीक से गुर्दे की पथरी व टयूमर का एंडोस्कोपिक उपचार आसानी से किया जा सकता है। यह मिनीमली इनवेसिव तकनीक है, जो गुर्दे/मूत्राशय में मौजूद दो सेमी तक की पथरी को तोड़ने के लिए प्रभावी है। इस तकनीक में मूत्रमार्ग के माध्यम से पथरी तक एक लेक्सिबल लेजर फाइबर डाला जाता है। लेजर एक्टिव होने के बाद लेजर बीम पथरी को पाउडर जैसे कण में तोड़ देती है। यह कण बाद में मूत्रमार्ग से बाहर निकल जाते हैं। इस प्रक्रिया से पथरी का उपचार करते समय मरीज को सहज बनाए रखने के लिए जनरल एनेस्थिसिया दिया जाता है। यूरोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. दीपक गर्ग ने कहा कि दिल के मरीजों या उन मरीजों के लिए यह तकनीक पूरी तरह सुरक्षित है, जो खून पतला करने की दवाएं लेते हैं। इसमें एक और फायदा यह है कि पथरी बारीक कणों में टूट जाती है। जिससे उपचार के बाद पथरी के गुर्दे में रहने की संभावना बिल्कुल नहीं रहती है। पत्रकार वार्ता में अस्पताल के वाइस प्रेजीडेंट डॉ. संदीप तंवर भी मौजूद रहे। विशेषज्ञों के अनुसार, पथरी का कारण अधिकतर किडनी में कुछ खास तरह के साल्ट्स का जमा हो जाना होता है। इसमें सबसे पहले स्टोन का छोटा खंड (निडस) बनता है, जिसके चारों ओर सॉल्ट जमा होता रहता है। पुरुषों में महिलाओं की तुलना में पथरी होने की आशंका ज़्यादा होती है। इसके पथरी के कई जेनेटिक कारण, हाइपरटेंशन, मोटापा, मधुमेह और आंतों से जुड़ी कोई अन्य समस्या भी हो सकती हैं।

## धर्म मंत्र

# शक्ति स्वरूपा दुर्गा का एक रूप प्रेम का भी है प्रतीक

हिंदू परंपरा में मुख्य रूप से तीन देवियां हैं। एक हैं लक्ष्मी, दूसरी हैं सरस्वती और तीसरी देवी दुर्गा या शक्ति हैं। लक्ष्मी धन-धान्य या संपत्ति की देवी मानी जाती हैं। सरस्वती ज्ञान की देवी हैं, तो दुर्गा शक्ति की देवी मानी जाती हैं। दुर्ग शब्द से दुर्गा बना है। दुर्गा का मतलब है, जिसे जीता नहीं जा सकता। इसका मूल अर्थ है शक्ति। दुर्गा विशिष्ट देवी हैं। अब यहां सवाल उठता है कि शक्ति की पूजा क्यों होनी चाहिए? कुछ लोगों का मानना है कि राज-काज चलाने या राजनीति के लिए शक्ति की जरूरत पड़ती है। इस तरह राजाओं की देवी दुर्गा हैं। दुर्गा के दो रूप हैं। एक, जो भयानक हैं। उनके बाल खुले होते हैं और वह रक्त पान करती हैं। दूसरा रूप है गौरी। गौरी माता का रूप हैं। वह प्यार करती हैं। दक्षिण भारत में गौरी मंदिरों की मूर्तियां देखें, तो उनके हाथ में त्रिशूल नहीं होता है। उनके हाथ में येसुदंड, यानी ईख होती है। येसुदंड कामदेव का चिह्न है या प्रेम का चिह्न है। प्रेम और शक्ति में क्या संबंध होता है? कुछ लोगों का मानना होता है कि दुष्टों का नाश करने के लिए दुर्गा काली का रूप धारण करती हैं, लेकिन वह दुर्गा रूप में भी दुष्टों को नष्ट करती हैं। फिर कभी काली और कभी दुर्गा का वेष क्यों धारण करती हैं? दुर्गा और काली के रूप में फर्क क्यों है? देखा जाए, तो तीनों देवियों में एक बात सामान्य है। तीन देवियां प्रतीक स्वरूप हैं, जिन्हें व्यक्ति किसी को दे या किसी से ले सकता है। हम धन धान्य और संपत्ति किसी को दे सकते हैं या ले सकते हैं। ज्ञान भी हम दे सकते हैं या ले सकते हैं। लेकिन क्या हम शक्ति ले या दे सकते हैं? देखा जाए तो हम शक्ति भी दे सकते हैं और ले सकते हैं।

## पर्यटन



# बर्फबारी का मजा लूटना चाहते हैं तो चले आइए पटनीटॉप में

पटनीटॉप-सनासर (जम्मू कश्मीर)। चारों ओर बिछी हुई बर्फ की सफ़ेद चादर, देवदार तथा चीड़ के पेड़ों से गिरते बर्फ के टुकड़े सच में यहां आने वालों को नई दुनिया का आभास देते हैं। जिधर नजर दौड़ाएं, बस बर्फ ही बर्फ दिखती है और उस पर दिखते हैं बर्फ के खेलों का आनंद उठाते हुए लोग, जो देश के विभिन्न भागों से आए थे। यह है पटनीटॉप का प्रसिद्ध और मनमोहक पर्यटन स्थल जहां सिर्फ गर्मियां ही नहीं बल्कि सर्दियां भी मनोहारी होती हैं। जम्मू से 108 किमी दूर पटनीटॉप का रमणीय और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थल समुद्रतल से 6400 फुट की ऊंचाई पर है। लंबे लंबे चीड़ और देवदार के पेड़ हर उस शख्स को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं जो प्रकृतिप्रेमी हैं। साल भर इसकी खूबसूरत ढलानों पर जमी रहने वाली बर्फ भी पर्यटकों को अपनी ओर खींच लेने की शक्ति रखती है। जम्मू पर्यटन विभाग पटनीटॉप में बर्फ के खेलों का मजा आने वाले पर्यटकों को देने के लिए अगले कुछ दिनों में 'स्कीइंग फैस्टिवल' आयोजित करने जा रहा है। जम्मू क्षेत्र में यह अपने किस्म का वार्षिक स्कीइंग फ़ेस्टिवल होता है जिसमें पर्यटकों को स्कीइंग तो सिखाई ही जाती है और साथ ही पर्यटक बर्फ के खेलों का आनंद भी लूटते हैं। जब कश्मीर में आतंकी घटनाओं ने देश-विदेश के पर्यटकों को गुलमर्ग के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल से मुख मोड़ने पर विवश किया तो उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश के बर्फीले क्षेत्र बर्फ के खेलों के विकल्प के रूप में उभर कर सामने आए थे। अब जम्मू क्षेत्र के 'पहलगाम' के रूप में जाने जाना वाला पटनीटॉप नए और महत्वपूर्ण बर्फ के पर्यटन स्थल के रूप में पूरी तरह से उभर चुका है। पहलगाम के उपरांत पटनीटॉप को स्कीइंग स्थल के रूप में ख्याति प्राप्त करवाने में पर्यटन विभाग के जम्मू विंग का अच्छा खासा सहयोग रहा है। विभाग की मेहनत ही है कि आज पटनीटॉप में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग करने वालों की भीड़ लगी रहती है। स्कीइंग के लिए तो पटनीटॉप की सबसे ऊंची पहाड़ी पर बनी छोटी और बड़ी स्लोपों के साथ ही पटनीटॉप के साथ लगते नथाटाप क्षेत्र को भी इस्तेमाल में लाया जा रहा है। जो आप ही खूबसूरती की एक मिसाल है। पर्यटन विभाग की ओर से अन्य स्लोपों की तलाश तथा उनका विकास किया जा रहा है ताकि स्कीइंग के लिए आने वालों की भीड़ से निपटा जा सके।

# टिकैतगंज डकैती का खुलासा, सात गिरफ्तार

## 21 किलो से अधिक चांदी, 51 ग्राम सोना और नगदी बरामद, पुलिस मुठभेड़ में एक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत टिकैतगंज में हुई बहुचर्चित डकैती की घटना का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस मुठभेड़ में एक डकैत घायल हुआ है, कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पांच की अभी भी पुलिस तलाश कर रही है। पकड़े गए डकैतों के पास से 21 किलो 200 ग्राम चांदी, 51 ग्राम सोना और पांच हजार नगदी बरामद की गई है। पूरे गिरोह पर पुलिस गैंगस्टर लगाने की तैयारी कर रही है।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि भुक्तभोगी भोगी व्यापारी शिवकुमार निगम के करीबी लोगों ने ही डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इसकी योजना 15 दिसंबर को ही तैयार कर ली गई थी। डकैतों ने 18 दिसंबर को डकैती डालने का प्लान तैयार किया था। जिसके तहत पहले एक व्यक्ति बर्तन खरीदने के बहाने अंदर घुसा। इसके बाद दूसरा साथी अंदर आ गया। असलहे की नोक पर परिवार की दोनों महिलाओं और व्यापारी को अंदर बैठा दिया गया। फिर फिर लूट की घटना को अंजाम दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त नौशाद को असलहा बरामदगी के दौरान भागने लगा। जिसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने चेतावनी देकर पर पर गोली चलाई। नौशाद को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक का कहना है किअभियुक्तों के कब्जे से 21.200 किग्रा चांदी व चांदी के आभूषण, 51 ग्राम सोने के आभूषण , नकदी 5075 रुपए सहित 02 तमंचा व 04 जिन्दा/खोखा कारतूस बरामद किया गया है। जो कि वादी मुकदमा द्वारा लिखाया गया लूट के माल से कहीं अधिक है। फरार डकैतों के पास भी लगभग इतना ही माल होने की उम्मीद की जा रही है।

एसपी ने बताया कि कुल 7 अभियुक्तों नौशाद पुत्र मुख्तार निवासी ग्राम भौली थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ, मनोज पुत्र शत्रोहन गुप्ता निवासी फैजुल्लागंज गणेश बिहार कालोनी एसआर पैलेस के बगल थाना मड़ियाव जनपद लखनऊ, मूल पता-ग्राम मुबारकपुर थाना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर, रूपेन्द्र उर्फ सूरज पुत्र पुत्तन सिह निवासी देवरी रूखारा थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ, मोनू उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र बचान सिंह निवासी ग्राम मामपुरबाना थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ, प्रेम कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम लोहराई मजरे डिकरी बाजार खिझना थाना घुघंटेर जनपद बाराबंकी, रामबहादुर सिंह पुत्र भगवान बख्श सिंह निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना महिगवां जनपद लखनऊ, तथा राजू यादव उर्फ वीरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. सोहन लाल यादव निवासी ग्राम लंघनियाँ थाना बिसवां जनपद सीतापुर को ग्राम बोहइया स्थित भुइहारन बाबा मन्दिर के पास बाग से गिरफ्तार किया गया।

### क्लोज सर्किट कैमरे से मिली खुलासे में मदद

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गांव में लगे कैमरे से अभियुक्तों की पहचान उसी दिन कर ली गई थी। हालांकि शिवकुमार निगम के घर पर कैमरा नहीं लगा था। उन्होंने जिले भर के व्यापारियों से अपील की कि वह अपने-अपने घरों पर कैमरे जरूर लगायें।



### घर के अंदर की दशा से परिचित था अभियुक्त

पुलिस अधीक्षक का कहना है कि टिकैतगंज कस्बे के पास स्थित मोसण्ड का निवासी अभियुक्त अमरजीत यादव नहीं पूरी घटना का प्लान तैयार किया था। उसे मालूम था कि शिवकुमार निगम जेवरात रेहन रखकर ब्याज पर पैसे देने का काम करता है। वह घर की आंतरिक स्थिति से भी वाकिफ था। यह बात उसने अपने रिश्ते के बहनोई गनेशी जो इस घटना का वांछित अभियुक्त है से साझा किया। गनेशी पिछले कुछ दिनों से वादी के घर पर ग्राहक बनकर नियमित रूप से आता जाता था जिससे उसे वादी के घर की पूरी जानकारी हो जाये। तत्पश्चात इन दोनों ने महिगंवा के हिस्ट्रीशीटर अपराधी राम बहादुर सिंह से सम्पर्क साधा ताकि इस घटना को अंजाम देने हेतु उसके माध्यम से बदमाश मिल सके। रामबहादुर ने बताया कि कुछ बदमाशों को अमरजीत एवं उसका रिश्तेदार लेकर घटना से तीन दिन पूर्व भड़सर के पास स्थित क्रिकेट ग्राउण्ड पर आये थे और अभिषेक, राजू, सूरज, नौशाद एवं प्रेम को लेकर मैं आया था। वहीं पर योजना बनी कि सोमवार को शाम होने के बाद जब सेठ के नौकर दुकान से चले जाते हैं तब हम लोग घर में घुसेंगे। अमरजीत ने ही रेकी किया था। घटना को अंजाम देने हेतु एक बड़ी गाड़ी की आवश्यकता थी जिसकी व्यवस्था पारस निवासी सागरपुर ने राम बहादुर के कहने पर किया था। पारस वाहन चलाने का काम भी करता है और घटना के पहले राम बहादुर के ढ़ाबे के बाहर चाट का ठेला लगाता था। घटना के दिन उसी ने घटना को अंजाम देने हेतु इनोवा कार की व्यवस्था किया था। घटनास्थल पर पहुंचकर गाड़ी में बैठे बदमाशों को बैठे बदमाशों को अमरजीत ने घटनास्थल की पहचान कराई और गाड़ी फिर वहां से बिना रुके तिराहे पर जाकर खड़ी हो गई। वहां से 05 बदमाश क्रमशः आशू, अफसार, राजू, अभिषेक और सूरज घटना को अंजाम देने हेतु मय असलहों के वहां गये। पीछे से नौशाद और गनेशी भी वहां पहुंचे और उन्होंने वादी एवं उसकी बहनों को धमका कर लूट की घटना को अंजाम दिया और फिर वहां से फरार हो गये।

### एसटीएफ ने भी की मदद

एसपी ने बताया कि इस डकैती की घटना की खुलासे के लिए जिले के सभी थानों की पुलिस के साथ-साथ एसटीएफ की भी मदद ली गई। फरार चल रहे पांच अन्य व्यक्तियों की तलाश में छापेमारी जारी है। सभी अभियुक्त साथी अपराधी हैं। जिनके विरुद्ध पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

# संस्था ने जिला कारागार मे बंदियों को बांटे कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आँखें फाउंडेशन के कपड़ा बैंक के द्वारा जिला कारागार में आयोजित पुराने गर्म कपड़े एवं कंबल वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कारागार अधीक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि कारागार में निरूद्ध बंदी भी इसी समाज का अंग है जब वह किन्ही कारणों से चाहर दिवारी में कैद होते हैं तो समाज सेवियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि इन्हें भी सामाजिक सर्वोकारों से जोड़े रहा जाए।

सोशल एक्टिविस्ट प्रदीप सारंग के संयोजन में संपन्न कार्यक्रम में स्वामी सत्यानंद सरस्वती सेवा समिति के प्रतिनिधि प्रताप सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबलों,गर्म टोपियों के साथ कपड़ा बैंक द्वारा पुराने गर्म कपड़ों का वितरण लगभग एक सैकड़ा बंदियों के बीच किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी जेलर श्यामा प्रसाद सिंह,प्रेम चंद्र मौर्य,धर्मेंद्र पटेल अध्यक्ष भारत सेवा संस्थान, सदानंद वर्मा अध्यक्ष आँखें फाउंडेशन, वितरण कार्यक्रम प्रभारी सूरज सिंह गौर, अब्दुल खालिक, सुनील सहारा,राजू पटेल, मुकेश सिंह उपस्थित रहे।

# किसान दिवस: अधिक उत्पादकता वाले 26 किसान हुए सम्मानित

## किसान दिवस के रूप मे जिले भर मे मनी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। पूर्व प्रधाननमंत्री चौधरी चरण सिंह के जयंती पर पल्हरी परिसर में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद समेत कई जनप्रतिनिधियों व डीएम ने उत्कृष्ट खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया। इस दौरान विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। जिनका अवलोकन कर दीप प्रज्जवलन किया। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने मिलेट्स फसलों की विविधिताओं और लाभ के बारे में जानकारी दी। वहीं जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार ने कृषि रक्षा रसायनों के प्रयोग को कम करने के साथ ही आईपीएम के बारे में बताया।

एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुये विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु आवाहन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने महिला किसानों को कृषि क्षेत्र में आगे आने की बात कही। डीएम सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि किसान कृषि विविधीकरण के क्षेत्र में अत्यन्त अग्रणी हैं और राज्य की उत्पादकता में उनका विषेश योगदान है। इस अवसर पर 26 किसानों को कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन और गन्ना की खेती के क्षेत्र में अधिक उत्पादकता प्राप्त करने पर जनपदस्तरीय किसान सम्मान से सम्मानित किया गया। जिनमें से 13 किसानों को जिले में अपने क्षेत्र में प्रथम स्थान आने पर सात हजार और इतने ही किसानों को दूसरे स्थान पाने पर पांच हजार रुपये उनके खाते में भेजा गया। वहीं ब्लॉक स्तर भी पहले व दूसरे स्थान के 72 किसानों को दो हजार रुपये की धनराशि से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त शोध केन्द्र द्वारा कृषि के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 33 किसानों को सम्मानित किया गया। वहीं एक योजना के तहत फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए किसान पुष्पेंद्र मिश्रा को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक स्वरूप ट्रैक्टर की चाभी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

# चक मार्ग पर अवैध कब्जा करने वालों को दिया चेतावनी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।अवैध कब्जे को लेकर राजस्व विभाग व पुलिस विभाग सक्रिय दिख रहा है, इसी क्रम में अवैध कब्जे को भी हटाया जा रहा है जानकारी के अनुसार कोठी थाना क्षेत्र के नौबस्ता रामदीनपुरवा के बीच नहर के पास चक मार्ग गाटा संख्या 192 पर अवैध कब्जा था जिस पर किसान दिव्यांग रामसागर पुत्र मोहन निवासी कोठी ने जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक समेत उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर चक मार्ग को खाली करने के लिए गुहार लगाई थी जिस पर राजस्व निरीक्षक हरिशंकर,कोठी लेखपाल प्रत्यूष गुंजन सिंह कोठी थाने के आरक्षी विवेक कुमार मौके पर पहुंचे चक मार्ग का निशान देही लगाते हुए खुटा गढ़वा दिया है व कब्जा मुक्त कराने का कार्य किया, बता दे की अवैध कब्जा करने वालों को अधिकारियों ने निर्देश दिया कि जो निशान देही लगा दी गई है उसे छोड़कर ही खेती करें अन्यथा कार्यवाही होगी। वही रामसागर का कहना है कि खेतों को आने-जाने के लिए रास्ता नहीं था चक मार्ग लोग कब्जा कर लिए थे जिसकी निशान देही लगवा दी गई है खूंटा भी गड़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व है जो इसे खुटा उखाड़ कर फेंक सकते हैं आने-जाने का रास्ता फिर कब्जा कर लेंगे , व मेरी हत्या भी कर सकते हैं मुझे इसी बात का डर है इस पर अधिकारी कर्मचारी संज्ञान ले , उन्होंने कहा कि आने-जाने के लिए रास्ता नहीं है मैं खुद श्रमदान व मजदूर लगाकर खुद के रुपयों से रास्ता बनवाने के लिए सहमत हूं लेकिन दबंग बनाने नही दे रहे है।

### अज्ञात वाहन से टकराई शाही , घायल

देवा, बाराबंकी : देवा क्षेत्र के चिनहट मार्ग पर एक सेही जानवर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया जहांगीरों की सूचना पर पहुंची वन विभाग देवा की टीम ने उसे इलाज के लिये पशु चिकित्सालय मामापुर लेकर गई है द्य

देव चिनहट मार्ग पर गोपालपुर गांव के टिकट एक सेही जानवर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया सड़क के किनारे पड़ा देख राहगीरो ने इसकी सूचना वन विभाग देवा को दी वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने बताया सूचना मिलने पर क्षेत्र अधिकारी देवा प्रशांत कुमार, वनकर्मी जितेंद्र और अजीत को मौके पर भेजा गया था जिन्होंने सेही को रेस्क्यू कर पशु चिकित्सालय मामापुर इलाज के लिए ले जाया गया है जहां डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है स्वस्थ हो जाने के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा द्य

### फाँसी पर झूला अधेड़ , मौत

देवा, बाराबंकी : शनिवार की शाम कस्बा देवा में एक व्यक्ति ने घर के अंदर कमरे में फांसी लगा ली जानकारी होने पर परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । कस्बा देवा के मोहल्ला कचेहरान निवासी शिवनंदन (45) ने शनिवार की शाम घर के अंदर कमरे में रस्सी से फांसी लगा ली जिसे देखकर परिजनों के होश उड़ गये परिवारीजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया कस्बा इंचार्ज कृष्ण देव सिंह ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### भूमि जबरिया बैनामा कराने के प्रयास में बनाया बंधक , पुलिस ने भेजा आरोपियों को जेल

देवा, बाराबंकी : देवा कोतवाली क्षेत्र में जमीन का बैनामा करवाने को लेकर एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने तीन दिनों तक घर में बंधक बनाये रखा परिजनों को जब इस बात की जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे तो परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई पुलिस को सूचना देने पर आरोपी भाग गये देवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया द्य

देवा कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर ग्वारी निवासी अजय कुमार के अनुसार उसका सगा भाई जोगेंद्र कुमार जो शराब का लती है और फ़ेफड़े के इन्फ़ेक्शन की बीमारी से ग्रसित है जिसके चलते उसके मुंह से खून गिरता रहता है उसके नाम पर गांव में ही पुस्तैनी चार बीघा जमीन है आरोप है।

उस जमीन को खरीदने के लिये गुड्डू पुत्र भल्लू यादव निवासी रायगंज गौरिया थाना देवा, कुलदीप पुत्र प्रकाश निवासी कुंवरपुर सरैया कोतवाली नगर व मोहम्मद जाबिर पुत्र जान मोहम्मद निवासी शाहपुर ग्वारी थाना देवा तीन दिन पहले जोगेंद्र को अपने साथ ले गये तीन दिनों तक जब वह घर नहीं पंहुचा तो उसकी तलाश करते हुये वह जाबिर के घर पंहुचा तो देखा कि तीनो लोग उसे बंधक बनाकर बैठाये हुये है और धोखाधड़ी करके उसकी जमीन दूसरे के नाम बेचने का दबाव बना रहे है और उसके मुंह से खून की उल्टियां हो रही थी अजय को देखकर तीनो लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी देने लगे पुलिस को सूचना देने पर वह लोग जोगेंद्र को छोड़ कर भाग गये मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा भेजा गया हालत गंभीर देख उसे जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया जहाँ से उसे लखनऊ के लोहिया अस्पताल में भेजा गया है जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है उपनिरीक्षक राजेश कुमार भारती ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### पीटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान, बस,मैजिक व स्कूली वैन पर की कार्यवाई

बाराबंकी।सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शनिवार को अनधिकृत रूप से संचालित बसो की चेकिंग की गई एक बस का चालान भी किया गया। 30 हेलमेट और 10 सीट बेल्ट और 2 मोबाइल का चालान किया गया। जिन वाहनों में यचयसआरपी /रिफ़लेक्टर टेप नहीं लगे थे उनके चालान भी किये गए।

तीन ओवरलोड वाहनों को उमरा चौकी में बंद किया गया है। एक मैजिक वाहन जिसका 2018 से टैक्स,फिटनेस,प्रदूषण,बीमा नही था। यचयसआरपी भी नहीं लगी थी। मैजिक को कुर्सी थाने की उमरा पुलिस चौकी में बन्द किया गया है। एक स्कूल वैन जो अंशी स्कूल में संचालित की जा रही है उसमे बच्चे सवार थे उसका चालान किया गया है।

# अयोध्या जाते समय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह का कार्यकर्ताओ ने किया जोरदार स्वागत

## कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष सांसद बृज भूषण शरण सिंह भी रहे मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भारतीय कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह बब्लू का अयोध्या जाते समय हाइवे पर स्थित सागर इंस्टीयूट के निकट अजय प्रताप सिंह की अगुवाई मे जोरदार स्वागत किया गया। विगत दिनों भारतीय कुश्ती संघ के हुए चुनाव मे गोंडा सांसद पूर्व भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह के अति करीबी संजय सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद शनिवार को अयोध्या जाते समय जोरदार स्वागत किया गया। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि यह चुनाव सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हुआ है। हमें सिर्फ अपने खिलाड़ियों के भविष्य की चिंता है। उन्होंने कहा कि कुश्ती के लिए राष्ट्रीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही कहा कि जो पहलवान राजनीति करना चाहते हैं, वे राजनीति कर सकते हैं, जो कुश्ती करना चाहते हैं वे कुश्ती करेंगे। इस मौके पर हनुमानगढ़ी अयोध्या के महन्त बलराम दास, रवि प्रताप सिंह, आकाश सिंह, शैलेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान जियाउल हक अंसारी, दानिश फिरोज अहमद, शरद प्रकाश सिंह, जितेंद्र मौर्य, अजय यादव मौजूद रहे।

### सपा कार्यकर्ताओ ने पार्टी कार्यालय पर मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती चित्र पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

बाराबंकी। किसानों के हक अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ने वालों में अग्रणी नाम अगर कोई है तो वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से देश के प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले चौधरी चरण सिंह का ही है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने शनिवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भारत के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी मेंचौधरी चरण सिंह जी केचित्र पर माल्यार्पण करने केउपरांत उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि चौधरी चरण सिंह हमेशा कहते थे देश की समृद्धि का रास्ता गांव के खेत और खलिहान से होकर गुजरता है जब तक हमारा किसान समृद्ध नहीं होगा तब तक हमारा देश शक्तिशाली नहीं हो सकता, चौधरी चरण सिंह जी ने अपना पूरा जीवन किसानों की खुशहाली केलिए संघर्ष करते हुए बिताया उनकेद्वारा किसानों केहित में किए गए कार्यों केकारण ही आज पूरा देश उनको किसान मसीहा के रूप में जानता है, मौजूदा दौर मे चौधरी चरण सिंह के विचारों को आगे बढ़ाने का काम हम सबके नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही कर रहे हैं ।

# खलकूद प्रतियोगिता में विधायक और चेयरमैन ने विजेताओ को किया सम्मानित

## बोले जनप्रतिनिधि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी। तहसील मुख्यालय के निकट स्थित सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज गढ़ी में शनिवार को वार्षिक खेललकूद प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों का मेडल व प्रशस्ति पत्र वितरण एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विधायक दिनेश रावत व नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने क्रमशः मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रशिद्ध कवि शिव किशोर तिवारी खंजन ने किया

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक दिनेश रावत ने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं प्रदर्शनी की प्रशंसा की और कहा कि यह बच्चे ही भारत का भविष्य है इन्हीं से हमारी पहचान है, और साथ ही साथ उन्होंने विद्यालय की मांग पर आवागमन को सुगम बनाने के लिए विकास निधि से सहयोग करने का वादा भी किया जिससे आने वाली बरसात में बच्चों को कीचड़ पानी से गुजर कर अपनी क्लास तक जाने की असुविधा न उठानी पड़े। साथ ही साथ उन्होंने बच्चों और विद्यालय प्रबंधन को आगामी 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाने के साथ-साथ अटल जयंती को भी मानने का आवाहन किया । इस अवसर पर मुख्य व विशिष्ट अतिथि के साथ-साथ अन्य अतिथियों द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने करने वाले विजई प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह प्रधान राजन सिंह विद्यालय के संस्थापक पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

# जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में निशुल्क स्वास्थय जागरूकता और चिकित्सा शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी जहांगीराबाद फोर्ट बाराबंकी में एक दिवसीय स्वास्थय जागरूकता और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संस्थान के शिक्षकों कर्मचारियों छात्रों और क्षेत्र के लोगो के लिए किया गया। शिविर के आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों के बारें में जागरूकता और गुणवत्तापूर्वक उपचार के लिए किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए संस्थान के डायरेक्टर संदीप सिंह मेजर जनरल (रिटायर्ड) ने कहा कि लाइफस्टाइल बहुत बदल गयी है जो बीमारियों का मूल कारण है। स्वास्थ्य पर उचित देखभाल की कमी खानपान की आदतों में बदलाव शरीर से मिलने वाली चेतावनी संकेतों पर ध्यान न देना नयी व विभिन्न पुरानी बीमारियों को जन्म दे रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के जोखिमों को कम करने लिए नियमित चेकअप, मॉर्निंग वाक, योग ,अच्छा खानपान जैसी स्वस्थ आदतें अपनानी चाहिए और जंकफूड से बचना चाहिए।

संस्थान के फार्मेसी विभाग के प्रिंसिपल और संयोजक डॉ अमित शर्मा ने कहा कि स्वस्थ्य रहना हमारें जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमारे समग्र जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने से हमें पुरानी और लम्बी बीमारियों को रोकने में मदद करता है। स्वस्थ्य जीवन उच्च सोच का प्रतीक होता है इसलिए अपने बारें में अच्छा मह्सूस करना और स्वास्थ्य का ख्याल रखना अपने आत्म सम्मान के लिए ज़रूरी होता है शरीर के लिए जो सही है वहीं स्वस्थ जीवन शैली बनाये रखना भी सबसे महत्वपूर्ण है।

स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन समिति के सचिव व फार्मेसी विभाग के हेड अल्ताफ हुसैन के मार्गदर्शन में किया गया जिसमे मेडिकल टीम के डॉ जावेद आलम, डॉ इरफ़ान अहमद सिद्दीकी और डॉ गुफरान अहमद ने लगभग 200 लोगो की ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर, वज़न ,बी एम आई, ऑक्सीजन लेवल आदि की जांच परिक्षण किया और परामर्श के साथ मुफ्त दवाईयां भी वितरित की तथा चिकित्सा शिविर के समापन पैर फार्मेसी विभाग के सभी लोगो लोगो को प्रशंसा का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए रुतुराज गायकवाड़, बीसीसीआई ने की पुष्टि

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को इसकी घोषणा की। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की श्रृंखला का पहला टेस्ट सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे पर शुरू होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 3 जनवरी को केपटाउन में शुरू होगा। गायकवाड़ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गकेबरहा में दूसरे वनडे मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय दाहिनी अनामिका उंगली में चोट लग गई थी। उनका स्कैन कराया गया और विशेषज्ञ परामर्श के बाद बीसीसीआई मेडिकल टीम ने उन्हें शेष दौरे से बाहर कर दिया। गायकवाड़ के स्थान पर अभिमन्यु ईश्वरन को टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''वह अपनी चोट के आगे के प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) को रिपोर्ट करेंगे। पुरुष चयन समिति ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन को नामित किया है। उंगली की चोट के कारण सलामी बल्लेबाज गुरुवार को प्रोटियाज के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में हिस्सा नहीं ले सके। टॉस के समय, कप्तान केएल राहुल ने बताया कि गायकवाड़ को ''उनकी उंगली में लगी चोट के कारण बेंच पर बैठाया गया था और रजत पाटीदार ने वनडे में पदार्पण करते हुए अंतिम एकादश में उनकी जगह ली। इस बीच, तेज गेंदबाज हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बेनोनी के विलोमूर पार्क में 26 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ शुरू होने वाले चार दिवसीय मैच से बाहर हो गए हैं। चयन समिति ने रजत पाटीदार, सरफराज खान, आवेश खान और रिंकू सिंह को भारत ए की टीम में शामिल किया है, जबकि कुलदीप यादव को टीम से बाहर कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए की टीमः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, आवेश खान, नवदीप सैनी, आकाश दीप, विधाथ कवरप्पा, मानव सुथार और रिंकू सिंह।

# त्रिकोणीय श्रृंखला और अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम घोषित

एजेंसी



मुंबई। दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले अंडर-19 पुरुष विश्व कप से पहले भारतीय अंडर-19 टीम एक त्रिकोणीय श्रृंखला में हिस्सा लेगी, जिसमें दो अन्य टीमें दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान की हैं। त्रिकोणीय श्रृंखला ओल्ड एडवर्डियंस क्रिकेट क्लब, जोहान्सबर्ग में खेली जाएगी और इसमें प्रत्येक टीम एक-दूसरे से दो बार भिड़ेगी। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 29 दिसंबर, 2023 को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी और इसके बाद 02 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। चार जनवरी को भारतीय टीम फिर एक बार अफगानिस्तान से और 6 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। फाइनल 10 जनवरी, 2024 को खेला जाएगा। त्रिकोणीय श्रृंखला और अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है- अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन दास, प्रियांशु मोलिया, मुशिर खान, उदय सहारन (कप्तान), अवनीश राव (विकेटकीपर), सौमी कुमार पांडेय (उप-कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इन्नेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौडा, आराध्य शुक्ला, राज लिंबानी, नमन तिवारी। स्टैंडबाय खिलाड़ी (त्रिकोणीय श्रृंखला)- प्रेम देवकर, अंश गोसाई, मोहम्मद अमान। बैकअप खिलाड़ीः दिग्विजय पाटिल, जयंत गोयत, पी विग्नेश, किरण चोरमले।

# ऑस्ट्रेलियाई दौरे से बाहर हुए पाकिस्तानी स्पिनर नोमान अली

एजेंसी



नई दिल्ली। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली अपेंडिसाइटिस से पीड़ित होने के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गए हैं। शनिवार को जारी पीसीबी विज्ञप्ति में कहा गया, ''नोमान अली ने कल अचानक गंभीर पेट दर्द की शिकायत की, जिसके बाद आपातकालीन जांच और स्कैन किए गए, जिसमें तीव्र एपेंडिसाइटिस की पुष्टि हुई। सर्जन की सलाह पर, आज सुबह उनकी लैप्रोस्कोपिक अपेंडेक्टोमी की गई। सर्जरी के बाद उनकी हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। नोमान अली के चोटिल होने के कारण पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण और कमजोर हो गई है, टीम में केवल एक फिट फ्रंटलाइन स्पिनर साजिद खान हैं। दिलचस्प बात यह है कि प्रमुख स्पिनर अबरार अहमद के दौरे के मैच में चोट लगने के बाद साजिद खुद ही आए थे। पर्थ टेस्ट में पाकिस्तानी टीम फ्रंटलाइन स्पिनर के बिना खेली। पाकिस्तान, जिसे ऑस्ट्रेलिया में अपने पिछले 15 टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद के बिना भी है, जिन्हें दो दिन पहले रिब स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण बाहर कर दिया गया था। उन्हें नसीम शाह की कमी भी खल रही है, जो एशिया कप में कंधे में चोट लगने के कारण भारत में विश्व कप से भी चूक गए थे, जबकि हारिस रऊफ ने इस दौरे से हटने का फैसला किया था। पाकिस्तान के बैकअप सीमर्स में हसन अली, मीर हमजा और मोहम्मद वसीम जूनियर शामिल हैं। तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होगा।

# बांग्लादेश तीसरे वनडे में नौ विकेट से जीता, न्यूजीलैंड ने 2-1 से श्रृंखला जीती

एजेंसी



नेपियर। बांग्लादेश को शनिवार को यहां तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराने के लिए महज 15 ओवर लगे जिससे मेजबान टीम की घरेलू मैदान पर 17 मैचों में चली आ रही जीत की लय टूट गयी। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 2-1 से जीत ली। न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में 44 रन और दूसरे वनडे में सात विकेट से जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड को 31.4 ओवर में महज 98 रन पर समेटने के बाद कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने 42 गेंद में नाबाद 51 रन बनाये और अनामुल हक ने 33 गेंद में 37 रन का योगदान दिया जिससे बांग्लादेश ने 19 प्रयासों में न्यूजीलैंड पर वनडे में पहली जीत हासिल की। बांग्लादेश ने शनिवार को न्यूजीलैंड को दोनों टीमों के बीच हुए वनडे में उसके न्यूनतम स्कोर पर आउट किया। तंजिम हसन साकिब ने 14 रन देकर तीन विकेट और शोरिफुल इस्लाम ने 22 रन देकर तीन विकेट झटके। इस तरह दोनों ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सौम्य सरकार ने भी 18 रन देकर तीन विकेट चटकाये जिससे न्यूजीलैंड की टीम बांग्लादेश के खिलाफ 162 रन के पिछले न्यूनतम वनडे स्कोर से कम स्कोर में सिमट गयी। बांग्लादेश के कप्तान शांटो ने टॉस जीतकर मैकलीन पार्क पर गेंदबाजी का फैसला किया जो आमतौर पर बल्लेबाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पिच पर काफी घास थी जिसका शोरिफुल और शाकिब ने पूरा फायदा उठाया। न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम चरमरा गया और 70 रन तक उसने छह विकेट गंवा दिये थे। न्यूजीलैंड के लिए पारी की सबसे बड़ी साझेदारी विल यंग (26 रन) और टॉम लाथम (21 रन) के बीच तीसरे विकेट के लिए 36 रन की रही। इन दोनों के अलावा केवल दो अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। इसके बाद सरकार ने जोश क्लार्कसन (16 रन), एडम मिल्ने (04) और आदित्य अशोक (10 रन) के विकेट झटके। अंतिम विकेट मुश्फिकुर रहीम (36 रन देकर एक विकेट) के नाम रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान वॉरियर्स ने अल्टीमेट खो खो लीग के दूसरे सीज़न के लिए मजहर जमादार को बनाया कप्तान

**कटक।** लंबे इंतजार के बाद, अल्टीमेट खो-खो लीग का दूसरा सीज़न आखिरकार आ गया है और 24 दिसंबर, 2023 से शुरू हो रहा है, जिसका फाइनल 13 जनवरी 2024 को खेला जाएगा। राजस्थान वॉरियर्स 25 दिसंबर को गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने सीज़न की शुरुआत करेगा। दूसरे सीज़न के लिए कैपरी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली राजस्थान वॉरियर्स ने मजहर जमादार को अपना कप्तान नियुक्त किया है, जो महाराष्ट्र के कोल्हापुर के रहने वाले हैं। स्टार हमलावर, जो पहले सीज़न में भी वॉरियर्स के साथ थे, ने बहुत कम उम्र में खो खो खेलना शुरू कर दिया था और खुद को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बना लिया है। उन्होंने अपने गृहनगर इचलकरंजी में सीनियर नेशनल में स्वर्ण पदक जीता और जल्द ही, पांच और पदक जीते। टीम का कप्तान नियुक्त किये जाने पर जमादार ने कहा, ''अल्टीमेट खो खो लीग में राजस्थान वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व करना और अब टीम की कप्तानी भी करना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मुझे विश्वास है कि टीम प्रबंधन ने सीजन दो के लिए टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझे चुना है, मुझे उम्मीद है कि मैं इस सीज़न और आने वाले सीज़न में टीम को गौरव दिलाऊंगा। इस बीच, अक्षय गणपुले को मजहर जमादार के डिप्टी के रूप में चुना गया है। महाराष्ट्र के पुणे के 24 वर्षीय खिलाड़ी अक्षय का अल्टीमेट खो-खो लीग में वॉरियर्स के साथ यह दूसरा सीज़न है। अल्टीमेट खो खो लीग के पहले सीज़न में 10 मैचों में, उन्होंने 24 अंक बनाए, जिसमें सात टोटल डाइव्स और 2 स्काई डाइव्स उनके नाम थे। उनका औसत टच पॉइंट भी 0.8 है। उनकी उपलब्धियों में दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक, सीनियर नेशनल में दो बार स्वर्ण और रजत पदक विजेता और फ़ेडरेशन नेशनल में चार बार स्वर्ण पदक विजेता शामिल हैं। ये खिलाड़ी मुख्य कोच पार्थवारेड्डी ब्राह्मणायडू और सहायक कोच थिम्माराजू टी के साथ मिलकर काम करेंगे। कैपरी स्पोर्ट्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कॉन्टैक्ट स्पोर्ट्स, अपूर्व गुप्ता ने कहा, ''मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि पहले सीज़न के दो खिलाड़ी अल्टीमेट खो खो लीग के आगामी संस्करण के लिए टीम का नेतृत्व करने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। खो खो एक स्वदेशी खेल है जिसे बढ़ावा देने के लिए कैप्री स्पोर्ट्स बहुत समर्पित है, और खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के वर्तमान बैच के साथ, राजस्थान वॉरियर्स का भविष्य बहुत उज्ज्वल है।

### शुक्ला दत्ता भारत की अंडर-19 महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच नियुक्त

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को अगले साल फरवरी में होने वाली सैफ चैम्पियनशिप से पहले शनिवार को देश की अंडर-19 महिला फुटबॉल टीम की कोच नियुक्त किया गया। पूर्व भारतीय अंडर-17 महिला टीम की कोच शुक्ला दत्ता के साथ सभी महिलाओं के सहयोगी स्टाफ में पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्रद्धांजलि समंतारे और गोलकीपिंग कोच लौरेम्बाम रोनिबाला चानू उनकी सहायक होंगी। भारतीय टीम सैफ चैम्पियनशिप के लिए अपनी तैयारियों की शुरूआत अगले महीने गोवा में करेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के कार्यकारी महासचिव एम सत्यनारायण ने एक बयान में कहा, ''अंडर-19 सैफ महिला टूर्नामेंट हमारे लिए काफी अहम है। यह टूर्नामेंट प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए अगले स्तर तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, ''यह शानदार हे कि हम अंडर-19 महिला टीम के लिए सभी महिला तकनीकी स्टाफ रख सके। सैफ अंडर-19 महिला टूर्नामेंट 2018 से शुरू हुआ था और भारत ने इसमें चार बार शिरकत की है जिसमें से 2022 में टीम ने खिताब जीता था जबकि 2021 के बांग्लादेश के चरण में टीम उप विजेता रही थी।

### घरेलू कोयला आधारित बिजलीघरों का विद्युत उत्पादन अप्रैल-नवंबर के दौरान 8.39 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** घरेलू कोयला आधारित बिजलीघरों से विद्युत उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान 8.38 प्रतिशत बढ़कर 779.1 अरब यूनिट रहा। एक अधिकारिक बयान में शनिवार को कहा गया कि एक साल पहले इसी अवधि में घरेलू कोयला आधारित बिजलीघरों से विद्युत उत्पादन 718.83 अरब यूनिट रहा था। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में बिजली उत्पादन आलोच्य अवधि में 7.71 प्रतिशत बढ़ा है। कुल मिलाकर कोयला आधारित बिजलीघरों (आयातित कोयला मिलाकर) के उत्पादन में चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान सालाना आधार पर 11.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका कारण गर्मी का बढ़ना, देश के उत्तरी भाग में मानसून में देरी के साथ कोविड महामारी के बाद वाणिज्यिक गतिविधियों में तेजी है।

# ओडिशा ने 1,482 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली सात परियोजनाओं को मंजूरी दी

एजेंसी



भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने 1,482.53 करोड़ रुपये के निवेश के साथ सात औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से 11,500 से अधिक नौकरियां सृजित होंगी। प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा, मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना के नेतृत्व में राज्य स्तरीय एकल मंजूरी प्राधिकरण (एसएलएसडब्ल्यूसीए) ने शुक्रवार को खुर्दा, गंजाम, सुंदरगढ़, क्योंझर, जाजपुर, बालेश्वर और रायगड़ जिलों में स्थापित होने वाली इन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। बयान के अनुसार, एसएलएसडब्ल्यूसीए ने क्योंझर जिले में 800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्टील विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए टेक एआईसी डीआरआई पेलेट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सरकार ने बयान में बताया कि एमएएस उद्यत इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को खुर्दा जिले में 214.40 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक एकीकृत कपड़ा इकाई स्थापित करने के लिए राज्य सरकार की मंजूरी मिल गई। एलेन स्टील इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने जाजपुर जिले के कलिंगनगर में कोल्ड रोल्ड प्रिसिजन पाइप विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 178 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। बयान के अनुसार, राज्य सरकार ने बालेश्वर जिले में संपीड़ित बायोगैस और किण्वित जैविक खाद संयंत्र स्थापित करने के लिए रिलायंस बायो एनर्जी लिमिटेड के 121.21 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। इसमें कहा गया कि सरकार द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों में विनर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड (52 करोड़ रुपये), एमआर यूनिकास्ट प्राइवेट लिमिटेड (56.32 करोड़ रुपये) और टेरेस्ट्रियल फूड प्रोसेसर्स प्राइवेट लिमिटेड (60.6 करोड़ रुपये) के प्रस्ताव शामिल हैं।

# सुंदरम होम फाइनेंस छोटे कारोबारियों को देगी कर्ज

चेन्नई। वित्तीय कंपनी सुंदरम होम फाइनेंस ने तमिलनाडु में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के उद्देश्य से राज्य के उत्तरी भाग में कदम रखा है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ने इस क्षेत्र में परिचालन के पहले वर्ष में 10 करोड़ रुपये के कर्ज वितरित करने की योजना बनायी है है। सुंदरम होम फाइनेंस ने कांचीपुरम में एक छोटे कारोबारियों को कर्ज देने को लेकर विशेष इकाई स्थापित की है। यह इकाई ऐसे छोटे कारोबारियों को 20 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करेगी। कांचीपुरम में शाखा का उद्देश्य क्षेत्र के साथ-साथ पड़ोसी चेय्यर, वंदावसी, अरक्कोणम, वालाजाबाद, ओरागदम और श्रीपेरंबदूर में छोटे कारोबारों को सेवा देना है। कंपनी ने अक्टूबर, 2022 में लघु व्यवसाय ऋण खंड में प्रवेश किया और संचालन के पहले वर्ष में 65 करोड़ रुपये का कर्ज वितरण करते हुए तमिलनाडु के दक्षिण और पश्चिमी हिस्सों में 25 विशिष्ट शाखाएं शुरू कीं। कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) लक्ष्मीनारायणन दुरईस्वामी ने एक बयान में कहा, कांचीपुरम एक व्यापारिक केंद्र है और वहां के एसएमई (छोटे और मध्यम उद्यम) हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह शहर साल भर लाखों पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भी आकर्षित करता है। हमारे आवास ऋण व्यवसाय के लिए उत्तरी तमिलनाडु में हमारी पहले से ही मजबूत उपस्थिति है और हम इस बाजार को अच्छी तरह से समझते हैं। उन्होंने कहा, हम आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में लघु कारोबार ऋण क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाने के लिए आश्वस्त हैं। तेलंगाना में परिचालन पर सुंदरम होम फाइनेंस ने कहा कि उसने अगले नौ से 12 महीनों में अपने लघु व्यवसाय ऋण शाखा नेटवर्क को दोगुना कर 50 करने की योजना बनाई है।

# कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, शनिवार को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंट क्रूड 0.32 डॉलर यानी 0.40 फीसदी की गिरावट के साथ 79.07 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.33 डॉलर यानी 0.45 फीसदी लुढ़ककर 73.56 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है।

# लगातार पांचवें हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 615.971 अरब डॉलर पर

**देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर हुआ**



एजेंसी

नई दिल्ली। आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। लगातार पांचवें हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर पर है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि 15 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति (एफसीए) 8.349 अरब डॉलर बढ़कर 545.048 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 44.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.577 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 13.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.323 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में देश का मुद्रा भंडार 18.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.023 अरब डॉलर हो गया।

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक की ओर से पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों के कारण उपजे दबाव के बीच रुपये को बचाने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किए जाने के बाद से इसमें कमी आई है।

# भारत की छवि धूमिल करने वालों पर प्रतिघात होना चाहिए : धनखड़

एजेंसी

हरिद्वार। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम 'वेद विज्ञान एवं संस्कृति महाकुंभ' का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत की छवि धूमिल करने वालों पर प्रतिघात होना चाहिए।

महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती तथा स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित इस महाकुंभ में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रतिभाग किया। श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद के प्रणेता इन मनीषियों की पावन स्मृति में आयोजित यह महाकुंभ, उनके महान जीवन के प्रति हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है। इस महाकुंभ के माध्यम से वेद विज्ञान को सशक्त करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान कहा कि माँ भारती के इस भू-भाग, देवभूमि उत्तराखंड में आना मेरा परम सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का वर्षों से नाम सुनता रहा हूं, आज पहली बार आने का मौका मिला है। नाम से ऊर्जावान होता रहा हूं, आज यहां से एक बड़ा संकल्प लेकर जाऊंगा। उन्होंने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व सृजन का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों और छात्रों से कहा आप एक प्रेरणा के स्रोत हैं, राष्ट्रवादी चेतना और चिंतन के केंद्र है। कुछ पश्चिमी विश्वविद्यालय अनर्गल कारणों से हमारी संस्कृति और हमारी विकास यात्रा को कलंकित करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा,ल्लमेरे मन में कोई शंका नहीं है आपकी विद्वता - संकल्प को देखते हुए कि भारत की संस्कृति कभी नीचे नहीं होगी, आपको उनका प्रतिकार करना चाहिए! उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि इस महान देश में कुछ लोग हैं, गिने चुने लोग हैं, वे भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। आप उनकी पाचन शक्ति को ठीक कीजिए। वह हमारे ही हैं लेकिन भटके हुए हैं। उन्हें मातृ भाषा में समावेशी शिक्षा प्रणाली स्वीकार ही नहीं है! यह कैसी बात है? अब वह दिन




दूर नहीं है जब हर शिक्षा मातृभाषा में उपलब्ध होगी। ज्यादा से ज्यादा लोगों को वेदों से अवगत कराने पर बल देते हुए श्री धनखड़ नव कहा कि यह हमारे राष्ट्र-निर्माण के लिए और विश्व के स्थायित्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति को हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप बताते हुए उन्होंने कहा कि हर भारतवासी को अपनी संस्कृति और विरासत पर गौरव अनुभव करना चाहिए। भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ गिने-चुने लोग अपनी संस्कृति, गौरवमयी अतीत और वर्तमान विकास को लेकर अपमान का भाव रखते हैं और भारत की महान छवि को धूमिल करने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि इनके हर कुप्रयास को कुंठित करना हर भारतीयों का परम दायित्व है और कर्तव्य है। ये जो ताकतें, हमारी संस्कृति के विरोध में हैं, राष्ट्रवाद के विरोध में हैं, हमारे अस्तित्व के विरोध में हैं, उन पर प्रतिघात होना चाहिए! भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक ज्ञान-विज्ञान पर विमर्श को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि वेद विज्ञान महाकुंभ का यह पर्व हमें हमारे प्राचीन ज्ञान और विज्ञान के प्रति गर्व महसूस करने का एक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जोर दिया कि हम अक्सर भूल जाते हैं कि हम कौन हैं, लेकिन यदि थोड़ा अंदर झांकेंगे तो पता लगेगा कि विश्व में हमारा मुकाबला करने वाला और कोई देश नहीं है। उपराष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि 2047 तक भारत न सिर्फ विकसित राष्ट्र होगा बल्कि विश्व गुरु की अपनी प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि मेरे सामने जो छात्र-छात्रायें हैं, वे 2047 के भारत के योद्धा हैं और निश्चित रूप से सफलता अर्जित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से किए गए पंच प्रण के आह्वान का जिक्र करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि आने वाले 25 साल के लिए देश को पंच प्रण पर अपनी शक्ति और संकल्पों को केंद्रित करना चाहिए, आप इसकी सार्थक शुरुआत कीजिए। श्री धनखड़ ने कहा हमें गुलामी की हर सोच से मुक्ति का प्रयास करना चाहिए क्योंकि कुछ लोग अभी भी अंग्रेजियत के गुलाम हैं। इस संदर्भ में हाल संसद सत्र द्वारा हाल में पारित किए गए तीन नए कानूनों- भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि अंग्रेजी कानूनों ने हमें जकड रखा था, हमारे लोग पिस रहे थे क्योंकि उन कानूनों का उद्देश्य था- दंड विधान। भारत की संसद में प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से श्दंड विधानश को श्न्याय विधानश किया है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म है, हमारी नई शिक्षा नीति हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप है, हर भारतवासी को अपनी संस्कृति और विरासत पर गौरव अनुभव करना चाहिए। उन्होंने कहा जो लोग देश की संस्कृति, गौरवमयी अतीत और वर्तमान विकास को लेकर अपमान का भाव रखते हैं, भारत की महान छवि को धूमिल करने में लगे रहते हैं उनके हर कुप्रयास को कुंठित करना हर भारतीय का परम दायित्व है और कर्तव्य है। उपराष्ट्रपति ने कहा जो हमारी संस्कृति के विरोध में है राष्ट्रवाद के विरोध में है हमारे अस्तित्व के विरोध में है उन पर प्रतिघात होना चाहिए, भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक ज्ञान विज्ञान का एकेडमिक विमर्श और अनुप्रयोग का अनिवार्य अंग बनाने के यह एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती महिला सशक्तिकरण के प्रबल समर्थक थे और 21 सितंबर को भारतीय संसद ने महिला आरक्षण बिल पास करके इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि इस बिल के पास हो जाने से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## कानूनविदों ने फौज़दारी कानून, प्रक्रियाओं में सुधार को समय की जरूरत बताया

एजेंसी

नयी दिल्ली। आपराधिक मामलों की जांच से लेकर , साक्ष्य और दंड के पुराने नियमों और कानूनों की जगह संसद में पारित तीन नयी संहिताओं पर एक परिचर्चा में इन सुधारों को समय की जरूरत बताते हुये कहा कि त्वरित न्याय की व्यवस्था बहुत जरूरी है। अधिवक्ता परिषद दिल्ली के तत्वावधान में 'आपराधिक कानूनों में सुधारों के लिए 2023 के विधेयकों पर एक अंतर्दृष्टि'विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने कहा कि न्याय में देरी न्याय न मिलने के समान है। उन्होंने कहा कि हमारी कानूनी प्रणाली में इस समय यह प्रक्रिया सजा सी बन जाती है। उन्होंने इसके कारण पर प्रकाश डालते हुये कहा कि किसी विचाराधीन कैदी या अभियुक्त को 15 साल बाद आरोप से बरी किया जाये तो यह न्याय की दृष्टि से उचित नहीं कहा सकता। आयोजकों की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार पटियाला हाउस कोर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को समर्पित तीन सत्र आयोजित किये गये पहले सत्र की अध्यक्षता करते हुये पटियाला हाउस कोर्ट के जिला न्यायाधीश संजय गर्ग ने सिंगापुर में कोई व्यक्ति एक साल में सभी कानूनी उपायों का लाभ उठा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में भी नयी व्यवस्थाओं का लक्ष्य यही होना चाहिये। दिल्ली यूनिवर्सिटी में विधि विभाग की प्रोफ़ेसर डॉ सीमा सिंह और दिल्ली उच्च न्यायालय में अतिरिक्त लोक अभियोजक अमित साहनी भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 पर मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। श्री साहनी ने कहा कि इन सुधारों की बहुत पहले से जरूरत थी लेकिन ये तीनों विधेयक देरी से आये। श्री साहनी ने भारतीय दंड संहिता 1860 कीधारा धारा 304ए का उदाहरण दिया, जिसमें किसी इंसान की मोटर वाहन से टक्कर में मौत का मामला जमानती अपराध बना दिया गया था, क्योंकि उस जमाने मेंमोटर वाहन केवल अंग्रेजों के पास थे। भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 पर चर्चा सत्र में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस सुधीर कुमार सिरोही ने कहा कि इन विधेयकों की इन विधेयकों पर इस तरह की चर्चायें जगह-जगह करायी जानी चाहिये, इससे इससे आपराधिक न्याय प्रणाली मजबूत होगी। अधिवक्ता परिषद की पटियाला हाउस इकाई के अधिवक्ता नीरज श्रोत्रीय और अधिवक्ता जलज अग्रवाल ने चर्चा का प्रबंधन। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल थे।

## 84 कोसी परिक्रमा पथ पर लगेगा हरिशंकरी का पौधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में चार प्रमुख तीर्थों पर चौरासी कोसी परिक्रमा करने का विधान है ऋउनमें से अयोध्या धाम, चित्रकूट धाम, मथुरा ब्रज चौरासी कोसी परिक्रमा, नैमिषारण्य धाम।

ग़्रह परिक्रमा भक्तगण अपने परिवारों से साथ पैदल ही करते थे। उनके साथ में बच्चों एवं वृद्ध जनों के लिए तथा भोजन व्यवस्था और रात्री निवास व्यवस्था आदि के लिए बैलगाड़ी रहा करती थीं। चौरासी कोसी परिक्रमा लगभग 300 कि.मी. होती है, जबकि ब्रज चौरासी कोसी परिक्रमा 360 कि.मी. की है जो 40 दिन में पूरी होती हैऋ यात्रा के समय मार्ग में छाया, पीने, भोजन व्यवस्था और स्नान आदि के लिए स्वच्छ जल, आवागमन हेतु सुविधा जनक मार्ग तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की आवश्यकता होती है। उत्तर प्रदेश सरकार इस दृष्टि से सड़क का चौड़ीकरण, पड़ाव स्थलों का निर्माण तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के साथ सौन्दर्यीकरण का कार्य भी करवा रही है। इन यात्राओं में भौतिक सुविधाओं से अधिक सामाजिक सहभाग और सहयोग का अत्यधिक महत्त्व है, जो सरकारी मशीनरी के द्वारा सम्भव नहीं है ऋ अतः लोकभारती ने सामाजिक सहभागिता के द्वारा पूरे परिक्रमा पथ पर कुछ कार्य कराने का संकल्प लिया है, जिसमें प्रत्येक कोस पर चबूतरे और सुरक्षा व्यवस्था के साथ हरिशंकरी रोपण। हरिशंकरी अर्थात एक थाले में एक साथ पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधों का रोपण किया जाएगा। एक हरिशंकरी रोपण से निम्नलिखित पुण्य प्राप्त होते हैं ग़्रह तीनो पौधे वर्षा जल को अत्यधिक संरक्षित करने वाले पौधे हैं अतः जहाँ इनका रोपण होगा वहां जल कलश की स्थापना हो जाएगी ऋ सनातन में प्रत्येक शुभ कार्य जल कलश स्थापना से ही प्रारम्भ होता है ऋ इस जल कलश से भूगर्भ जल स्तर बढ़ जाएगा जिससे कुआं तथा अन्य जलस्रोत पुनर्जीवित होने लगेंगे। इनके बड़े होने पर बड़ी एवं सघन छाया का निर्माण होता है जिसके नीचे अतिथि को छाया, गांव की चौपाल, यात्रियों के लिए धर्मशाला बन जाएगी ऋ ग़्रह तीनो फल दार पौधे हैं जो पूरे वर्ष फल देते हैं, अतः चिड़ियों के लिए घर और भोजन दोनों उपलब्ध होगा, जिससे भंडारे का पुण्य प्राप्त होगा। ग़्रह तीनो पौधे सर्वाधिक आक्सीजन देने वाले पौधे हैं अतः इसके लगने से एक फैक्ट्री का निर्माण हो जाएगा। अनेकानेक जीवों को संरक्षण देने के कारण जैव विविधता का संरक्षण होता है हरिशंकरी माला- लोकभारती ने उत्तर प्रदेश के चारो तीर्थों अयोध्या, चित्रकूट, ब्रज और नैमिषारण्य के चौरासी कोसी परिक्रमा पथ पर प्रत्येक कोस पर विविध अन्य व्यवस्थाओं के साथ हरिशंकरी रोपण करेगा अर्थात प्रत्येक परिक्रमा पथ 84- 84 हरिशंकरी का रोपण किया जाएगा। लोकभारती ने तय किया है कि सबसे पहले नैमिषारण्य में 24, 25, 26 दिसंबर को हरिशंकरी रोपण की तैयारी यात्रा होगी, उसके पाश्चात्य अप्रैल माह में चित्रकूट में तैयारी यात्रा आयोजित की जाएगी। तैयारी यात्रा- ग़्रह यात्रा बहनों से होगी, जिसके माध्यम से कोस का चीन्हाकन, रोपण एवं सुरक्षा हेतु टोली का निर्माण, दस कोस पर पड़ाव व्यवस्था, दस कोस की एक व्यवस्था टोली अर्थात 84 टोलियों का निर्माण, जिनके माध्यम से समाज में चौरासी कोसी यात्रा का गौरव भाव का जागरण, देश भर से आए यात्रियों का स्वागत और उनके प्रति कर्तव्य भाव के जागरण के साथ अपनेपन का अह्सास कराना। परिक्रमा पथ की विशेषताओं का लेखन और नैमिषारण्य चौरासी कोसी परिक्रमा पथ पर स्थित देश भर के सभी तीर्थों की आवश्यक जानकारी महर्षि दधीचि का अस्थि दान, वेदव्यास सहित अट्ठासी हजार ऋषियों के गौरव चेतना स्मरण की व्यवस्था बनाई जाएगी ऋ ग़्रह क्षेत्र अपने यहाँ पधारे अतिथियों का स्वागत करने में सक्षम हो सके इस हेतु भी कुछ विचार करना उपयुक्त होगा। इस अभियान में अयोध्या धाम के महन्त स्वामी वेदांती जी महाराज, चित्रकूट के महन्त मदन दास जी महाराज, नैमिषारण्य क्षेत्र के संत पागलानन्द जी, पीलीभीत के संत एवं विधायक प्रवक्तानन्द जी महाराज, वृन्दावन के संत स्वामी देवेन्द्र चैतन्य जी महाराज, आचार्य रवीन्द्र जी तथा डॉ ब्रह्मदेव राम त्रिपाठी (सचिव राजभवन मेघालय एवं चुनाव अयुक्त), पवन कुमार सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता इस अभियान में सहभागी हो रहे हैं।

## चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मोदी ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर अलग- अलग स्थानों पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, ल्लकिसानों के कल्याण के लिये जीवनपर्यंत समर्पित रहे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। इस मौके पर संविधान भवन में कई नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प भेंटकर श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश के नेतृत्व में सांसदों ने आज दिवंगत प्रधानमंत्री की जयंती के अवसर पर संविधान भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्रियों, सांसदों और पूर्व सांसदों ने भी चौधरी चरण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित चौधरी चरण सिंह के जीवन वृत्त वाली पुस्तिका समारोह में भाग लेने वाले गण्यमान्य व्यक्तियों को भेंट की गयी।

## इंडिया गठबंधन में सब ठीक, तीन सप्ताह में होगा सीटों का बंटवारा : ललन

एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने विपक्षी गठबंधन इंडिया में मतभेद की खबरों को निराधार बताते हुए आज कहा कि गठबंधन में सब ठीक है और इसके घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को तीन सप्ताह में अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

श्री सिंह ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इंडिया गठबंधन में मतभेदों के बारे में मीडिया में आ रही खबरों का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा, ''इंडिया में सब कुछ ठीक है और इसके घटकों के बीच किसी भी मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को तीन सप्ताह में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने इस बात को मानने से इनकार कर दिया कि 19 दिसंबर को नई दिल्ली में इंडिया गठबंधन की हुई बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने का विचार रखा था। उन्होंने मीडियाकर्मियों से ही पूछा कि क्या सुश्री बनर्जी ने इस सिलसिले में बात की है। श्री सिंह ने संवाददाताओं के इस सवाल पर कि 29 दिसंबर को नई दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उन्हें जदयू के अध्यक्ष पद से हटा दिया जाएगा पर अपना आपा खो दिया और व्यंग्यात्मक ढंग से पूछा कि क्या उनके साथ एजेंडे पर चर्चा हुई है। उन्होंने विवादों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुशील कुमार मोदी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि श्री मोदी श्री कुमार के करीबी दोस्त रहे हैं और उन्हें उनके बारे में समझ हो सकती है। जदयू नेता ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लोकसभा में दो युवकों के अनधिकृत प्रवेश के मुद्दे पर बयान देना चाहिए था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

## दलाईलामा के नेतृत्व में विश्वशांति के लिए बोधिवृक्ष के नीचे बौद्ध भिक्षुओं ने की विशेष प्रार्थना

एजेंसी



गया। भगवान बुद्ध की पावन ज्ञानभूमि बोधगया स्थित विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर परिसर में स्थित पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे आज विश्व शांति के लिए दुनिया के कोने-कोने से जुटे बौद्ध भिक्षुओं ने विशेष प्रार्थना की। कार्यक्रम का शुभारंभ बौद्ध परंपरा के अनुसार धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू किया गया। परम पावन दलाईलामा के नेतृत्व में भारत, तिब्बत, श्रीलंका, जापान, म्यांमार, ताइवान, लाओस, कंबोडिया, बांग्लादेश, नेपाल, थाईलैंड, भूटान सहित कई देशों से यहां पहुंचे बौद्ध धर्म गुरुओं एवं भिक्षुओं ने प्रार्थना की। इस मौके पर दलाईलामा ने थेरावादी बौद्ध भिक्षु और उनके उपासक-उपासिकाओं से कहा कि हमसभी लोग बुद्ध के शिष्य हैं। हम सभी का उद्देश्य एक है और वह है बुद्धत्व की प्राप्ति करना। हम जो कहते हैं, उसको पहले परखें, यदि उसमें अच्छाई नजर आती है तब ही आत्मसात करें। परम पावन ने बुद्धिज्म के प्रैक्टिस पर जोर दिया। गौरतलब है कि बोधिवृक्ष के नीचे हजारो साल पहले भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। इसके बाद उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, प्रेम, करुणा, मैत्री एवं भाईचारे का संदेश दिया था तब से बोधगया की इस भूमि को भगवान बुद्ध की पावन ज्ञान भूमि कहा जाता है। बोधगया में 20 दिसंबर से इंटरनेशनल संघा फोरम के द्वारा बुद्धिज्म को लेकर एक सेमिनार चल रहा था, जिसमें विभिन्न देशों के हजारों बौद्ध भिक्षु और श्रद्धालु भाग ले रहे थे। आज महाबोधि मंदिर परिसर में विशेष प्रार्थना के साथ उक्त सेमिनार का समापन किया गया, जिसके तहत बोधिवृक्ष के नीचे परम पावन दलाईलामा के नेतृत्व में बौद्ध भिक्षुओं ने विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना की।इस कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। दलाईलामा जितनी देर तक महाबोधि मंदिर में रहे, उतनी देर तक मंदिर में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी।

## पेज एक का शेष

### मजबूत अर्थव्यवस्था...

की है, वहीं 6 लाख लोगों को प्रदेश में नौकरी भी दी गई है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं, किसानों, युवाओं, व्यापारियों को जोड़ते हुए कहा कि उनके साथ के कारण उत्तर प्रदेश विकास के पद पर अग्रसर है। फल स्वरूप आज प्रदेश देश की तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। उत्तर प्रदेश शीघ्र ही देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था होगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूती को लोगों के जीवन को गरीबी जीवन रेखा से उबारने, किसानों की आमदनी कई गुना बढ़ाने, व्यापारियों के समृद्ध होने तथा महिलाओं के आत्मनिर्भर होने की गारंटी बताया। मुख्यमंत्री ने मंच पर साथ बैठे जनप्रतिनिधियों की ओर संकेत करते हुए कहा कि जिन जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उनका रजिस्ट्रेशन कराते हुए लाभ प्रदान कराकर आगे बढ़ने का काम करना है। योगी ने कहा कि कोरोना कार्यकाल में भूख और बीमारी से कोई मौत नहीं हुई। मुख्यमंत्री बिजनौर को विकास की ओर अग्रसर बताते हुए कहा कि वह नजीबाबाद क्षेत्र से काफी परिचित हैं क्योंकि कोटद्वार से हरिद्वार जाते समय नजीबाबाद होकर जाना होता था। आज यहां मिल भी बहुत अच्छा काम कर रही हैं, प्रगतिशील किसान भी उपज को बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी बिजनौर के बारे में यह उल्लेख करना भी नहीं भूले जब यहां कोई मुख्यमंत्री आने से घबराता था। उन्होंने कहा कि बिजनौर की छवि अभिशप्त बताई जाती थी। कहा जाता था कि जो मुख्यमंत्री बिजनौर आएगा उसकी कुर्सी नहीं रहेगी। यहां के पहले दौरे के समय मुझे भी यही बताया गया और मैंने निश्चय किया कि बिजनौर जाना है बल्कि उसके बाद तो बिजनौर में रात्रि विश्राम भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम चौधरी साहब के अनुगामी हैं। मुख्यमंत्री ने बिजनौर को नई ऊंचाई पर ले जाने की संकल्पना करते हुए सरकार के निश्चय को दोहराया। यहां पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार की चल रही जन लाभकारी योजनाओं के पात्रों को आवास की चाबी, दिव्यांग ट्राली आदि प्रदान की।

### 804 इंफ्लेटेबल...

इतना ही नहीं बाढ़ के दौरान तत्काल राहत पहुंचाने के लिए स्थानीय लोगों को बोट्स चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी, क्योंकि अक्सर देखने में आता है कि बाढ़ से निपटने के लिए स्थानीय लोग एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में टीम के इन इलाकों में पहुंचाने से पहले काफी नुकसान हो जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय लोगों को ट्रेनिंग देने का फैसला लिया गया है। स्थानीय लोगों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल व कोस्ट गार्ड द्वारा बोट्स संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन आपदा मित्रों को बाढ़ के दौरान बोट्स के संचालन के लिए श्रम विभाग के शासनादेश के अनुसार दैनिक मानदेय दिया जाएगा।

### सात सजा के खिलाफ...

अपील को न्यायालय ने खारिज कर दिया है। एसपीओ शिव प्रकाश पांडे ने बताया कि पड़ोसी पर जानलेवा हमले का मामला सत्र न्यायालय में चला और संपूर्ण परीक्षण सत्र न्यायालय में हुआ। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले के वादी और भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि उन्होंने हमेशा न्यायालय का सम्मान किया है, चाहें निर्णय हमारे पक्ष में आया हो या उनके हमने हमेशा इसका सम्मान किया है। आजम के अधिवक्ता जुबैर अहमद खान ने बताया कि न्यायालय से अपील खारिज हो गई है। अब वह इसके लिए हाई कोर्ट का रुख करेंगे। वहीं पड़ोसी पर हमले में ऑर्डर तैयार हो रहा है। सजा मुक्त किस आधार पर किया है वो ऑर्डर के बाद ही बताया जा सकेगा। वहीं पड़ोसी मामले में बरी हुए आजम खान के भाई शरीफ अहमद खान ने कहा कि जज ने बेहतरीन फैसला किया। जज डा विजय कुमार ने उनकी उम्र और चलने में भी परेशानी को देखते हुए फौरन केस डिसमिस कर दिया। जज ने माना कि वह उम्र के कारण तीसरी मंजिल पर चढ़कर किसी के साथ मारपीट नहीं कर सकते। शरीफ अहमद खान ने कहा कि आजम खान पर चल रहे मामलों के बारे में कहा कि वो सब सियासी मामले हैं। आज किसी की है तो कल किसी और की होगी। वहीं राजनीति का न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप होने के प्रश्न पर कमेंट करने से बचते नजर आए। गौरतलब है कि आजम खान, बेटे अब्दुल्ला आजम, पत्नी डा तजीन फातिमा को बेटे के दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सात सात साल की सजा हुई है। वहीं आजम खान, बेटे अब्दुल्ला आजम, भाई शरीफ अहमद खान और भतीजे बिलाल खान पर पड़ोसी ने जानलेवा हमला करने का मुकदमा लिखाया था।

### संपूर्ण भारत को...

के बलिदान व भावनाओं की सिद्धि है। पहले लोग अपने आप को हिंदू और भारतीय बोलने में संकोच करते थे। आज हर व्यक्ति सनातन और भारतीयता के प्रति सम्मान का भाव रखता है। वर्ष 2024 भारत के इतिहास में सबसे बड़े ग्रैंड इवेंट के लिए जाना जाएगा। साथ ही उत्तर प्रदेश न सिर्फ महा उत्सवों के प्रदेश के रूप में उभरेगा, बल्कि पूरी तरह राममय दिखेगा। राम मंदिर पूर्वजों के बलिदान और भावनाओं की सिद्धि है। जब रामलला अपने मूल गर्भगृह में विराजमान होने जा रहे हैं, तब एक नए भारत का दर्शन होगा। वहीं श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या आतिथ्य सत्कार का एक आदर्श प्रस्तुत करेगा। अयोध्या उत्सव में लोक में राम विषय पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक दिन शाम पांच बजे रंगारंग सांस्कृतिक मंच पर लोक कलाकार प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान और उनका गुणगान करेंगे। भक्ति-भाव से परिपूर्ण अपनी प्रस्तुति से रामभक्तों को रिझाएंगे भी।

### कर्नाटक में अभी...

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार इस तरह का बयान दे रही है क्योंकि पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद उसे एहसास हो गया है कि वह अगला लोकसभा चुनाव नहीं जीत रही है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पूरी तरह से उम्मीद खो चुकी है। उन्होंने कहा, इसलिये कर्नाटक में कांग्रेस सरकार स्कूलों और कॉलेजों में हिजाब की अनुमति देने के इस स्तर तक गिर गयी है। श्री विजयेंद्र ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय से किसी ने भी शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने की मांग नहीं की। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री का बयान साफ तौर पर घोर लापरवाही का परिचायक है। उन्होंने कहा, आप पूरे राज्य के मुख्यमंत्री हैं, किसी एक धर्म या समुदाय के नहीं। अदालतों द्वारा इस मुद्दे पर चिंता जताये जाने के बावजूद सिद्दारमैया का बयान वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है।

### अमेरिका में हिंदू मंदिर...

स्थानीय प्रशासन को तुरंत सूचित किया गया। नेवार्क पुलिस विभाग के एक कप्तान जोनाथन अर्गुएलो ने कहा कि चित्रों के आधार पर, हमारा मानना है कि यह एक टारगेटेड एक्ट था, और इसकी पूरी गहनता से जांच की जाएगी। मैं आपको यह भी बता सकता हूं कि नेवार्क पुलिस विभाग और नेवार्क समुदाय के सदस्य के रूप में, हमें गहरा दुख होता है, जब इस तरह की हरकतें होती हैं और हमें लगता है कि वे संवेदनहीन हैं और उनके लिए कोई जगह नहीं है।'' बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब किसी हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है, इससे पहले भी अमेरिका और उसके पड़ोसी कनाडा दोनों जगह इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके अलावा, खालिस्तान मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच संबंधों में भी दरार चल रही है। सैनफ्रांसिस्को स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ''हम कैलिफोर्निया के नेवार्क में एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से विरूपित करने की कड़ी निंदा करते हैं। इस घटना से भारतीय समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। हमने इस मामले में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा त्वरित जांच और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए दबाव डाला है। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने भी इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया है। विहिप के प्रवक्ता विनोद बंसल ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा,'' कैलिफोर्निया के नेवार्क में एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से विरूपित करने की अत्यधिक निंदा की जाती है। इससे भारत की धार्मिक और देशभक्ति की भावना को ठेस पहुंची है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा उपद्रवियों और आतंक समर्थकों के खिलाफ त्वरित जांच और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।''

# मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर भाजपा नई टिहरी मंडल की हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई टिहरी। भाजपा नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली की अध्यक्षता में आगामी 26 दिसंबर को नई टिहरी में प्रस्तावित सीएम पुष्कर सिंह धामी के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आहूत की। इसमें पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारियां सौंपकर भारी भीड़ जुटाने की अपील की गई। शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय नई टिहरी में भाजपा नई टिहरी मंडल की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के निर्देश पर आहूत की गई। बैठक में नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा सामने रखी। उन्होंने कहा कि सीएम के कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपने समर्थकों के साथ तत्परता से प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान सभी क्षेत्र के लोगों के बैठने से लेकर उनके नियत स्थान तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता पूरी तत्परता से जुटेंगे। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को सीएम के आगमन पर कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी तत्परता से प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम की घोषणाओं की जानकारी व जिले में हो रहे विकास कामों को लेकर भी जनता से सीधे जुड़ने का काम करेंगे। सीएम को आम जनता के सम्बोधन और रोड शो कार्यक्रमों में व्यवस्था बनाने के लिए आम लोगों के साथ पूरे सहयोग के साथ पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहयोग कर कार्यक्रम में हर व्यक्ति की सहभागिता को सुनिश्चित करेंगे। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री उदय रावत व राजेंद्र जुयाल, खेम सिंह चौहान, गोविंद रावत, अनुसूया नौटियाल, विजय कठैत, जयेंद्र सिंह पंवार, उर्मिला राणा, लीला मखलोगा, लक्ष्मी रावत, विनीत, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तौफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

## सीएम के आगमन पर भाजपा जुटाएगी भारी जन समुदाय : गोपी राम

### सीएम के सामने रखेंगे नगर की समस्याएं

नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने बताया कि आगामी 26 दिसंबर को प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी का जिला मुख्यालय में आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान नई टिहरी मंडल की ओर से सीएम के समक्ष नई टिहरी नगर की समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा जायेगा। इसमें सीएम से मांग की जायेगी कि नई टिहरी शहर के भवन स्वामियों को अतिरिक्त भूमि का मालिकाना हक दिया जाय। टीन शेड एवं निर्बल आवास ढुंगीधार बस्तियों का मालिकाना हक दिया जाये। कोटी से नई टिहरी रोपवे निर्माण किया जाय।

# डॉ. अरविंद इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। अधिवक्ता डॉ अरविंद कुमार श्रीवास्तव की पुस्तक दंगे का ऑनलाइन गोष्ठी के माध्यम से विमोचन किया गया है। सुपर पॉवर ऑथर व अध्ययन बुक्स प्रकाशन के संयुक्त विमोचन प्रसिद्ध एंकर स्मृति आनंद शर्मा ने किया। दंगे पुस्तक के लेखक अरविंद श्रीवास्तव करीब 23 वर्षों में वकालत के पेशे से जुड़े हुए हैं। उनके कानूनी व सामाजिक सामाजिक मुद्दों पर लिखी गई तीन पुस्तकों का पूर्व में प्रकाशन हो चुका है, जिसमें बताया गया कि किस तरह डॉक्टर अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने तीन तलाक से पीड़ित महिलाओं के लिए गए साक्षात्कार इंडिया पॉलिसी फाउंडेशन में प्रकाशित पुस्तक मैं भी नारी हूं, में शामिल किया। इसके अलावा डॉ. श्रीवास्तव ने बलात्कार जैसी सामाजिक बुराई पर पुस्तक मैं निर्भया हूं..? लिखी। इस पुस्तक के लिए लिए उन्हें उकियूतो प्रकाशन हाउस ने बेस्ट संकलन से नवाजा था। वहीं, हां! मैं विवादित हूं...? पुस्तक के लिए भी उन्हें साहित्य रत्न पुरस्कार व डॉक्टरेट की मानव उपाधि से सम्मानित किया गया है।

डॉ. श्रीवास्तव शोषित व निर्धन महिलाओं को उनके न्यायिक व सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए अपना रूल एंड लॉ जस्टिस सोसायटी के गठन किया हुआ है। कई महिलाओं व पुरुषों को न्याय दिलाने का कार्य निरंतर जारी है। श्रीवास्तव की इस पुस्तक को ऑनलाइन गोष्ठी के माध्यम से विमोचन कर ग्लोबल तकनीकी के जरिये अधिक से अधिक लोगों को जानकारी दी। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सचिव अनुराग चौधरी, केके सैनी, कुलवंत सिंह चौहान, अविनाश शर्मा, विनय शर्मा, योगमाया कश्यप, सतीश पवार कई वकीलों ने उन्हें बधाई दी।

# संक्षिप्त समाचार

## उधारी ना चुकाने पर छह माह की कैद

हरिद्वार। चेक बाउंस के मामले न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजु ने आरोपित युवक को दोषी दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उसे छह माह के साधारण कारावास व दो लाख 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की धनराशि में से दो लाख 40 हजार रुपये शिकायतकर्ता को व 10 हजार रुपये सरकारी खाते में जमा करने के आदेश दिए हैं। अधिवक्ता अजय चौहान ने बताया कि ग्राम अहमदपुर ग्रांट बहादराबाद निवासी शिकायतकर्ता प्रदीप पुत्र जयप्रकाश ने आरोपी विजयपाल पुत्र संतुराम निवासी ग्राम डेरा घोलुवाला अहमदपुर ग्रंट बहादराबाद के खिलाफ चेक बाउंस का केस दर्ज कराया था। बताया था कि आरोपित विजयपाल से अच्छी जान पहचान थी, जिसके के आधार पर फरवरी 2019 में आरोपित ने अपने निजी कार्य के लिए उससे दो लाख रुपये चार माह के लिए उधार लिए थे। उधार राशि की अदायगी की एवज में एक चेक उसे दिया था। आरोपित ने उसे विश्वास दिलाया था कि चेक में वर्णित धनराशि का भुगतान उसे बैंक से प्राप्त हो जाएगा, लेकिन बैंक कर्मचारी ने चैक को खाते में अपर्याप्त निधि होने की टिप्पणी के साथ शिकायतकर्ता को लौटा दिया था। शिकायतकर्ता ने आरोपित से अपनी रकम की मांग की, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया था। जिस पर शिकायतकर्ता ने एक नोटिस भिजवाया। नोटिस के बाद भी आरोपित ने रकम नहीं लौटायी थी। यही नहीं, आरोपित ने नोटिस मिलने के बाद शिकायतकर्ता को संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया था। शिकायतकर्ता ने कोर्ट की शरण ली थी। शिकायत पक्ष की ओर से तीन गवाह पेश किए गए। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपित को छह माह की सजा सुनाई।

## बीएड की दूसरे चरण की काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू

नैनीताल। कुमाऊं विवि ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के बीएड पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु प्रथम चरण की काउंसिलिंग के उपरांत रिक्त सीटों पर परिसर, महाविद्यायलय व संस्थानों के वरीयता सूची के आधार पर विवि की वेबसाइट के माध्यम से द्वितीय चरण की काउंसिलिंग की घोषणा कर दी है। कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिये आगामी 30 दिसंबर तक ऑनलाइन माध्यम से शुल्क जमा व वरीयता का चयन कर सकते हैं। पहले चरण की काउंसिलिंग के लिये शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थियों को दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिये शुल्क नहीं जमा करना होगा। अधिक जानकारी विवि की आधिकारिक वेबसाइट से ली जा सकती है।

## कुमाऊं विवि ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

नैनीताल। कुमाऊं विवि ने शनिवार को परीक्षा सत्र 2023 में पंजीकृत विद्यार्थियों की बीएससी कृषि व एमएसडब्लू के द्वितीय सेमेस्टर तथा बीए एलएलबी के छठे सेमेस्टर की व्यवसायिक परीक्षाओं के पंजीकृत परीक्षार्थियों के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विवि के परीक्षा नियंत्रक की ओर से बताया गया है कि परीक्षा परिणाम विवि की आधिकारिक वेबसाइट केयूएनटीएल डॉट नेट पर लॉग इन करके अथवा अपने परिसर या महाविद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## 3 महिलाओं की मौत के बाद आखिर एक गुलदार पिंजरे में फंसा, अभी आदमखोर होने की पुष्टि नहीं

नैनीताल। भीमताल विकास खंड क्षेत्र में पिछले दिनों 10 दिनों के भीतर हिंसक वन्य जीव ने एक 18 वर्षीय किशोरी सहित तीन महिलाओं को मार डाला था। इन घटनाओं के बाद प्रभावित क्षेत्र में 12 पिंजरे और 70 कैमरे लगाये गये थे। इन्हीं में से एक, बड़ौन रेंज के दुदुली ग्राम सभा के पास लगाये गये पिंजरे में शनिवार को एक गुलदार फंस गया है। अलबत्ता वन विभाग इस मामले में अभी यह पुष्टि करने को तैयार नहीं है कि फंसा गुलदार क्षेत्र में हुई तीन महिलाओं को शिकार बनाने वाला हिंसक वन्य जीव है अथवा नहीं। प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी एवं क्षेत्रीय वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि पिंजरे में फंसे गुलदार को नियमानुसार रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर और उसके डीएनए नमूनों को भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून भेजा जा रहा है। भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून ही इसके नरभक्षी होने एवं इसकी उम्र आदि के बारे में विश्लेषण कर कोई पुष्टि कर पाएगा। इसके साथ ही डीएफओ जोशी ने कहा कि वन विभाग की क्षेत्र में सतर्कता आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से अपील की है कि अभी भी वन क्षेत्र में जाने पर सावधानी व सतर्कता बरतें और इस संबंध में कोई भी जानकारी मिलने पर वन विभाग को सूचित करें। उल्लेखनीय है कि पूर्व में वन विभाग ने गुलदार को नरभक्षी घोषित करते हुए मारने के आदेश दिए थे, जिसके बाद उच्च न्यायालय ने स्वत संज्ञान लेकर उसे सीधे मारने से मना कर दिया था और पहले उसे चिन्हित कर बेहोश कर पकड़ने को कहा था। इस पर वन विभाग ने हिंसक वन्यजीव को पकड़ने के लिए इसके अलावा कई गश्ती दल और ड्रोन कैमरों को हिंसक वन्यजीव की निगरानी के लिये लगाया। डीएफओ जोशी ने बताया कि इनमें से कुछ कैमरों में भी वन्य जीव देखे गये हैं।

## शासन ने किये आइपीएस अधिकारियों के प्रमोशन

देहरादून। राजधानी देहरादून स्थित सचिवालय में मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू की अध्यक्षता में आईपीएस अधिकारियों की डीपीसी की गई। इसके जरिए राज्य के कई पुलिस अधिकारियों की पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। जिन भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की डीपीसी हुई है, उनमें चार अधिकारी ऐसे हैं, जो डीआईजी पद से आईजी पद के लिए पदोन्नत हुए हैं। इसमें पुलिस उपमहानिरीक्षक स्वीटी अग्रवाल, अरुण मोहन जोशी, अनंत शंकर ताकवाले और राजीव स्वरूप शामिल हैं। इन सभी को 1 जनवरी 2024 से पुलिस महानिरीक्षक पद पर पदोन्नति दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इनमें से स्वीटी अग्रवाल फिलहाल प्रतिनियुक्ति पर गई हुई हैं। इनके अलावा पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में वर्ष 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी सुखबीर सिंह भी शामिल हैं, जिन्हें 1 जनवरी 2024 से पुलिस उपमहानिरीक्षक यानी डीआईजी के पद पर पदोन्नति दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

# स्वामी श्रद्धानन्द ने अपना सर्वस्व समर्पित करके राष्ट्र को दिशा दी है: स्वामी आर्यवेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द के 97वें बलिदान दिवस पर महर्षि स्वामी देव दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में गुरुकुल सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश एवं विश्वविद्यालय के संरक्षक, बागपत सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने कुलपति का आरोहण किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वामी श्रद्धानन्द की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को संकल्प बनाकर कार्य करने का संकल्प दिलवाया। गुरुकुल कांगड़ी विद्यालय के अधिकारी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर वर्ग तथा जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा हरिद्वार के पदाधिकारियों ने सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश के साथ स्वामी श्रद्धानन्द चौक पर स्वामी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द ने अपना सर्वस्व समर्पित करके राष्ट्र को जो दिशा दी। आज पुनः उस पर चलने की आवश्यकता है। गुरुकुल कांगड़ी विद्यालय से शोभायात्रा प्रारंभ होकर अमन चौक छोटा परिवार श्रद्धानन्द द्वार होती हुई सिंहद्वार स्थिति स्वामी श्रद्धानन्द की प्रतिमा पर पहुंची तथा श्रद्धांजलि के रूप में परिवर्तित हुई। स्वामी आदित्यवेश ने स्वामी श्रद्धानन्द को भारत रत्न देने की मांग की। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने स्वामी श्रद्धानन्द के राष्ट्रीय स्वरूप पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी अतिथियों का शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के संरक्षक, बागपत सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह ने स्वामी श्रद्धानन्द के प्रारम्भिक जीवन से लेकर महात्मा मुंशीराम एवं स्वामी श्रद्धानन्द बनने तक की जीवन यात्रा को रोचक एवं सारगर्भित रूप में वाचित किया। उन्होंने कहा कि जिस लार्ड मैकाले की शिक्षा के विरुद्ध स्वामी श्रद्धानन्द ने गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का बिगुल बजाया था आज उसकी प्रासंगिकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल मेरे जीवन को इस रूप में बदलने का श्रेय अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द के जीवन को जाता है। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता मुख्याधिष्ठाता डा. दीनानाथ शर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द का यह तपोवन हमें त्याग एवं बलिदान की याद दिलाता है। स्वामी श्रद्धानन्द ने अपना सर्वस्व समर्पित करके यह स्थान बनाया था। हमें सदैव इसकी रक्षा करनी चाहिए और उनके पथ पर चलना चाहिए, यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गुरुकुल के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द के बलिदान पर्व पर आयोजित महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित वेद विज्ञान एवं संस्कृति महाकुम्भ का परिचय देते हुए कहा कि ऋषि दयानन्द इस युग के अद्वितीय व्यक्तित्व है। इस अवसर पर फार्मेसी के व्यवसाध्यक्ष डॉ. सेमवाल, गुरुकुल के प्रधानाचार्य डॉ. विजेन्द्र शास्त्री, गुरुकुल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर तथा गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी के सभी कर्मचारी एवं विद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

## झोपड़ी में लगाई थी आग, तमंचे से समेत आरोपित गिरफ्तार

हरिद्वार। झोपड़ी में आग लगाने के बाद पीड़ितों को डराने के लिए फायर कर दहशत फैलाने के आरोपित को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने आरोपित के पास से एक तमंचा भी बरामद किया है। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्राम गढ़मीरपुर निवासी नरेश कुमार पुत्र स्व. हरि सिंह ने 20 दिसम्बर को पुलिस को तहरीर देकर अपने ही गांव के निवासी मनोज उर्फ मन्धु पुत्र चरण सिंह पर उनके साथ गाली गलौच कर उनकी झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आग लगने से वहां रखा उनका सामान चारा काटने की मोटर मशीन, साइकिल, पत्थर काटने की मशीन, रजाई गद्दे, चारपाई अनाज जलकर नष्ट हो। साथ ही आरोपित ने पीड़ित को देखकर फायर करते हुए धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर आरोपित मधूसूदन उर्फ मनोज 24 वर्ष को गढ़मीरपुर तिराहा पथरी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# वेदों को अधिक से अधिक लोगों तक ले जाना गुरुकुल की जिम्मेदारी : जगदीप धनखड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वेद भारत की सांस्कृतिक धरोहर हैं और वेदों के ज्ञान को आम जनमानस तक ले जाना होगा। गुरुकुल विश्वविद्यालय की पुण्य भूमि इस कार्य के लिए उपयुक्त है। बतौर अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ये बातें शनिवार को त्रिदिवसीय वेद-विज्ञान, संस्कृति महाकुम्भ और अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि संस्कृति विरोधी ताकतों पर प्रतिघात होना चाहिए। भारत की गौरवशाली संस्कृति है और इसके वैभव से समस्त विश्व परिचित रहा है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय दर्शन और वैदिक ज्ञान का पुरातन और प्रतिष्ठित केंद्र रहा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि इस महाकुम्भ के मंथन की गूंज देश के सभी विश्वविद्यालयों तक जाएगी। विशिष्ट अतिथि और उत्तराखंड के राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह ने कहा कि वेदों से हमें आत्म ज्ञान मिलता है और युवा शक्ति को आत्म मूल्य को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा पद्धति और वैदिक ज्ञान-विज्ञान ने चरित्र निर्माण का कार्य किया है। वर्तमान में वैदिक ज्ञान को आधुनिक ज्ञान और तकनीकी के साथ समेकित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संत, सैनिक,सिख और शिक्षक एक की श्रेणी के होते हैं जो राष्ट्र के उन्नयन में अपना योगदान देते हैं। अति विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय राष्ट्र की धरोहर है।

# दिल्ली में नाले से बरामद कंकाल उप्र पुलिस की सब-इंस्पेक्टर मोनिका का ही, डीएनए की रिपोर्ट से हुआ साफ

नई दिल्ली। उत्तरी जिले के बुराड़ी थाना इलाके के नाले से बरामद किया गया कंकाल उप्र पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर मोनिका यादव का निकला है। मोनिका पहले दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थीं। उप्र पुलिस में सब इंस्पेक्टर की जॉब मिलने के बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस की नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थीं। अपराध शाखा को मिली डीएनए प्रोफाइलिंग की रिपोर्ट से यह साफ हुआ है कि बरामद कंकाल मोनिका यादव का ही था, जिसके डीएनए का मिलान उनकी मां से हो गया। दिल्ली पुलिस ने लोधी कॉलोनी स्थित सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की स्पेशल फोरेंसिक लैब ( सीएफएसएल ) से मोनिका यादव के कंकाल की डीएनए जांच कराई गई थी। पुलिस ने सैंपल के लिए मोनिका यादव की मां का डीएनए भेजा था।

पुलिस के अनुसार मोनिका यादव की मां का डीएनए सैंपल मिलान के लिए विशेष तरह का डीएनए जांच माइटोकॉनड्रिया कराया गया था। पुलिस को दो दिन पहले रिपोर्ट मिल गई है। पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार आरोपित सुरेंद सिंह राणा और उसके साले की आवाज के सैंपल भी ले लिए हैं। पुलिस मोनिका के जीजा के भी आवाज का सैंपल लेगी, क्योंकि आरोपित सुरेंद्र सिंह राणा ने मोनिका के जीजा से भी बात की थी। उल्लेखनीय है की दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल रहीं और उप्र पुलिस की सब इंस्पेक्टर मोनिका यादव की दिल्ली पुलिस में तैनात रहे उनके सहयोगी सुरेंद्र सिंह राणा ने दो साल पहले हत्या कर दी थी। आरोपित मोनिका के परिवार को धोखे में रखकर यह बताता रहा कि मोनिका जिंदा है। अपराध शाखा की टीम ने इस मामले का खुलासा करते हुए इसी साल दो

## गुरुकुल आयुर्वेद कॉलेज में हुआ प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन का शुभारंभ

हरिद्वार। अष्टांग योगालय फाउंडेशन और उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन का शुभारंभ योग स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सहयोग से गुरुकुल आयुर्वेद कॉलेज के सभागार में प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष डॉ. ईश्वर भारद्वाज ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। अष्टांग योगालय फाउंडेशन के संस्थापक एवं कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष अर्पण शर्मा ने बताया कि योग का यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विद्यार्थियों को शोध क्षेत्र में आगे बढ़ाने में बहुत सहयोग करेगा। भविष्य में हरिद्वार में अनुसंधान केंद्र खोला जाएगा जो विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को शोध में आगे बढ़ाएगा। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन विद्यार्थियों और एवं शोधार्थियों के लिए बहुत आवश्यक है।

# एनडीएमसी ने रोज़ गार्डन में दो दिवसीय अखिल भारतीय शीतकालीन गुलाब प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष अमित यादव ने शनिवार को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में भारत-अफ्रीका मैत्री रोज़ गार्डन में 'द रोज़ सोसाइटी ऑफ़ इंडिया' के सहयोग से एनडीएमसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय शीतकालीन गुलाब प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

रोज़ शो में 25 श्रेणियों में 85 ग्रुप के माध्यम से गुलाब की 70 किस्मों को प्रदर्शित किया गया है। देशभर से लगभग 200 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर गुलाब की थीम पर 'ऑन ऽ स्पॉट ऽ पेंटिंग' प्रतियोगिता में 50 से अधिक बच्चों ने भी भाग लिया। एनडीएमसी अध्यक्ष ने सर्वश्रेष्ठ निर्णायक पेंटिंग के विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप - प्रमाण पत्र और ट्राफियां प्रदान कीं।

अमित यादव ने कहा कि गुलाब की खेती उन लोगों का जुनून है, जो अपने जीवन दशकों को विभिन्न प्रकार के गुलाबों की खेती में समर्पित करते हैं। वे आम जनता के लिए विभिन्न प्रकार के गुलाबों की खेती करने के लिए प्रकृति के बहुत करीब हैं। यह प्रदर्शनी उनके लंबे समय के प्रयासों का परिणाम है और दुनिया के गुलाब विकसित करने के आंदोलन का एक हिस्सा है।

एनडीएमसी के अनुसार नई दिल्ली के रोज़ शो में लगभग 10 संगठन/संस्थाएं भाग ले रहे हैं। पूरे शो/प्रतियोगिता को 22 वर्गों और 200 से अधिक अनुभागों/उपखंडों में विभाजित किया गया है, जिसमें विभिन्न रंगों के गुलाबों की असीमित विविधता प्रदर्शित की जा रही है।

यहां प्रदर्शित गुलाबों को बर्तन में उगाए गए गुलाब, विभिन्न वर्गों जैसे मानक, फ्लोरिबुंडा, लघु जैसे गुलाबी, लाल, खुबानी, नीला, पीला, नारंगी, काला, हरा, द्वि-रंग, स्ट्रिप्स, मिश्रित सुगंध और कई अन्य के रूप में प्रदर्शित किया जा रहा है। रोज़ शो में प्लांटर, कटे हुए फूल, मूल्यवर्धित गुलाब उत्पाद और कलात्मक गुलदस्ते, बटन होल, मालाएं, गजरें आदि भी यहां प्रदर्शित किए गए हैं। ग्रीनहाउस में उगाए गए गुलाब और मिट्टी रहित गुलाब के विशेष आकर्षण भी प्रदर्शित किए गए। वहीं आम जनता के लिए यह गुलाब प्रदर्शनी 24 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक खुली रहेगी ।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063